https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD

FIRST INDIA

दैनिक हिंदी अखबार

# सच बेधड़क

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

Scan to Subscribe

वर्ष: 5 | अंक: 28 | जयपुर, मंगलवार, 06 जनवरी, 2026 | माघ, कृष्ण पक्ष तृतीया, विसं 2082 | पृष्ठ: 12 | मूल्य: 3.00

## जरूरी खबर

### विधानसभा का बजट सत्र 28 से होगा शुरू



**जयपुर।** सोलहवीं राजस्थान विधानसभा का पंचम अधिवेशन 28 जनवरी से शुरू होगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सत्र बुलाने की अधिसूचना जारी कर दी है और सभी विधायकों को सूचना भेज दी गई है। सत्र की शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी, जिसमें सरकार की नीतियों और योजनाओं का उल्लेख किया जाएगा। यह अधिवेशन बजट सत्र होगा, जिसमें राज्य सरकार का वार्षिक बजट सदन में पेश किया जाएगा। सत्र लगभग एक महीने तक चलने की संभावना है। इस दौरान प्रश्नकाल, ध्यानाकर्षण, विशेष उल्लेख और स्थगन प्रस्तावों के माध्यम से विकास, जनकल्याण और जनहित के मुद्दों पर चर्चा होगी। सत्र के सुचारू संचालन के लिए सर्वदलीय बैठक भी बुलाई जाएगी।

### अमेरिकी उपराष्ट्रपति के घर पर हमला, एक गिरफ्तार

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के ओहियो राज्य के सिनसिनाटी स्थित आवास पर हमला किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमले में घर की खिड़कियां टूट गईं। घटना रविवार रात करीब 12:15 बजे की बताई जा रही है। पुलिस ने मौके से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। घटना के समय वेंस और उनका परिवार घर पर मौजूद नहीं था। जांच एजेंसियां पता लगाने में जुटी हैं कि हमला उपराष्ट्रपति को निशाना बनाकर किया गया या इसके पीछे कोई अन्य कारण था।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 95711 98777
पर सम्पर्क कर
अपना पता नोट करवाएं।

**मौसम: कोटा में सबसे ठंडा दिन, जयपुर में सीजन की सबसे सर्द रात... पारा 6.8 डिग्री सेल्सियस पर आया**

# शीतलहर का कहर: राजस्थान ठिठुरा, स्कूलों में छुट्टियों का ऐलान

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में कड़ाके की सर्दी और शीतलहर ने आमजन का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। प्रदेश के कई हिस्सों में घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने राज्य के अनेक जिलों में शीतलहर और घने कोहरे को लेकर चेतावनी जारी की है। बीते 24 घंटों में अधिकांश जिलों में दिन का तापमान सामान्य से 2 से 8 डिग्री सेल्सियस तक नीचे रहा। कड़ाके की सर्दी को देखते हुए प्रदेश के एक दर्जन से



*जयपुर में जमी ओस की बूंदें।*

अधिक जिलों में स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है, जिससे बच्चों को राहत मिली है। कोटा प्रदेश का सबसे ठंडा शहर रहा, जहां दिन का अधिकतम तापमान मात्र 13.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 8.8 डिग्री कम है। वहीं न्यूनतम तापमान के मामले में वनस्थली सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां पारा गिरकर 4.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री, दौसा, श्रीगंगानगर और सिरोही में 5.4 डिग्री, सीकर में 5.5 डिग्री व जयपुर में न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जयपुर में रविवार को सीजन की सबसे सर्द रात रही। अधिकतम तापमान 14.8 डिग्री रहा।

### कोहरे के कारण दृश्यता घटकर मात्र 10 मीटर रही

सुबह के समय प्रदेश के कई इलाकों में घना कोहरा देखने को मिला। कुछ स्थानों पर दृश्यता घटकर मात्र 10 मीटर तक रह गई, जिससे सड़क यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। वाहन चालकों को धीमी गति से वाहन चलाने पड़े। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले 2 से 3 दिनों तक सुबह घना कोहरा और शीतलहर का प्रकोप रह सकता है।



फोटो: पंकज शर्मा

### विद्यालय अवकाश

| जिला | कक्षाएं | अवकाश की अवधि |
|---|---|---|
| जयपुर | कक्षा 1-5 | 10 जनवरी तक |
| जयपुर | कक्षा 6-8 | 8 जनवरी तक |
| बारां | कक्षा 1-8 | 6-7 जनवरी तक |
| बूंदी | कक्षा 1-8 | 6-7 जनवरी तक |
| हनुमानगढ़ | कक्षा 1-8 | 10 जनवरी तक |
| डूंगरपुर | कक्षा 1-5 | 6-8 जनवरी तक |
| सीकर | कक्षा 1-8 | 6-10 जनवरी तक |
| कोटा | आंगनबाड़ी | 6-14 जनवरी तक |
| अजमेर | कक्षा 1–5 | 7 जनवरी तक |
| टोंक | प्री-प्राइमरी–8वीं | 6-8 जनवरी तक |

**नोट:** अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए है। शिक्षक एवं स्टाफ निर्धारित समय पर उपस्थित रहेंगे तथा परीक्षाएं यथावत रहेंगी।

**डिजिफेस्ट समिट में एमपी के CM मोहन यादव ने कहा...**

# राजस्थान पाक नहीं, अपना राज्य है... 7% पानी भी देंगे

■ राजस्थान-एमपी का साझा भविष्य, पानी से लेकर निवेश तक बनी सहमति



*राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट को संबोधित करते सीएम मोहन यादव।*



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए।*

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी जयपुर में 4 से 6 जनवरी 2026 तक आयोजित हो रहे राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट-2026 के दूसरे दिन सोमवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिरकत की। समिट में देश-विदेश से हजारों उद्यमी, निवेशक और स्टार्टअप संस्थापक भाग ले रहे हैं। अपने संबोधन में मोहन यादव ने राजस्थान-मध्य प्रदेश के साझा भविष्य, निवेश सहयोग और जल विवाद के समाधान को लेकर अहम संदेश दिया।

सीएम मोहन यादव ने कहा कि यह आयोजन सिर्फ राजस्थान का नहीं, बल्कि राजस्थान और मध्य प्रदेश के साझा विकास का प्रतीक है। उन्होंने दोनों राज्यों के बीच सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और सहयोग पर जोर देते हुए कहा कि राज्यों को एक-दूसरे को गिराने वाली नहीं, बल्कि साथ लेकर चलने वाली प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। उन्होंने राजस्थान के उद्यमियों को मध्य प्रदेश में निवेश का खुला निमंत्रण देते हुए कहा कि एमपी अब सिर्फ कृषि प्रधान राज्य नहीं रहा, बल्कि आईटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्टार्टअप्स का उभरता हुआ केंद्र बन चुका है।

### मध्य प्रदेश को बताया निवेश का नया केंद्र

निवेश संभावनाओं पर मोहन यादव ने कहा कि इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर जैसे शहर कम लागत, बेहतर कनेक्टिविटी और गुणवत्तापूर्ण टैलेंट के कारण आईटी कंपनियों के लिए आदर्श हैं। सरकार आसान नीतियों और बेहतर कारोबारी माहौल के जरिए निवेशकों को आकर्षित कर रही है। उन्होंने 15 जनवरी को भोपाल में होने वाले मध्य प्रदेश एआई इम्पैक्ट समिट में भी सभी को आमंत्रित किया।

### राजस्थानी मुश्किल में भी ढूंढ लेते हैं अवसर

राजस्थान की तारीफ करते हुए मोहन यादव ने कहा कि यहां के लोग मुश्किल हालात में भी अवसर तलाश लेते हैं। उन्होंने मारवाड़ी संस्कृति, राज्य की आस्था और प्राकृतिक जुड़ाव का उल्लेख करते हुए कहा कि राजस्थान चुनौतियों से निकलना जानता है। समिट के सत्र 'डेस्टिनेशन मध्यप्रदेश-इंडिया' नेक्स्ट प्लेटफॉर्म फॉर स्केलेबल टेक एंड इनोवेशन' में राजस्थान के उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राज्य का लक्ष्य नौकरी ढूंढने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनना है। डिजिटल तकनीक के जरिए आत्मनिर्भर राजस्थान का निर्माण किया जाएगा।

### देश का स्वर्णिम युग और मोदी की भूमिका

मोहन यादव ने विक्रमादित्य और महाभारत काल को स्वर्णिम युग बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश फिर से स्वर्णिम युग की ओर बढ़ रहा है। पहले वर्ल्ड बैंक जैसे संस्थान देशों पर कब्जा करने की कोशिश करते थे।

### यादव ने सीएम भजनलाल से की मुलाकात

समिट में आने से पहले मोहन यादव ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से उनके आवास पर मुलाकात की। इसके बाद वे जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर पहुंचे, जहां उनका स्वागत किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस अवसर पर मोहन यादव ने कहा कि एक छोटा दीपक भी अंधेरा दूर कर देता है, ठीक वैसे ही नवाचार और संकल्प समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

जल विवाद पर बड़ा बयान देते हुए मोहन यादव ने पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जल विवाद का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों से दोनों राज्यों के बीच पानी को लेकर विवाद चला आ रहा था। जब उनकी सरकार बनी तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से संवाद हुआ। राजस्थान की पानी और औद्योगिक जरूरतों को समझते हुए मध्य प्रदेश ने 5 प्रतिशत नहीं, बल्कि जरूरत पड़ने पर 7 प्रतिशत पानी देने का फैसला किया।

उन्होंने कहा, 'राजस्थान कोई पाकिस्तान थोड़े ही है, यह हमारा अपना प्रदेश है।' उन्होंने इस विवाद के समाधान का श्रेय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों को देते हुए इसे अंतरराज्यीय सहयोग का बेहतरीन उदाहरण बताया।

**सुप्रीम कोर्ट ने दिया ऐतिहासिक फैसला**

# सरकारी नौकरियों में आरक्षित वर्ग भी जनरल सीट पर चयन का हकदार

■ 'डबल बेनिफिट' की दलील खारिज, मेरिट आधारित ओपन कैटेगरी सभी उम्मीदवारों के लिए खुली



**बेधड़क** | नई दिल्ली

सरकारी नौकरियों में आरक्षण और मेरिट को लेकर लंबे समय से चली आ रही बहस पर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट और निर्णायक रुख अपनाया है। शीर्ष अदालत ने अपने ऐतिहासिक फैसले में कहा है कि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के उम्मीदवार भी जनरल (ओपन) कैटेगरी की सीटों पर चयन के हकदार हैं, यदि वे बिना किसी रियायत के सामान्य श्रेणी की कट ऑफ हासिल करते हैं। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने यह स्पष्ट किया कि जनरल कैटेगरी कोई आरक्षित कोटा नहीं है, बल्कि यह केवल मेरिट के आधार पर सभी उम्मीदवारों के लिए खुली होती है। इसलिए आरक्षित वर्ग के मेधावी उम्मीदवारों को जनरल सीट देने को 'डबल बेनिफिट' नहीं कहा जा सकता।

### राजस्थान हाई कोर्ट का फैसला सही

यह मामला राजस्थान हाई कोर्ट की 2022 की भर्ती प्रक्रिया से जुड़ा था, जिसमें जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट और क्लर्क ग्रेड-II के 2,756 पदों पर भर्ती की गई थी। भर्ती प्रक्रिया के दौरान यह सामने आया कि कई आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के अंक सामान्य श्रेणी की कट ऑफ से अधिक थे, लेकिन उनकी अपनी श्रेणी की कट ऑफ ज्यादा होने के कारण उन्हें शॉर्टलिस्ट नहीं किया गया। राजस्थान हाई कोर्ट ने पहले ही इस प्रक्रिया को गलत ठहराते हुए आदेश दिया था कि पहले जनरल कैटेगरी की मेरिट लिस्ट केवल योग्यता के आधार पर तैयार की जाए, इसके बाद आरक्षित श्रेणियों की सूची बनाई जाए। इसी आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को सही ठहराया और अपील खारिज कर दी।

## शिष्टाचार भेंट...



*पीएम नरेंद्र मोदी से सोमवार को नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान यूपी मंत्रिमंडल विस्तार, एसआईआर अभियान समेत कई मुद्दों पर बातचीत हुई है।*

### पीएम मोदी 11 जनवरी को सोमनाथ मंदिर जाएंगे

**बेधड़क** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के सोमनाथ मंदिर का 11 जनवरी को दौरा करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अवसर पर सोमनाथ में वर्षभर गतिविधियां आयोजित किए जाने की योजना बनाई गई है। आठ से 11 जनवरी तक सोमनाथ में अनेक आध्यात्मिक और सामाजिक गतिविधियां होंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि विदेशी आक्रमणकारियों के कई हमलों के बाद पुनर्निर्मित किया गया यह मंदिर भारतीय सभ्यता की अदम्य भावना का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी सभ्यता की अदम्य भावना का सोमनाथ से बेहतर उदाहरण कोई नहीं हो सकता।

**ट्रंप की चेतावनी से अंतरराष्ट्रीय हलचल: वेनेजुएला, ग्रीनलैंड और UNSC तक मामला पहुंचा**

# रोड्रिग्ज को धमकी... न माने तो हाल मादुरो से भी बुरा होगा

**एजेंसी** | वॉशिंगटन डीसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों और कार्रवाइयों से वैश्विक राजनीति में तनाव और गहरा गया है। ट्रंप ने वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को खुले तौर पर धमकी देते हुए कहा है कि यदि उन्होंने अमेरिका के मुताबिक कदम नहीं उठाए, तो उनका हाल अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो से भी ज्यादा बुरा हो सकता है। यह बयान ट्रंप ने द अटलांटिक मैगजीन को दिए इंटरव्यू में दिया।

उधर, ट्रंप ने एक बार फिर ग्रीनलैंड पर अमेरिका के नियंत्रण की बात दोहराई। ट्रंप की धमकी के बीच डेनमार्क की पीएम मेटे फ्रेडरिक्सेन ने कहा कि ट्रंप धमकिया देना बंद करें।





### रूसी तेल आयात घटाने पर ट्रंप का दावा...

### मोदी ने मुझे खुश करने के लिए लिया फैसला

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत द्वारा रूस से तेल आयात कम किए जाने पर बयान देते हुए कहा है कि यह फैसला उन्हें खुश करने के लिए लिया गया। ट्रंप ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहुत अच्छे इंसान हैं। वे जानते थे कि मैं खुश नहीं था, इसलिए उन्होंने मुझे खुश करने के लिए यह कदम उठाया। ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि भारत-अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंधों में टैरिफ एक रणनीतिक दबाव का माध्यम बने रह सकते हैं। गौरतलब है कि यूक्रेन युद्ध के बाद भारत रूस से तेल खरीदने वाला सबसे बड़ा देश बन गया था। अमेरिकी प्रशासन ने आरोप लगाया था कि रूस से तेल खरीद यूक्रेन पर हमलों को अप्रत्यक्ष रूप से फंड कर रही है, जिसके बाद भारत पर 25% अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया था।

### मादुरो को किया अदालत में पेश

मादुरो को मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े आतंकवाद के आरोपों में सोमवार रात को पहली बार अमेरिकी अदालत में पेश किया गया। कोर्ट में मादुरो ने अपनी चुप्पी तोड़ी और कहा कि उन्हें अमेरिका ने 'किडनैप' किया है। पूर्व राष्ट्रपति ने पहली कोर्ट पेशी में खुद को निर्दोष बताया। इस पूरे घटनाक्रम पर सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) की आपात बैठक हुई, जिसमें मादुरो की हिरासत की वैधता पर चर्चा हुई।

**सुप्रीम कोर्ट ने पंचायत परिसीमन को दी मंजूरी**

# 15 अप्रैल तक चुनाव अनिवार्य

**बेधड़क** | नई दिल्ली/जयपुर

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान में पंचायती राज संस्थाओं के परिसीमन और पुनर्गठन को चुनौती देने वाली विशेष अनुमति याचिका (SLP) को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही राज्य में लंबे समय से लंबित पंचायत चुनावों का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। शीर्ष अदालत ने राजस्थान हाई कोर्ट के उस आदेश की पुष्टि की है, जिसमें 15 अप्रैल 2026 तक पंचायत चुनाव अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए गए थे। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी थी कि परिसीमन के कारण कुछ गांवों को दूरस्थ पंचायतों में शामिल किया गया है, जिससे भौगोलिक कठिनाइयां और सड़क संपर्क की समस्या पैदा होगी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि परिसीमन प्रक्रिया उन्नत चरण में है और इस स्तर पर न्यायिक हस्तक्षेप उचित नहीं होगा। राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया कि परिसीमन पूरा हो चुका है और मतदाता सूचियों का निर्माण जारी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पंचायत चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव हैं और इन्हें अनिश्चितकाल तक टालना संविधान के खिलाफ है। साथ ही, व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए सक्षम प्राधिकारी से प्रतिनिधित्व की छूट दी गई है।

राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट-2026... पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी बोलीं-

# हार से डरें नहीं, आत्मविश्वास से मिलेगी सफलता

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट-2026 का दूसरा दिन जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी), सीतापुरा में उत्साहपूर्ण रहा। समिट के मुख्य हॉल में आयोजित फायरसाइड चैट सत्रों ने दर्शकों को प्रेरित किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग के सत्र विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इन सत्रों में महिला नेतृत्व, उद्यमिता, एआई में समानता, खेल से प्रेरित नेतृत्व और स्टार्टअप संस्कृति जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा हुई।

समिट के दूसरे दिन की शुरुआत पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के फायरसाइड चैट से हुई। सत्र का विषय 'लीडरशिप बियॉन्ड लेबल्सः वीमेन, पावर एंड पब्लिक सर्विस' रहा। टाई ग्लोबल के कन्वीनर महावीर प्रताप शर्मा से संवाद में ईरानी ने महिला नेतृत्व, दृढ़ता, अनुशासन और सामाजिक भागीदारी पर अपने विचार साझा किए। स्मृति ईरानी कहा कि हार ने मेरी किस्मत लिखी है। हर हार ने मुझे आगे बढ़ने की नई दिशा दी। हार या जीत को महिला या पुरुष से नहीं जोड़ा जाना चाहिए, यह मानसिकता का विषय है। सार्वजनिक जीवन में सेवा के अवसर पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी पृष्ठभूमि का व्यक्ति बदलाव ला सकता है। हार से डरें नहीं, आत्मविश्वास और मेहनत से ही सफलता मिलती है।

## 9 करोड़ स्वयं सहायता समूह की महिलाएं कर रही हैं नए भारत की उज्ज्वल तस्वीर पेश



पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी।

ईरानी ने महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं तकनीक, नीति निर्माण, स्टार्टअप और सार्वजनिक क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। भारत में 9 करोड़ स्वयं सहायता समूह की महिलाएं नए भारत की उज्ज्वल तस्वीर पेश कर रही हैं। उनकी पहल का उद्देश्य 1 लाख महिलाओं को सशक्त बनाना, 300 स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना और 100 मिलियन डॉलर से अधिक का फंड जुटाना है। ये प्रयास महिलाओं को अवसर, पूंजी और मेंटरशिप प्रदान कर उद्यमिता इकोसिस्टम को मजबूत करेंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर बोलते हुए ईरानी ने कहा कि एआई एजेंट्स की ट्रेनिंग में ऐसा डेटा शामिल होना चाहिए जो महिला सशक्तीकरण और समान विकास को बढ़ावा दे। तकनीक का उपयोग समाज में बराबरी लाने के लिए होना चाहिए।

### स्मृति ईरानी का शो देश का नंबर-1

अपने कार्यकाल को याद करते हुए उन्होंने टेक्सटाइल मंत्री के रूप में पीपीई किट उत्पादन और टेक्निकल टेक्सटाइल्स को मान्यता दिलाने तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति में योगदान का जिक्र किया। टीवी और ओटीटी पर वापसी के बारे में उन्होंने बताया कि उनका शो देश का नंबर-1 है और वे 49 वर्ष की उम्र में भी नई चुनौतियां स्वीकार कर रही हैं। सत्र के अंत में उन्होंने कहा, 'नोट या डॉलर हाथ की पहचान नहीं करते। आत्मविश्वास, मेहनत और सकारात्मक सोच ही असली नेतृत्व है।'

### जयपुर कॉमिक कॉन का आज अंतिम दिन

समिट में चल रहे जयपुर कॉमिक कॉन का मंगलवार को अंतिम दिन है। यह दिन भी पॉप कल्चर, रचनात्मकता और फैनडम के उत्सव से भरा रहेगा। 6 जनवरी को सुबह 10 बजे से शुरू होने वाले कार्यक्रमों में मारुति सुजुकी एरेना, क्रंचीरोल, रामा और अमर चित्र कथा के विशेष सेशन शामिल हैं। दोपहर में इंडिया क्रिएटर्स जाम, राजस्थान में गेमिंग पर पैनल, संगीत परफॉर्मेंस, इम्प्रूव कॉमेडी, करण सिंह का मैजिक शो, जसप्रीत सिंह का स्टैंड-अप और शाम को कोस्प्ले कॉन्टेस्ट होगा। यह आयोजन भारत की क्रिएटर इकोनॉमी को बढ़ावा देगा और राजस्थान को एनिमेशन-गेमिंग का केंद्र बनाएगा।

## वीरेंद्र सहवाग का सत्र- छोटी रणनीतियों से जीती जा सकती हैं बड़ी चुनौतियां

दूसरे प्रमुख सत्र में पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। महावीर प्रताप शर्मा से बातचीत में सहवाग ने खेल, नेतृत्व, टीमवर्क और स्टार्टअप से जुड़े अनुभव साझा किए। सहवाग ने कहा कि भारत में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें पहचानने, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन देने की है। टीम की सफलता भरोसे, सहयोग और अच्छे नेतृत्व पर निर्भर करती है। कंपनियों को कर्मचारियों का ध्यान रखना चाहिए और आलोचना का जवाब काम से देना चाहिए। उन्होंने कहा, 'बॉस-बॉस होता है, लेकिन कठिन समय में साथ देने पर वह भी मदद करता है। छोटी-छोटी रणनीतियों से बड़ी चुनौतियां जीती जा सकती हैं।'



### IPL ने क्रिकेट का माहौल बदला

आईपीएल के प्रभाव पर बोलते हुए सहवाग ने कहा कि इससे क्रिकेट का माहौल बदला और स्लेजिंग कम हुई। भारत का समय आ गया है, लेकिन टेस्ट और वनडे क्रिकेट मजबूत आधार रहेंगे। भविष्य में टी-10 फॉर्मेट भी आ सकता है। स्टार्टअप पर उन्होंने युवाओं को समझदारी से जोखिम लेने की सलाह दी। स्टार्टअप संस्कृति युवाओं को नवाचार और जोखिम लेना सिखाती है। सहवाग ने क्रिकेट के अलावा हॉकी जैसे खेलों में आर्थिक सुरक्षा की कमी पर चिंता जताई।

## एआई उपयोग में डेटा संप्रभुता जरूरी: देवनानी



'एआई, यूथ एंड रिस्पॉन्सिबल सिटीजनशिप' सत्र में उपस्थित विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी तथा अन्य एआई विशेषज्ञ।

समिट के दौरान सोमवार को 'एआई, यूथ एंड रिस्पॉन्सिबल सिटीजनशिप' सत्र हुआ। इसमें विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, एआई विशेषज्ञ अजय डाटा और एमआईटी प्रोफेसर रमेश रासकर ने हिस्सा लिया। वासुदेव देवनानी ने कहा कि एआई आज समय की जरूरत बन गया है। राजस्थान सरकार इसे अपनाने के लिए दुनिया के साथ कदम मिलाकर चल रही है, लेकिन एआई इस्तेमाल करते समय डेटा की संप्रभुता, नागरिकों की निजता और राष्ट्रीय सुरक्षा का ध्यान रखना जरूरी है। एआई का उपयोग सिर्फ राष्ट्रहित और समाज के विकास के लिए होना चाहिए। देवनानी ने बताया कि राज्य ने स्टार्टअप्स को मजबूत बनाने के लिए नीतियां और सुविधाएं दी हैं। अब स्टार्टअप्स को एआई के सिर्फ उपयोगकर्ता नहीं, बल्कि निर्माता बनना चाहिए। इसके लिए एआई ट्रेनिंग सेंटर और कौशल कार्यक्रम शुरू करने की जरूरत है।

# एमपी के सीएम मोहन यादव और जेके जाजू की हुई विशेष बैठक



जे.के. जाजू वेंचर्स के संस्थापक एवं चेयरमैन जयकृष्ण जाजू, ग्रेविटा इंडिया के चेयरमैन रजत अग्रवाल और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव।

बेधड़क | जयपुर

समिट के दौरान जेके जाजू वेंचर्स के संस्थापक एवं चेयरमैन जेके जाजू और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के बीच एक विशेष बैठक हुई। यह बैठक मध्य प्रदेश सरकार और टाई ग्लोबल की ओर से आयोजित हुई। बैठक में जाजू ने मध्य प्रदेश में कंपनी के मौजूदा और प्रस्तावित निवेशों की जानकारी दी। उन्होंने रियल एस्टेट इकाई शुभाशीष होम्स के इंदौर में हो रहे विस्तार और एयरपोर्ट सेवाओं से जुड़ी बीकेजे एयरपोर्ट्स की प्रगति पर रोशनी डाली। बीकेजे एयरपोर्ट्स ने हाल ही में राज्य के भोपाल और इंदौर सहित कई हवाई अड्डों का संचालन अपने हाथ में लिया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जेके जाजू वेंचर्स के बढ़ते निवेश का स्वागत किया और सराहना की। उन्होंने राज्य में अनुकूल निवेश माहौल बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई तथा शुभाशीष होम्स और बीकेजे एयरपोर्ट्स के विकास के लिए पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया। यह बैठक मध्य प्रदेश के आर्थिक और बुनियादी ढांचे के विकास में कंपनी की भूमिका को मजबूत करती है।

## समिट के अंतिम दिन AI इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस, CM भजनलाल करेंगे शिरकत

समिट के तीसरे और अंतिम दिन मंगलवार को 'राजस्थान रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस-2026' का आयोजन होगा। यह सम्मेलन भारत के 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026' की तैयारियों का अहम हिस्सा है। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद और प्रदेश के आईटी मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ की उपस्थिति में एआई विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। सम्मेलन में राज्य की एआई/एमएल पॉलिसी-2026 लॉन्च होगी और कई एमओयू पर हस्ताक्षर होंगे। शासन में एआई का उपयोग, नैतिक एआई, रोजगार, कौशल पर प्रभाव, राजस्थान के स्टार्टअप इकोसिस्टम, डिजिटल ट्विन्स और वैश्विक-राष्ट्रीय एआई रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा होगी।

### 40 DTO और 10 RTO को जारी किया नोटिस

**जयपुर।** परिवहन विभाग ने वीआईपी थ्री डिजिट नंबरों से जुड़े मामलों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त रुख अपनाया है। विभाग ने उन मामलों में एफआईआर दर्ज नहीं कराने वाले अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लिया है। कुल 40 जिला परिवहन अधिकारियों (डीटीओ) और 10 क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों (आरटीओ) को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### वनपाल सीधी भर्ती के लिए आवेदन आज से

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने 259 पदों पर वनपाल (फॉरेस्टर) की सीधी भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी की है। यह भर्ती सीईटी सीनियर सेकेंडरी स्तर पर आधारित होगी। आवेदन की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो रही है। इच्छुक उम्मीदवार 4 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बोर्ड ने विभिन्न भर्तियों का परीक्षा कैलेंडर भी जारी किया है।

सीएस वी. श्रीनिवास ने शिक्षा संकुल का किया दौरा, दिए निर्देश

# स्कूल शिक्षा में सुपरविजन को 41 जिलों में नियुक्त होंगे अफसर

बेधड़क | जयपुर

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कदम उठाया है। उन्होंने शिक्षा संकुल में सोमवार को शिक्षा विभाग के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। यह बैठक दिल्ली में हुए मुख्य सचिवों के सम्मेलन के बाद की गई है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षा पर निर्देश दिए थे। बैठक में पीएम श्री विद्यालयों को आदर्श बनाने, निगरानी बढ़ाने और अन्य सुधारों पर चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि शिक्षा को परिणाम आधारित बनाएं, ताकि बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो। मुख्य सचिव ने पीएम श्री विद्यालयों को प्रदेश का मॉडल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों के पढ़ाई, प्रशासन और सुविधाओं को इतना अच्छा बनाएं कि दूसरे सरकारी स्कूल भी इन्हें अपनाएं। स्कूल परिसर में उपलब्ध जगह और संसाधनों का पूरा इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए।

पीएम श्री विद्यालयों को प्रदेश का मॉडल बनाने पर दिया जोर

8 मार्च तक सभी स्कूलों में बालिकाओं के लिए शौचालय बनाने के निर्देश



शिक्षा संकुल में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते मुख्य सचिव।

### स्कूल में रात को रुकेंगे अधिकारी

प्रदेश के 41 जिलों में निगरानी को मजबूत करने के लिए संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारियों को तैनात किया जाएगा। ये अधिकारी हर जिले के दो-दो पीएमश्री विद्यालयों का गहन निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान वे स्कूल में रात रुकेंगे और शिक्षकों, छात्रों तथा अभिभावकों से बात करेंगे। इससे स्कूलों की असली स्थिति पता चलेगी। यह काम अगले 15 दिनों में पूरा करना है, उसके बाद समीक्षा बैठक होगी। मुख्य सचिव ने कहा कि पीएम श्री स्कूलों को नजीर बनाकर पूरे प्रदेश में लागू करें। बैठक में पीएम श्री स्कूलों की रैंकिंग, मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान, मिशन स्टार्ट, मिड-डे मील, जिला रैंकिंग, प्रबल कार्यक्रम और विद्या समीक्षा केंद्र पर प्रस्तुतियां दी गईं। शासन सचिव स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल ने विभाग के नए कामों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी जिलों में निरीक्षण कर रिपोर्ट देंगे।

### छोटी कक्षाओं में मातृभाषा से पढ़ाई कराएं

बैठक में बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता पर खास ध्यान दिया गया। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि छोटी कक्षाओं में मातृभाषा से पढ़ाई कराएं, ताकि बच्चे आसानी से समझ सकें। इससे उनकी सीखने की क्षमता मजबूत होगी। अभिभावकों को शिक्षा में जोड़ने पर भी फोकस रहा। अभिभावक-शिक्षक बैठकों में पिताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया। अक्सर सिर्फ मां आती हैं, लेकिन पिता की भूमिका से बच्चे की पढ़ाई में सुधार आएगा। बालिकाओं की सुरक्षा के लिए सभी स्कूलों में सुरक्षित शौचालय बनाने के निर्देश दिए गए। यह काम 8 मार्च, 2026 तक पूरा करना है।

### अवैध खननः 7 दिन में 76 FIR और 17 गिरफ्तारियां हुई

**बेधड़क, जयपुर।** माइंस विभाग की ओर से चलाए गए संयुक्त अभियान के दौरान अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ पिछले सात दिनों में 552 कार्रवाई की गईं। इस दौरान 76 एफआईआर दर्ज की गईं, 17 गिरफ्तारियां हुईं तथा 512 वाहन व उपकरण जब्त किए गए। कार्रवाई के तहत राजकोष में 2 करोड़ 88 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना वसूला गया। चाकसू में गिट्टी के दो डंपर, दौलतपुरा के पास तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली और सामोद के हथनोदा में तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गईं। सभी वाहनों को संबंधित पुलिस थानों को सौंप दिया गया। जयपुर एमई कार्यालय में 65, भीलवाड़ा में 61, अजमेर में 36, पाली में 32, ब्यावर में 28 तथा उदयपुर और टोंक में 23-23 कार्रवाई की गई। प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकांत ने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अधिकारियों को फील्ड में सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। जयपुर टीम ने 65 कार्रवाई के दौरान 2 एक्सकेवेटर और 68 वाहन जब्त कर 50 लाख रुपए वसूले।

मीटर बदलो अभियान से आय में हुआ सुधार

# 9.41 करोड़ से घटकर 16 लाख पर आया नुकसान



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में बिजली वितरण कंपनियों की बड़ी समस्या रहे खराब (डिफेक्टिव) मीटरों को बदलने के अभियान से अब काफी राहत मिली है। पहले इन खराब मीटरों की वजह से उपभोक्ताओं को बिजली बिल में छूट देनी पड़ती थी, जिससे निगम को करोड़ों रुपए का घाटा होता था, लेकिन अब यह घाटा लगभग समाप्त हो चुका है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में जयपुर विद्युत वितरण निगम को खराब मीटरों के कारण 9 करोड़ 41 लाख रुपए की छूट देनी पड़ी थी। अगले वर्ष 2023-24 में यह घटकर 5 करोड़ 41 लाख रुपए रह गया। वर्ष 2024-25 में इसे और कम कर 2 करोड़ 4 लाख रुपए तक लाया गया। अब वित्तीय वर्ष 2025-26 में केवल 16 लाख रुपए का ही नुकसान हुआ है। अधिकारियों के अनुसार आने वाले महीनों में इसे पूरी तरह शून्य कर दिया जाएगा। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि खराब मीटरों की समस्या समाप्त होने से उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा मिलेगी और बिजली वितरण कंपनियों की कार्य क्षमता बढ़ेगी। उन्होंने अजमेर और जोधपुर डिस्कॉम को भी मिशन मोड में कार्य कर जल्द से जल्द खराब मीटर मुक्त होने के निर्देश दिए। इसे उन्होंने बिलिंग में पारदर्शिता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### जयपुर डिस्कॉम बना मिसाल

राजस्थान डिस्कॉम्स की चेयरमैन आरती डोगरा ने बताया कि पिछले एक वर्ष में जयपुर डिस्कॉम के अभियंताओं और फील्ड स्टाफ ने कड़ी मेहनत और समर्पण से गैर कृषि श्रेणी के सभी 18 सर्किलों को खराब मीटर मुक्त बना दिया है। इससे अजमेर और जोधपुर डिस्कॉम को भी प्रेरणा मिली है।

हाई कोर्ट में शनिवार कार्य दिवस के फैसले पर वकीलों का बहिष्कार, सुनवाई बाधित

# मुख्य न्यायाधीश से चर्चा के बाद आंदोलन का फैसला आज

बेधड़क | जयपुर

शीतकालीन अवकाश के बाद सोमवार को राजस्थान हाई कोर्ट का साल-2026 का पहला वर्किंग डे था, लेकिन वकीलों के स्वैच्छिक कार्य बहिष्कार पर चले जाने के कारण अधिकांश मामलों की सुनवाई बाधित रही। जज अदालत में मौजूद रहे। जिन मामलों में पक्षकार स्वयं उपस्थित हुए उनकी सुनवाई हुई, लेकिन अधिकतर मामलों में अगली तारीख दी गई। मामले में मंगलवार को जोधपुर-जयपुर का प्रतिनिधिमंडल जयपुर में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश से मुलाकात कर मांगें रखेगा। इसके आधार पर तय होगा कि आंदोलन जारी रहेगा या नहीं। वकील संगठनों ने सदस्यों से अपील की है कि वे संगठित रूप से आंदोलन में शामिल हों और जयपुर में बातचीत के नतीजों का इंतजार करें। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव सोगरवाल ने कहा कि न्यायिक कार्य पूरी तरह मानसिक मेहनत है। पांच दिन में वकील और जज पूरी तरह थक जाते हैं। शनिवार को आराम जरूरी है। संडे को वकील सोमवार की सुनवाई की तैयारी करता है, इसलिए शनिवार नॉन वर्किंग डे होना चाहिए।



जोधपुर हाई कोर्ट परिसर के डोम एरिया में धरने पर बैठे वकील।

### लंबित मामलों को निपटाने के लिए फैसला

जानकारी अनुसार गत दिनों जैसलमेर में राजस्थान हाई कोर्ट की फुल बैंच बैठक में निर्णय लिया गया था कि जनवरी से हाई कोर्ट हर महीने के दो शनिवार खुला रहेगा। इससे सालभर में 24 दिन ज्यादा काम हो सकेगा। लंबित मामलों को निपटाने में तेजी आएगी। फुल बैंच मीटिंग में माना गया कि अदालतों में लगातार बढ़ रहे मामलों के दबाव को देखते हुए न्यायिक समय का विस्तार जरूरी हो गया है। महीने के दो शनिवार हाई कोर्ट खुलने से लंबित मामलों की संख्या घटेगी, न्यायिक प्रक्रिया अधिक प्रभावी, तेज और समयबद्ध बन सकेगी। इसके बाद 3 जनवरी को वकील संगठनों की संयुक्त बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया था कि वर्ष 2026 में प्रत्येक महीने के दो शनिवार को कार्य दिवस घोषित करने और रात्रिकालीन न्यायालयों के संचालन का विरोध किया जाएगा।

बेधड़क TOON




-शेखर

## जरूरी खबर

### चाइनीज मांझा सप्लायर से 17 चरखे जब्त



**बेधड़क, जयपुर।** मकर संक्रांति से पहले चाइनीज मांझे की अवैध सप्लाई पर सख्ती करते हुए जयपुर कमिश्नरेट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। रामगंज थाना पुलिस ने सोमवार को एक चाइनीज मांझा सप्लायर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 17 चरखे जब्त किए। थानाप्रभारी सुभाष चंद यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मुनव्वर शिकारियों की मोरी, घोड़ा निकास रोड का निवासी है। आरोपी पतंगबाजी के लिए प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेच रहा था। पुलिस उससे चाइनीज मांझे के मुख्य सप्लायर और सप्लाई नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है।

### ज्वेलरी शॉप से महिलाओं ने चुराए 4 लाख के गहने



**बेधड़क, जयपुर।** प्रताप नगर थाना इलाके में ज्वेलरी शॉप से करीब 4 लाख रुपए के गहने चोरी होने का मामला सामने आया है। कस्टमर बनकर आई तीन महिलाओं ने खरीदारी के बहाने दुकानदार को बातों में उलझाया और नजर बचाकर पुराने गहने अपनी साड़ी में छिपा लिए। इस संबंध में प्रताप नगर के सेक्टर-8 निवासी आशीष विजय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में बताया कि सेक्टर-8 में उनकी ज्वेलरी शॉप है। दो दिन पहले तीन महिलाएं कस्टमर बनकर दुकान पर पहुंचीं और बातों में उलझाकर विभिन्न डिजाइन के गहने लेकर फरार हो गई।

### साइबर ठगी का भंडाफोड़, तीन बदमाश गिरफ्तार



**बेधड़क, जयपुर।** महेश नगर इलाके में मारपीट के एक आरोपी को पकड़ने गई बजाज नगर थाना पुलिस को अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगों का एक संगठित गिरोह हाथ लग गया। यह गिरोह ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर पैसा दोगुना करने का झांसा देकर करोड़ों रुपए की ठगी कर रहा था। पुलिस ने गिरोह के तीन बदमाश दिनेश गवरानी, नितिन कुमार और आर्यन सैनी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 18 मोबाइल फोन, 58 एटीएम कार्ड, 4 लैपटॉप, 19 सिम कार्ड, एक सीसीटीवी कैमरा, दो पासबुक और दो चेकबुक बरामद की गई हैं।

**जयपुर में राजस्थान पुलिस का राज्य स्तरीय सम्मेलन 8 से, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे उद्घाटन**

# जयपुर में दो दिन पुलिसिंग रोडमैप पर किया जाएगा मंथन

- डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस के फैसलों पर होगा मंथन
- पुलिस सुधार और सुरक्षा रणनीति पर दो दिन होगी चर्चा



*भजनलाल शर्मा*
*मुख्यमंत्री*



*राजीव कुमार शर्मा*
*डीजीपी*

**शिवेंद्र सिंह परमार | बेधड़क**

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन 8 और 9 जनवरी को जयपुर में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन हाल ही में रायपुर में संपन्न हुई डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस के फॉलोअप के रूप में आयोजित हो रहा है। इसमें लिए गए निर्णयों और रणनीतियों को राज्य स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करने पर गहन मंथन किया जाएगा।

सम्मेलन में पुलिस महानिदेशक से लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर तक के अधिकारी भाग लेंगे। इसके साथ ही प्रदेश की सभी रेंज के पुलिस महानिरीक्षक तथा सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक भी इस अहम बैठक में शामिल होंगे। सम्मेलन का उद्देश्य राजस्थान पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक आधुनिक, तकनीक-सक्षम और जन-केंद्रित बनाना है। इसमें कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने, अपराध नियंत्रण और आंतरिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। सीएम भजनलाल शर्मा 8 जनवरी को सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री पुलिस व्यवस्था को मजबूत करने, कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा आमजन में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाने को लेकर मार्गदर्शन देंगे।

### पुलिस स्टेशनों को मजबूत बनाने पर होगा प्रस्तुतीकरण

सम्मेलन में पुलिस स्टेशनों को अधिक प्रभावी बनाने को लेकर आईपीएस बीजू जोसफ और राशि डोगरा प्रस्तुतीकरण देंगे। इसमें पुलिस थानों की आधारभूत सुविधाओं, मानव संसाधन और कार्यप्रणाली में सुधार से जुड़े विषय शामिल होंगे। पुलिसिंग के दीर्घकालिक रोडमैप पर आईपीएस वी.के. सिंह और प्रफुल्ल कुमार अपने विचार रखेंगे। वहीं काउंटर टेररिज्म पर आयोजित सत्र में आईपीएस दिनेश एम.एन. और राहुल प्रकाश प्रस्तुतीकरण देंगे, जिसमें आंतरिक सुरक्षा और संभावित खतरों से निपटने की रणनीतियों पर मंथन किया जाएगा। महिला सुरक्षा में प्रौद्योगिकी के उपयोग पर आयोजित सत्र में आईपीएस लता मनोज, प्रीति चंद्रा और श्वेता धनकड़ प्रस्तुतीकरण देंगी। इसके अलावा 'जन आंदोलन का मुकाबला-एक पारिस्थितिकी तंत्र दृष्टिकोण की आवश्यकता' विषय पर विशेष सत्र होगा। इसमें आईपीएस आनंद श्रीवास्तव और वी.के. सिंह अपने विचार साझा करेंगे। फोरेंसिक क्षमता के माध्यम से त्वरित और बेहतर अनुसंधान पर आयोजित सत्र में आईपीएस डॉ. प्रशाखा माथुर और डॉ. रवि प्रस्तुतीकरण देंगे। वहीं आपदा प्रबंधन की चुनौतियों और आगे की राह पर आईपीएस रूपिंदर सिंह और जय यादव अपने विचार रखेंगे।

### साइबर क्राइम पर होगा विशेष सत्र

सम्मेलन के पहले दिन 8 जनवरी को आरपीए में कुल 10 विषयगत सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में समकालीन पुलिसिंग की चुनौतियों, नवाचारों और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा होगी। बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए साइबर क्राइम पर एक विशेष सत्र रखा गया है, जिसमें आईपीएस विकास शर्मा और अमित बुढ़ानिया प्रस्तुतीकरण देंगे। इस सत्र में साइबर अपराधों की रोकथाम, त्वरित कार्रवाई और तकनीकी दक्षता बढ़ाने पर फोकस रहेगा।

**महल रोड: आर्मी-डे परेड की रिहर्सल ने जगाया देशभक्ति का जज्बा**

# हाड़ कंपा देने वाली सर्दी में भी जवानों का जोश बुलंद



फोटो: राजेश कुमावत

**बेधड़क | जयपुर**

हाड़ कंपा देने वाली सर्दी के बीच जयपुर के जगतपुरा स्थित महल रोड पर जब सेना के जवान कदमताल करते नजर आते हैं तो ठिठुरन खुद-ब-खुद जोश में बदल जाती है। 15 जनवरी को आयोजित होने वाली आर्मी डे परेड के लिए इन दिनों महल रोड पर लगातार रिहर्सल चल रही है।

सुबह-सुबह घने कोहरे और सर्द हवाओं के बीच जवानों की सटीक कदमताल, अनुशासन और समर्पण लोगों में देशभक्ति का जज्बा भर रहा है। रिहर्सल के दौरान टुकड़ियां पूरे अनुशासन के साथ अभ्यास कर रही हैं, वहीं आधुनिक सैन्य साजो-सामान और जवानों की तैयारियां परेड की भव्यता की झलक दिखा रही हैं। पहली बार सैन्य छावनी से बाहर आयोजित हो रही इस परेड को लेकर आमजन में भी खासा उत्साह है। सड़क किनारे खड़े लोग जवानों का अभ्यास देखते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं।







### स्वदेशी डॉग्स ने किया अभ्यास

सोमवार को प्रैक्टिस के दौरान इंडियन आर्मी में शामिल मुधोल हाउंड, रामपुर हाउंड, चिप्पिपराई, कोम्बई और राजपालयम जैसी स्वदेशी नस्लों के डॉग्स ने परेड अभ्यास किया। चश्मा लगाए मुधोल हाउंड ने खास तौर पर ध्यान खींचा, जिसे उसकी चुस्ती, फुर्ती और आक्रामकता के लिए जाना जाता है।

**JDC सिद्धार्थ महाजन ने ली समीक्षा बैठक**

# लैंड पूलिंग मॉडल समझने के लिए गुजरात जाएंगे JDA अधिकारी



*लैंड पूलिंग योजना की समीक्षा बैठक लेते जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन। साथ में मौजूद अन्य अधिकारी।*

**बेधड़क | जयपुर**

शहर के शिवदासपुरा, बरखेड़ा और चंदलाई क्षेत्र में प्रस्तावित राज्य की पहली लैंड पूलिंग योजना को सफल बनाने के उद्देश्य से जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों का एक दल गुजरात जाएगा। यह दल गुजरात में संचालित लैंड पूलिंग योजनाओं का जमीनी स्तर पर अध्ययन करेगा।

इसके साथ ही गुजरात हाई कोर्ट द्वारा लैंड पूलिंग योजना से जुड़े मामलों के निस्तारण की प्रक्रिया की जानकारी भी एकत्र की जाएगी, ताकि जयपुर की योजना में आने वाली विधिक अड़चनों का समय पर समाधान किया जा सके।

इस संबंध में सोमवार को जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने समीक्षा बैठक ली। इसमें उन्होंने जेडीए के एक उच्चस्तरीय अधिकारी दल को गुजरात के आधिकारिक दौरे पर भेजने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान लैंड पूलिंग योजना के प्रस्तुतीकरण और अब तक की प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें यह स्पष्ट हुआ कि गुजरात मॉडल का अध्ययन करना आवश्यक है।

**अधीनस्थ कर्मचारियों से मिलने पर पाबंदी, CCTV से होगी निगरानी:** जेडीए ने कार्य प्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। अब जोन कार्यालयों में आगंतुकों के अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों से मिलने पर पाबंदी रहेगी। कोई भी आगंतुक अपनी शिकायत या समस्या लेकर केवल जोन उपायुक्त या संबंधित प्रकोष्ठ प्रभारी से ही मिल सकेगा। जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने यह निर्देश अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी जोन कार्यालयों में शीघ्र ही सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इनके माध्यम से कार्यालयों में आने-जाने वाले अवांछित लोगों की निगरानी की जाएगी तथा पहचान होने पर उनके प्रवेश पर रोक लगाई जाएगी।

### किसानों के हितों को सर्वोपरि रख बनाई योजना

गौरतलब है कि राजस्थान लैंड पूलिंग योजना अधिनियम-2016 के तहत विकसित की जा रही इस महत्वाकांक्षी परियोजना का विकास कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। यह प्रदेश की पहली ऐसी योजना है, जिसमें किसानों और खातेदारों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए अधिग्रहण के बदले उन्हें कुल भूमि का 45 प्रतिशत हिस्सा विकसित भूमि के रूप में लौटाने का ऐतिहासिक प्रावधान किया गया है।

**एसआई भर्ती परीक्षा 2021 में फर्जीवाड़ा**

# परीक्षाओं में डमी अभ्यर्थी बैठाने वाला गिरफ्तार

**बेधड़क | जयपुर**

एसओजी ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में डमी अभ्यर्थी बैठाकर अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरी दिलाने के मामले में आरोपी सुनील कुमार विश्नोई को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी सुनील कुमार कई सालों से भर्ती परीक्षाओं में डमी अभ्यर्थी बनकर बैठता रहा है और डमी के जरिए अब तक कई लोगों को सरकारी नौकरी लगवा चुका है।

एसओजी के एडीजी विशाल बंसल ने बताया कि एसआई परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी डालूराम मीणा ने अपने स्थान पर डमी अभ्यर्थी हरसनराम देवासी को परीक्षा में बिठाया था और डमी के जरिए परीक्षा पास कर अंतिम रूप से चयनित हुआ। जांच के दौरान चयनित एसआई डालूराम मीणा, उसकी जगह परीक्षा देने वाले हरसनराम देवासी और अन्य सहयोगी उम्मेद सिंह को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। इनसे पूछताछ के आधार पर सुनील को गिरफ्तार किया है।



*आरोपी सुनील कुमार विश्नोई।*

### सुनील-उम्मेद ने कमाए लाखों रुपए

आरोपी सुनील कुमार कई सालों से भर्ती परीक्षाओं में डमी अभ्यर्थी बनकर बैठता रहा है। डमी बनकर अब तक यह कई लोगों को सरकारी नौकरी लगवा चुका है। सुनील व उम्मेद दोनों अच्छे परिचित हैं। किसी भी अभ्यर्थी की जगह डमी बैठने पर सुनील हिंदी विषय की परीक्षा देता था, क्योंकि वह हिंदी का अच्छा जानकार है, जबकि उम्मेद सामान्य ज्ञान (जीके) का पेपर देता था। इस तरह दोनों एक ही अभ्यर्थी के अलग-अलग पेपरों में डमी बनकर परीक्षा देते थे। दोनों ने इससे लाखों रुपए कमाए हैं।

**नगर निगम का बड़ा एक्शन, जारी किया नोटिस**

# जयपुर के सार्वजनिक स्थान होंगे अब श्वान मुक्त

**बेधड़क | जयपुर**

राजधानी जयपुर में बढ़ती डॉग बाइट की घटनाओं को देखते हुए नगर निगम ने शहर के सार्वजनिक स्थानों को श्वान मुक्त बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में जयपुर नगर निगम की ओर से नोटिस जारी किया गया है। नोटिस के अनुसार अब नगर निगम सीमा में संचालित सरकारी और निजी अस्पताल, स्कूल, कॉलेज, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, खेल स्टेडियम सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर आवारा श्वानों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगाई जाएगी।

इसके लिए संबंधित संस्थानों को बाउंड्रीवाल या फेंसिंग कराने और 24 घंटे सुरक्षा गार्ड तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम ने यह फैसला सार्वजनिक स्थानों पर आने वाले बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया है। नोटिस में अस्पताल और स्कूल संचालकों को इस महीने के अंत तक आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि परिसरों में श्वानों के प्रवेश को हर हाल में रोका जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।



### मुख्य सचिव को देना होगा सुप्रीम कोर्ट में शपथ-पत्र

आवारा श्वानों के प्रबंधन से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई 7 जनवरी को प्रस्तावित है। इससे पहले मुख्य सचिव को कोर्ट में शपथ-पत्र प्रस्तुत करना है। इस शपथ-पत्र को तैयार करने के लिए स्वायत्त शासन विभाग ने सभी निकायों से पालना रिपोर्ट मांगी है। निकायों को निर्धारित प्रपत्र में यह रिपोर्ट विभाग को भेजनी होगी। रिपोर्ट के आधार पर ही सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत किए जाने वाले शपथ-पत्र का प्रारूप तैयार किया जाएगा। नगर निगम और अन्य निकायों की ओर से की गई कार्रवाई की जानकारी इसी दस्तावेज में शामिल की जाएगी। इसे लेकर प्रशासन ने सभी संबंधित संस्थानों को समयबद्ध रूप से निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने को कहा है।

### डॉग बाइट के मामलों पर SC का संज्ञान

राजधानी जयपुर में डॉग बाइट की बढ़ती घटनाओं के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए सरकार को आवश्यक कदम उठाने के आदेश दिए थे। इन आदेशों की पालना में स्वायत्त शासन विभाग ने हाल ही में विस्तृत गाइडलाइन जारी की थी। इसी गाइडलाइन के तहत नगर निगम जयपुर ने पहले चरण में क्षेत्र के सभी स्कूल और अस्पतालों को नोटिस जारी कर परिसरों को श्वान-मुक्त करने के निर्देश दिए थे। स्वायत्त शासन विभाग की ओर से 14 नवंबर को जारी गाइडलाइन में जनवरी तक यह कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

■ जरूरी खबर ■

## कार व सवारी गाड़ी में भिड़ंत, तीन लोगों की मौत



**सीकर।** रींगस-खाटू श्यामजी रोड पर लांपुवा के पास रविवार रात को खाटू श्यामजी के दर्शन करने जा रहे युवकों की स्विफ्ट कार सामने से आ रही सवारी गाड़ी से भिड़ गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर घायल हो गए। घायलों को जयपुर रेफर कर दिया गया। हादसे में सवारी गाड़ी के ड्राइवर रींगस निवासी अजय देवंदा और स्विफ्ट कार चालक गौरव सैनी (22) पुत्र शंकर माली निवासी सुरतपुरा, दौसा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार सवार अजय सैनी (25) ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

## लॉरेंस गैंग की धमकी, मांगे 3 करोड़ रुपए

**सीकर।** खाटूश्यामजी मंदिर कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष कालू सिंह के बेटे मानवेंद्र सिंह चौहान को लॉरेंस गैंग ने धमकी दी है। गैंगस्टर हैरी बॉक्सर ने फिरौती के लिए विदेशी नंबरों से कॉल किया और जान से मारने की धमकी दी। गैंगस्टर ने कहा कि मुझे तुम्हारे रहने के साथ-साथ सभी प्रकार की गतिविधियों, घर और पूरी प्रॉपर्टी की जानकारी है। गैंगस्टर ने आगे कहा, कल शाम तक 3 करोड़ रुपए की व्यवस्था करके सेटलमेंट कर लेना, वरना मरने के लिए तैयार रहना। इस बात को हल्के में मत लेना। मैं तुम्हारे घर पर आकर गोलियों से, ग्रेनेड (बम) से जान से मारूंगा या मरवा दूंगा।

## अस्पताल में ICU के बाथरूम की छत गिरी



**अलवर।** जिले के सबसे बड़े अस्पताल राजीव गांधी चिकित्सालय में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब अस्पताल के आईसीयू यूनिट के बाथरूम की छत अचानक गिर गई। गनीमत रही कि उस दौरान बाथरूम में कोई मरीज या स्टाफ मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना पर जिला अस्पताल प्रशासन मौके पर पहुंचा और पीडब्ल्यूडी विभाग को घटना से अवगत कराया। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने सभी मरीजों को दूसरे आईसीयू यूनिट में सुरक्षित रूप से शिफ्ट किया।


### गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम का संजना जाटव, राहुल कस्वां और बृजेन्द्र ओला पर सनसनीखेज आरोप

# कांग्रेस के सांसदों ने सांसद निधि का पैसा हरियाणा भेजा

**बेधड़क** | जयपुर

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने सोमवार को एक बयान जारी कर कांग्रेस के तीन सांसदों पर सांसद विकास निधि का उपयोग राजनीतिक हित के लिए करने का आरोप लगाते हुए तथ्यों के साथ अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के तीन सांसदों संजना जाटव (भरतपुर), राहुल कस्वां (चूरू) और बृजेन्द्र सिंह ओला (झुंझुनूं) केंद्रीय नेतृत्व के खास नेताओं की खुशामद करने के लिए जनप्रतिनिधि के कर्तव्यों की मर्यादाएं तार-तार कर रहे हैं। वे नियमों को ताक में रखकर एमपी-एलएडीएस निधि का पैसा कांग्रेस से राज्यसभा सांसद और पार्टी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला के बेटे आदित्य सिंह सुरजेवाला के कैथल विधानसभा क्षेत्र में खर्च कर रहे हैं। राजस्थान के हिस्से का पैसा इन तीन सांसदों के राजनीतिक भविष्य को सुरक्षित करने के लिए हरियाणा में खर्च किया जा रहा है।



मंत्री जवाहर सिंह बेढम।

### खुद के संसदीय क्षेत्र में अधूरे पड़े हैं विकास कार्य

बेढम ने कहा कि एमपी-एलएडीएस निधि के नियमों के अनुसार हर सांसद को 5 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष मिलते हैं, जिनमें से अधिकतम 25 लाख रुपए प्रतिवर्ष सांसद अपने क्षेत्र के बाहर खर्च कर सकता है। आपदा में 1 करोड़ रुपए तक दिया जा सकता है, लेकिन कांग्रेस के तीन सांसद संजना जाटव, राहुल कस्वां और बृजेन्द्र सिंह ओला अपनी सांसद निधि का बड़ा हिस्सा हरियाणा के कैथल जिले में भेज रहे हैं, जबकि उनकी संसदीय निधि से क्रमशः भरतपुर, चूरू और झुंझुनूं संसदीय क्षेत्रों में विकास कार्य अधूरे पड़े हैं।

### कैथल के लिए दिए 1.20 करोड़ रुपए

गृह राज्य मंत्री ने कहा कि संजना जाटव 45 लाख रुपए, राहुल कस्वां 50 लाख रुपए और बृजेन्द्र सिंह ओला 25 लाख रुपए सहित लगभग 1.20 करोड़ रुपए कैथल में विकास कार्यों के लिए दे चुके हैं। आश्चर्य है कि राजस्थान की जनता ने उनको वोट दिया, लेकिन वो विकास के लिए पैसे हरियाणा को दे रहे हैं।

### भरतपुर में एक भी कार्य नहीं हुआ पूर्ण

बेढम ने कहा कि भरतपुर की सांसद संजना जाटव ने एमपी-एलएडीएस निधि से 142 कार्य अनुशंसित किए। इनमें से 37 कार्य ही पूर्ण हुए, जो कि अलवर जिले में किए गए। भरतपुर जिले में एक भी कार्य पूर्ण नहीं हुआ। वहीं, उन्होंने कैथल विधानसभा क्षेत्र में 45 लाख रुपए के कार्य करवाए।

### 13 दिन तक रखा डिजिटल अरेस्ट

# ठग ने बताया खुद को CBI अधिकारी, 57 लाख ठगे

■ रिटायर्ड अधिकारी को मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तारी का डर दिखाकर ठगी

**बेधड़क** | अजमेर

वैशाली नगर में रिटायर्ड अधिकारी को 13 दिन तक डिजिटल अरेस्ट करने का मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने सीबीआई ऑफिसर बनकर मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तारी का डर दिखाकर अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए करीब 57 लाख रुपए हड़प लिए।

पीड़ित रिटायर्ड अधिकारी ने सोमवार को साइबर थाने में शिकायत दर्ज करवाई। साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर थाने के सीओ शमशेर खां ने बताया कि वेटरनरी डिपार्टमेंट से रिटायर्ड वैशाली नगर निवासी जगदीश कुमार को डिजिटल अरेस्ट किया गया। उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तारी का डर दिखाकर उनके व पत्नी के अकाउंट से 57 लाख रुपए हड़प लिए।



साइबर थाने में मामला दर्ज करवाने आया रिटायर्ड अधिकारी।

### पेंशन की राशि मांगी तो हुई कहासुनी

पीड़ित ने बताया कि 31 दिसंबर को जब उनके खाते में पेंशन की राशि आई तो ठग उसे भी ट्रांसफर करने का दबाव बनाने लगे। इस पर बुजुर्ग दंपती नाराज हो गए और ठगों से फोन पर कहासुनी और गाली गलौज भी हो गई। इसे लेकर उन्होंने साइबर थाने में शिकायत दी। सीओ शमशेर खां ने बताया कि मामले में पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। यह पूरी राशि आरटीजीएस के जरिए ट्रांसफर हुई थी। कुछ पैसे होल्ड करवाने की प्रक्रिया चल रही है।

### पहली बार 22 दिसंबर को आया वाट्सएप कॉल

सीओ शमशेर खां ने बताया कि पीड़ित जगदीश कुमार को 22 दिसंबर को पहली बार वाट्सएप पर कॉल आया। कॉलर के द्वारा सीबीआई ऑफिसर बनकर मनी लॉन्ड्रिंग केस में उनके डॉक्यूमेंट, बैंक खाते और मोबाइल नंबर जुड़े होने की जानकारी दी गई। ठगों के द्वारा लगातार उन्हें गिरफ्तारी का डर दिखाकर झांसे में लिया गया। पीड़ित ने बताया कि उन्हें सीबीआई और सुप्रीम कोर्ट के दस्तावेज भी वाट्सएप पर भेजे गए, जिससे वह ठगों के झांसे में आ गए। उन्होंने करीब चार बार में अपने अकाउंट से आरटीजीएस के जरिए 29 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। बाद में पत्नी के अकाउंट से और एफडी तुड़वाकर 28 लाख रुपए और ट्रांसफर किए। कुल 57 लाख रुपए ठगों को ट्रांसफर किए थे।

## कोटा में युवक को मिलने बुलाया, फिर मारी गोली



**कोटा।** कैथूनीपोल थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक युवक को घर से बाहर बुलाकर गोली मार दी। युवक के पेट और जांघ में गोली लगी है। उसका एमबीएस हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। गोली मारने वाले घायल के पड़ोसी ही हैं। आदिल मिर्जा गैंग से जुड़ी जानकारी पुलिस को देने के कारण उनकी घायल से रंजिश थी। घायल के भाई रहीम ने बताया कि उनका बड़ा भाई नईम घर पर था। तभी पड़ोस में रहने वाले शरीफ ने उसे फोन कर किसी जगह पर मिलने बुलाया। नईम बाइक से मिलने पहुंचा। बाइक से उतरते ही पड़ोसी ने उस पर गोलियां चला दी और भाग गए। रहीम ने बताया कि शरीफ और नईम पहले आपस में दोस्त थे। आदिल मिर्जा के कहने पर ही गोली मारी गई थी। कैथूनीपोल थानाधिकारी अमरेश ने बताया कि घायल युवक अब्दुल नईम है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हमलावर और घायल पड़ोसी हैं।


### वीसीआर सेटलमेंट के नाम पर मांगी थी घूस

# बिजली कर्मचारी 1.45 लाख की रिश्वत लेते ट्रैप

■ एसीबी टीम ने आरोपी के पैतृक मकान पर किया सर्च

**बेधड़क** | बीकानेर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने सोमवार को बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ में बड़ी कार्रवाई की। एसीबी टीम ने सहायक अभियंता ऊपनी कार्यालय में दबिश देकर बिजली विभाग के कार्मिक विनोद कुमार पूनिया को 1 लाख 45 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। टीम ने आरोपी के पास से रिश्वत राशि बरामद कर ली। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि लिखमीसर उत्तरादा निवासी किसान के कृषि कुएं पर 3.54 लाख रुपए की वीसीआर जारी की गई थी। इस वीसीआर को कम कर सेटलमेंट कराने के बदले आरोपी ने किसान से 1 लाख 50 हजार रुपए की मांग की। बाद में सौदा एक लाख 45 हजार रुपए में तय हुआ। एसीबी के अनुसार सत्यापन के बाद सोमवार को परिवादी को एक लाख 45 हजार रुपए लेकर आरोपी विनोद कुमार के पास भेजा। परिवादी ने जैसे ही आरोपी को रिश्वत की राशि दी, तभी एसीबी सीआई महेंद्र कुमार ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर आरोपी को दबोच लिया।



आरोपी विनोद कुमार पूनिया।

### 10 साल से एक ही स्थान पर

एएसपी शर्मा ने बताया कि आरोपी विनोद की पहली पोस्टिंग सहायक अभियंता ऊपनी कार्यालय में हुई। तब से यहीं पर पदस्थापित है। उसे दस साल हो चुके हैं। वह अविवाहित है। उसके ऊपनी गांव के किराए के घर और हनुमानगढ़ में पैतृक मकान की तलाशी ली गई। टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है।


### पंचों के फैसले पर कलेक्टर को मानवाधिकार आयोग का नोटिस

# स्मार्टफोन पर प्रतिबंध सिर्फ महिलाओं पर, ये लैंगिक भेदभाव: आयोग

**बेधड़क** | जालोर

जालोर में पंचों द्वारा 15 गांवों की बहू-बेटियों के स्मार्टफोन यूज को लेकर लगाए गए बैन मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कलेक्टर प्रदीप के गवांडे को नोटिस जारी किया है। इसमें 14 दिन में जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। नोटिस में कहा गया है कि यह प्रतिबंध केवल महिलाओं पर है, ऐसे में यह लिंग आधारित भेदभाव को दर्शाता है।

पंचायत या सामाजिक समूहों को महिलाओं के संचार या तकनीक के उपयोग को नियंत्रित करने का कोई अधिकार नहीं है। इस पर जिला कलेक्टर प्रदीप के गवांडे ने बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कार्रवाई के लिए नोटिस भेजा है। हालांकि पंचों ने अपना फैसला वापस ले लिया है। फिर भी जांच करवा कर जवाब भेजा जाएगा। इस मामले में पश्चिम बंगाल नेशनल क्राइम इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एनजीओ) के मनीष जैन ने 2 जनवरी को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को पत्र लिखा था। इस पर आयोग ने संज्ञान लिया है। बता दें कि 21 दिसंबर को जालोर जिले के चौधरी समाज सुंधामाता पट्टी की गाजीपुर गांव में बैठक हुई थी। इसमें 15 गांव की बहू-बेटियों को 26 जनवरी से कैमरे वाला फोन यूज करने पर बैन लगा दिया था। इतना ही नहीं सार्वजनिक समारोह से लेकर पड़ोसी के घर पर भी फोन ले जाने पर पाबंदी लगा दी थी। उन्हें सिर्फ स्मार्टफोन की जगह की-पैड फोन उपयोग में लेने का फरमान सुनाया था। हालांकि विरोध के बाद फैसला वापस ले लिया गया था।




### नहरबंदी के विरोध में प्रदर्शन, 12 को अनिश्चितकालीन पड़ाव का ऐलान

# गुस्साए किसानों ने तोड़ा कार्यालय का गेट

**बेधड़क** | श्रीगंगानगर

पंजाब जल संसाधन विभाग की ओर से फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण के लिए जनवरी में प्रस्तावित नहरबंदी के विरोध में सोमवार को ग्रामीण किसान मजदूर समिति के बैनर तले किसानों ने जल संसाधन विभाग कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने जमकर नारेबाजी की। हालात उस समय तनावपूर्ण हो गए, जब सुनवाई के लिए कोई अधिकारी किसानों के पास नहीं पहुंचा तो गुस्साए किसानों ने नहरी विभाग के कार्यालय का मुख्य गेट तोड़ दिया और परिसर में प्रवेश कर लिया। किसान फिर कलेक्टर कार्यालय के बरामदे में धरने पर बैठ गए। इसके बाद गंगा सिंह चौक पर किसान नेताओं ने सभा कर 12 जनवरी को जिला कलेक्ट्रेट के बाहर अनिश्चितकालीन पड़ाव डालने का ऐलान कर दिया।



गुस्साए किसानों को रोकते पुलिसकर्मी।

### 1700 क्यूसेक पानी की हो वैकल्पिक व्यवस्था

किसानों ने चेतावनी दी कि किसी भी हालत में नहरबंदी नहीं होने देंगे। किसानों की मांग है कि राजस्थान बॉर्डर के खखां हेड पर 1700 क्यूसेक पानी की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। पुरानी बीकानेर कैनाल की RD जीरो से 45 तक सफाई भी नहीं करवाई गई, जिससे पानी लेना मुश्किल है।

### प्रदर्शन से पहले हुई बैठक

प्रदर्शन से पहले किसानों ने गुरुद्वारा सिंह सभा में बैठक की और आगे की रणनीति पर चर्चा की। किसानों का कहना है कि रबी फसलों की बुवाई के समय से अब तक विभाग ने नहरबंदी की तारीख और वैकल्पिक इंतजाम की जानकारी नहीं दी। अगर नहरबंदी हुई और बीकानेर कैनाल से पानी नहीं मिला तो खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद हो जाएंगी। गत दिनों सादुलशहर विधायक ने मुख्यमंत्री से वार्ता का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### आधे घंटे बंद रहा त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग

# बाघिन सुल्ताना ने शावकों को जंगल में किया शिफ्ट

**बेधड़क** | सवाई माधोपुर

रणथंभौर टाइगर रिजर्व की बाघिन 'सुल्ताना' (टी-107) एक बार फिर सोमवार सुबह अपने शावक के साथ दिखी। सुल्ताना शावक को मुंह में दबाकर त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग से निकली। इस दौरान वन विभाग ने करीब आधे घंटे तक मार्ग को अस्थायी रूप से बंद कर दिया। संभवतया उसने शावकों को जंगल के सुरक्षित हिस्से में शिफ्ट किया है।

इससे पहले 19 दिसंबर को वह मिश्रदर्रा गेट की गुफा से अपने शावकों को जंगल की ओर ले जाती नजर आई थी। डीएफओ मानस सिंह ने बताया कि बाघिन द्वारा अपने शावकों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के बाद रास्ता खोल दिया गया। फिलहाल, वन विभाग की टीम बाघिन और उसके शावकों की लगातार मॉनिटरिंग कर रही है।



शावक को मुंह में दबाए अटल सागर से गौमुख की तरफ जाती बाघिन।

### अटल सागर से गौमुख की तरफ ले गई

मानस सिंह ने बताया कि शावकों के जन्म के करीब एक महीने बाद बाघिन ने उन्हें जंगल के सुरक्षित हिस्से में शिफ्ट किया है। 19 दिसंबर को वह अपने शावकों को टेरिटरी जोन नंबर-1 में ले जाती दिखाई दी थी। इसके करीब 17 दिन बाद सोमवार को उसने एक बार फिर शावकों को नई जगह शिफ्ट किया, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। सोमवार सुबह बाघिन एक शावक को मुंह में दबाए अटल सागर से गौमुख की तरफ जाती दिखी।

### रिद्धि के शावक की मंदिर मार्ग पर चहल-कदमी

रणथंभौर नेशनल पार्क में बाघिन रिद्धि का मेल शावक सोमवार को एक बार फिर त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग पर दिखाई दिया। रणथंभौर फोर्ट की पार्किंग के पास शावक की चहल-कदमी को देखकर करीब 10 मिनट तक पर्यटक और श्रद्धालुओं की सांसें थमी रही। दरअसल, सोमवार दोपहर करीब 2 बजे रणथंभौर फोर्ट की पार्किंग के पास रिद्धि का मेल शावक दिखाई दिया। शावक ने यहां करीब 10 मिनट तक जंगल की सुरक्षा दीवार और गणेश मंदिर मार्ग पर चहल-कदमी की। जानकारी के अनुसार शावक नाल चढ़ाई की दिशा से आया और कुछ देर रुकने के बाद जोन नंबर 3 की ओर चला गया। इस दौरान पर्यटक और गणेश मंदिर दर्शन को जा रहे श्रद्धालु रुक गए। सभी ने शावक की चहल-कदमी को अपने कैमरे और मोबाइल में कैद किया।



जंगल की सुरक्षा दीवार पर कैटवॉक करता बाघिन रिद्धि का मेल शावक।


### 47 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला

# भट्ट को कोर्ट से झटका, FIR रद्द करने से इनकार

**बेधड़क** | जोधपुर

बॉलीवुड फिल्ममेकर विक्रम भट्ट को राजस्थान हाई कोर्ट से राहत नहीं मिली। जोधपुर बेंच की जस्टिस समीर जैन की कोर्ट ने विक्रम भट्ट और उनके सहयोगियों के खिलाफ उदयपुर में दर्ज एफआईआर को रद्द करने की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने माना कि यह मामला केवल एग्रीमेंट के उल्लंघन का नहीं, बल्कि प्रथम दृष्टया पैसों की हेराफेरी का लगता है, इसलिए पुलिस जांच जारी रहेगी।

उदयपुर के भूपालपुरा निवासी डॉ. अजय मुर्डिया ने विक्रम भट्ट, उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट और अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का मामला दर्ज कराया था। आरोप है कि फिल्म प्रोजेक्ट के नाम पर लिए गए फंड का गबन किया गया है। याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि विक्रम भट्ट प्रतिष्ठित फिल्म निर्माता हैं। शिकायतकर्ता के साथ उनका 40 करोड़ और बाद में 7 करोड़ रुपए के निवेश का करार हुआ था।



नए साल के पहले पुष्य नक्षत्र पर मंदिरों में हुए विशेष अनुष्ठान

## मोती डूंगरी गणेश मंदिर में प्रथम पूज्य गणपति का हुआ पुष्याभिषेक

बेधड़क | जयपुर

नए साल के पहले पुष्य नक्षत्र पर छोटी काशी के सभी गणेश मंदिरों में प्रथम पूज्य गणपति का पंचामृत अभिषेक किया गया।

मोती डूंगरी स्थित गणेशजी का महंत कैलाश शर्मा के सानिध्य में 201 किलो पंचामृत से अभिषेक किया गया। सर्वप्रथम भगवान को गंगाजल से शुद्ध स्नान कराया गया। केवड़ा जल एवं गुलाब जल से अभिषेक के बाद 151 किलो दूध, 21 किलो दही, सवा पांच किलो घी, 21 किलो बूरा एवं शहद से तैयार पंचामृत से अभिषेक किया गया। इसके पश्चात केवड़ा जल, गुलाब जल, केवड़ा इत्र एवं गुलाब इत्र से भी अभिषेक किया गया। पंचामृत अभिषेक के बाद पुनः गंगाजल से शुद्ध स्नान कराया गया। इसके बाद गणेशजी महाराज को नवीन पोशाक धारण कराकर गणपति सहस्त्रनाम के पाठ के साथ 1008 मोदक अर्पित किए गए तथा फूल बंगला झांकी सजाई गई। इस अवसर पर गणेशजी को खीर का विशेष भोग अर्पित किया गया। श्रद्धालुओं को रक्षा सूत्र वितरित किए गए। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। जयपुर के रक्षपाल गढ़ गणेश मंदिर में महंत प्रदीप औदीच्य के सानिध्य में बाल रूप पुरुषाकृति गणपति का वेद मंत्रों के साथ पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद नवीन पोशाक धारण कराकर मोदक का भोग लगाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु 365 सीढ़ियां चढ़कर गणेशजी के दर्शन करने गढ़ गणेश मंदिर पहुंचे।


गणेशजी का पंचामृत अभिषेक करते महंत कैलाश शर्मा।

### गणपति अथर्वशीर्ष एवं गणपति अष्टोत्तरशत नामावली के हुए पाठ

सूरजपोल बाजार स्थित श्वेत सिद्धि विनायक मंदिर में वेद मंत्रों के बीच दुग्धाभिषेक किया गया। मंदिर महंत नलिन शर्मा के सानिध्य में महालक्ष्मी की प्राप्ति के लिए हवन हुआ। इसके बाद मूंग के लड्डुओं का भोग लगाकर भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। ब्रह्मपुरी माउंट रोड स्थित दाहिनी सूंड वाले नहर के गणेशजी मंदिर में महंत पं. जय शर्मा के सानिध्य में गणपति अथर्वशीर्ष एवं गणपति अष्टोत्तरशत नामावली के पाठ के साथ पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद नवीन पोशाक धारण कराकर श्रृंगार किया गया। इसके अलावा चांदपोल परकोटा गणेश मंदिर, गलता गेट स्थित गीता गायत्री गणेश मंदिर, बड़ी चौपड़ स्थित ध्वजाधीश गणेश, दिल्ली रोड स्थित आत्माराम गणेश मंदिर, खिरणी फाटक स्थित गणेश मंदिर तथा चौड़ा रास्ता स्थित काले गणेश मंदिर में भी पुष्याभिषेक किया गया।

कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे समाज बंधु

## बसंतोत्सव एवं खण्डेलवाल दिवस पर 23 को निकलेगी शोभायात्रा


बसंत पंचमी और खण्डेलवाल दिवस पर होने वाले आयोजनों की जानकारी देते हुए श्री खण्डेलवाल वैश्य हितकारिणी सभा के पदाधिकारी।

बेधड़क | जयपुर

श्री खण्डेलवाल वैश्य हितकारिणी सभा की ओर से बसंत पंचमी और खण्डेलवाल दिवस के अवसर पर 23 जनवरी को शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसकी तैयारियों में समाज बंधु जुटे हुए हैं। सभा के महामंत्री ओमप्रकाश झालानी ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसमें महेश गुप्ता (ओढ) और संगीता गुप्ता को मुख्य संयोजक बनाया गया।

उन्होंने बताया कि शोभायात्रा सुबह 9 बजे खण्डेलवाल वैश्य जातीय गंगा मंदिर, स्टेशन रोड से प्रारंभ होकर चांदपोल बाजार, त्रिपोलिया बाजार, रामगंज बाजार होते हुए राम मंदिर हीदा की मोरी जयपुर पर समाप्त होगी। यात्रा में बैंड-बाजे के साथ खण्डेलवाल महापुरुषों संत सुंदरदासजी और बलराम दासजी की झांकियां सजाई जाएंगी। मुख्य अतिथि राधेश्याम खूंटेटा, चन्द्र प्रकाश (टटार) होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विनय कुमार गुप्ता (नाटाणी) और विमला गुप्ता उपस्थित रहेंगी।

### जगह-जगह होगी पुष्पवर्षा

अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति के राष्ट्रीय महामंत्री गोविन्द नाटाणी ने बताया कि शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा होगी और महाआरती का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण और जल संरक्षण का संदेश भी दिया जाएगा। इस मौके पर पोस्टर, तुलसी के पौधों का वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में जयपुर शहर के पूर्व महापौर, उप महापौर, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।


## आज का पंचांग

- शुभ वि. सं. : 2082
- हिजरी संवत: 1447
- ऋतु: शिशिर
- संवत्सर का नाम: सिद्धार्थ
- मास: माघ
- पक्ष: कृष्ण पक्ष
- शाके संवत: 1947
- अयन: उत्तरायण

**आज का दिन**

**मंगलवार, 06 जनवरी, 2026**

**सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति**



**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज चर-लाभ-अमृत का चौघड़िया सुबह 09.50 से 01.44 बजे तक रहेगा। इसके बाद शुभ का 03.02 से 04.20 बजे तक रहेगा। इनमें शुभ कार्य कर सकते हैं।

**अभिजीत:** आज 12.06 से 12.47 बजे तक रहेगा।

**तिथि:** तृतीया तिथि सुबह 08.02 बजे तक रहेगी। इसके बाद चतुर्थी तिथि शुरू होगी। चतुर्थी तिथि क्षय हो रही है।

**दिशाशूल:** उत्तर दिशा में रहेगा।

**चंद्रमा:** आज चंद्रमा सिंह राशि में संचार करेगा।

**राहु काल:** आज शाम 03.00 से 04.30 बजे तक रहेगा।

**नक्षत्र:** अश्लेषा दोपहर 12.18 बजे तक, फिर मघा नक्षत्र रहेगा।

**योग:** प्रीति रात 08.21 बजे तक, इसके बाद में आयुष्मान योग रहेगा।

**व्रत और त्योहार**

**व्रत:** आज संकष्ट चतुर्थी-तिलकुटा चौथ का व्रत है। जयपुर में चंद्रोदय रात 09.04 बजे होगा।

-पं. अवधेश शर्मा

## शहर में आज

- जेईसीसी, सीतापुरा में राजस्थान डिजिफेस्ट-टाई ग्लोबल समिट का आयोजन सुबह 11 बजे से।
- अजमेर रोड स्थित श्री सरस निकुंज की पीठ में श्रीराम कथा का आयोजन दोपहर 1.30 बजे से।
- चांदपोल बाहर गंगा माता मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन दोपहर 2 बजे से।

### शिव महापुराण में बताया बिल्व पत्र का महत्व

**बेधड़क, जयपुर।** मुरलीपुरा की शंकर विहार कॉलोनी स्थित श्री तत्कालेश्वर लक्ष्मी नारायण मंदिर में सोमवार को शिव महापुराण कथा के दौरान व्यासपीठ से आचार्य सुरेंद्र कृष्ण भारद्वाज ने शिवलिंग महिमा, रूद्राक्ष महिमा और बिल्व पत्र महिमा का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने बताया कि बिल्व पत्र के तीन पत्तों में गंगा, लक्ष्मी और पार्वती का समावेश होता है। इस कारण भोले बाबा अति प्रसन्न होते हैं। आचार्य ने श्रद्धालुओं से कहा कि पूजा विधि में बिल्व पत्र का समर्पण अनिवार्य है।

विधि-विधान से हुआ पोथी और कलश पूजन का आयोजन

## कलश यात्रा के साथ गंगा माता मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

बेधड़क | जयपुर

माघ माह के आगमन के साथ ही जयपुर धर्म, भक्ति और सत्संग के रंग में रंग गया है। स्टेशन रोड स्थित गंगा माता मंदिर में सोमवार को श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा से पूर्व चांदपोल बाजार स्थित दीनानाथजी का रास्ता और मिस्त्रीखाना चौराहा स्थित त्रिशिखरेश्वर शिवालय में विधि-विधान से पोथी और कलश पूजन किया गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर भक्ति भाव से जयकारे लगाती हुई चल रही थीं। हाथी, ऊंट और सुसज्जित बग्घियों के साथ यात्रा परकोटा क्षेत्र के प्रमुख बाजारों से गुजरते हुए गंगा माता मंदिर पहुंची। मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। मंदिर प्रांगण में व्यासपीठ और वृंदा पूजन के बाद महाआरती हुई। कथा का शुभारंभ आचार्य आशीष व्यास शास्त्री की ओर से किया गया, जिन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य चरित्र, मर्यादा और आदर्श जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक होगी।



### श्रीराम कथा में मिजमानी महोत्सव का आयोजन

अजमेर रोड स्थित श्री सरस निकुंज की पीठ में सोमवार को श्रीराम कथा के अंतर्गत राम-जानकी विवाह का मिजमानी महोत्सव मनाया गया। व्यास पीठ पर आचार्य डॉ. राजेश्वर ने राम-लक्ष्मण के जनकपुर प्रवेश, फुलवारी दर्शन, धनुष यज्ञ और विवाह सहित अनेक प्रसंग सुनाए। इस अवसर पर श्रीराम के मिजमानी की सरस पदावलियों का संगीतमय गायन किया गया। कथा में पधारे भक्तों और वैष्णव महानुभावों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विवाह प्रसंग के अनुरूप भावपूर्ण दर्शन कराए गए और ठाकुरजी के चित्रपट पर सेवरा तथा कलंगी शोभित किए गए।

## जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री किट वितरित



बेधड़क | जयपुर

ज्योति नगर स्थित कठपुतली नगर में समग्र सेवा मिशन संस्थान की ओर से खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम आयोजक एवं सर्व समाज विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. ओपी टांक ने बताया कि विधवा, असहाय एवं जरूरतमंद महिलाओं तथा परिवारों को खाद्य सामग्री किट वितरित कर सामाजिक सरोकार निभाया गया।

इस अवसर पर अतिथि एवं समग्र सेवा मिशन संस्था के अध्यक्ष तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा, उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, महामंत्री गजानंद खींची, पार्षद प्रत्याशी हेमराज खींची, विनोद भाट, अरुण गोगलिया, विष्णु सिरसिया एवं गोविंद खोड़ सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

सिद्धांत शर्मा ने बताया कि ये खाद्य सामग्री किट हर महीने वितरित किए जा रहे हैं। प्रतिमाह विधवा महिलाओं एवं जरूरतमंद परिवारों की संख्या में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि यह सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगा। वहीं, डॉ. टांक ने कहा कि समग्र सेवा मिशन संस्था की ओर से किए जा रहे सेवाभावी कार्यों में सभी की सहभागिता बनी रहेगी।

## कॉलोनीवासियों ने ली पंगत प्रसादी

बेधड़क | जयपुर

झोटवाड़ा के निवारू रोड स्थित प्रभु विहार कॉलोनी में पौष बड़ा प्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना के साथ की गई।

इस अवसर पर कॉलोनीवासियों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। पंगत प्रसादी के दौरान अनुशासन, सेवा और समानता का भाव देखने को मिला। कार्यक्रम में कॉलोनी के महिला-पुरुषों एवं युवाओं का विशेष योगदान रहा। कॉलोनीवासियों ने इस आयोजन को सामूहिक प्रयास का परिणाम बताते हुए भविष्य में भी इसी तरह के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया। आयोजन के अंत में सभी ने सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।



## महादेव को लगाया बड़ों का भोग

बेधड़क | जयपुर

नेहरू नगर पानीपेच स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर में 50वां पौष बड़ा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समाज सेवी महेश सैनी ने बताया कि मंदिर प्रांगण में सुबह से ही भक्तों की ओर से रामधुनी की गई। भोले बाबा को प्रसादी के रूप में गाजर का हलवा, सब्जी, दाल के पकोड़े एवं पूरी का भोग लगाया गया। इस अवसर पर लगभग 2500 भक्तों ने पंगत प्रसाद ग्रहण की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा के पुत्र जिज्ञासु शर्मा विधायक प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन नीलकंठ महादेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष कैलाश सैनी, उपाध्यक्ष रामबाबू खोज, महामंत्री राजू सैनी व कोषाध्यक्ष हनुमान सहाय अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ।



मां बगलामुखी धाम में माता को अर्पित किया जाएगा 56 भोग

## 1100 किलो मिर्ची महायज्ञ 11 जनवरी को

बेधड़क | जयपुर

पीताम्बरा लोक स्थित मां बगलामुखी धाम, कादेड़ा- चाकसू (जयपुर) में 11 जनवरी को 1100 किलो मिर्ची बगलामुखी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन माता बगलामुखी शक्तिपीठ समिति, जयपुर के तत्वावधान में होगा। समिति के पदाधिकारियों के अनुसार यह आयोजन सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। इसके बाद में दोपहर 2 बजे माता को 56 भोग अर्पण किए जाएंगे तथा प्रसादी वितरण 3 से 5 बजे तक होगा। शाम 6 बजे महाआरती का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मिर्ची बगलामुखी महायज्ञ को नकारात्मक शक्तियों के शमन, शत्रु बाधा निवारण, वाणी सिद्धि, विजय एवं मानसिक शांति के लिए अत्यंत प्रभावशाली माना जाता है। आयोजकों के अनुसार इस महायज्ञ में सम्मिलित होकर श्रद्धालु अपने जीवन की समस्त बाधाओं, संकटों एवं नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति पा सकते हैं।





### मातृशक्ति, भक्ति एवं सनातन संस्कृति का सशक्त संगम

इस अवसर पर देवी बगलामुखी सेना, पृथ्वी बचाओ मिशन, एक रोटी मानवता के नाम तथा बगलामुखी बीज मंत्र लेखन जैसे सामाजिक व आध्यात्मिक संकल्पों को भी आगे बढ़ाया जाएगा। आयोजन को मातृशक्ति, भक्ति एवं सनातन संस्कृति के सशक्त संगम के रूप में देखा जा रहा है। आयोजकों ने जयपुर सहित आस-पास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

## मुरलीपुरा की 90 प्रतिभाओं को किया सम्मानित



**जयपुर।** मुरलीपुरा की देवधारा कॉलोनी विकास समिति ने बालाजी मैरिज गार्डन में प्रतिभा-वृद्धजन सम्मान समारोह और पौष बड़ा महोत्सव आयोजित किया। मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के सदस्य डॉ. अशोक गुप्ता थे, जबकि अध्यक्षता निवर्तमान पार्षद डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने की। समिति के अध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, महासचिव डॉ. रामचंद्र यादव और अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में 90 वरिष्ठ नागरिकों, भामाशाहों, छात्रों और विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं का प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया।

## संगठन सशक्तीकरण के लिए विफा का शिविर 10-11 को

बेधड़क | जयपुर

विप्र फाउंडेशन की ओर से संगठनात्मक सशक्तीकरण एवं नेतृत्व विकास के उद्देश्य से ऋषिकेश में 10 जनवरी से दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से चयनित लगभग 450 नायक भाग लेंगे, जिनमें सबसे अधिक प्रतिभागी राजस्थान से होंगे।




शिविर संयोजक डॉ. सुनील शर्मा (सीए) ने बताया कि शिविर को 'आरोहण' नाम दिया गया है। इसका उद्देश्य संगठन के नायकों को आत्मविकास, नेतृत्व कौशल तथा सांगठनिक दायित्वों के प्रभावी निर्वहन के लिए और अधिक सक्षम बनाना है। दो दिवसीय शिविर में नौ विचारोत्तेजक सत्र आयोजित किए जाएंगे। साथ ही योग, देवदर्शन, गंगा आरती एवं संगीत संध्या जैसे प्रेरक व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। शिविर के सह-संयोजक पवन पारीक ने बताया कि प्रारंभ में 450 प्रतिभागियों का पंजीयन किया गया है। विप्र फाउंडेशन के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ने कहा कि संगठन के प्रति युवाओं में बढ़ता रुझान शुभ संकेत है। उन्होंने बताया कि इस शिविर में महिलाओं की सहभागिता भी उत्साहजनक है और यह आयोजन संगठन के विस्तार, नेतृत्व निर्माण तथा राष्ट्रप्रेरक मूल्यों के प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## कोहली-रोहित युग के बाद टेस्ट टीम को नई दिशा देने की चुनौती

# नतीजों से आगे की सोच: भारतीय क्रिकेट के लिए 2026 क्यों निर्णायक है?




सिद्धार्थ महान
खेल समीक्षक


भारतीय क्रिकेट 2026 में एक अजीब लेकिन बेहद अहम मनःस्थिति के साथ प्रवेश कर रहा है। सतह पर तस्वीर अब भी चमकदार दिखती है, ट्रॉफियां जीती गई हैं, व्हाइट बॉल क्रिकेट में गहराई और विकल्प भरपूर नजर आते हैं और महिला क्रिकेट ने इतिहास रचते हुए नई ऊंचाइयों को छुआ है। लेकिन इस चमक के नीचे एक गहरी बेचैनी भी मौजूद है, खासकर टेस्ट क्रिकेट को लेकर। यहां सवाल अब सिर्फ फॉर्म या संक्रमण का नहीं, बल्कि दिशा, प्राथमिकता और दीर्घकालिक इरादे का बन चुका है। इस दौर की नींव कैलेंडर से कहीं पहले ही पड़ चुकी थी। न्यूजीलैंड के हाथों 2024 के अंत में भारत का घरेलू टेस्ट सीरीज में 3-0 से सूपड़ा साफ होना एक साधारण हार नहीं थी। पहली बार 2012 के बाद भारत को अपने घर में इतनी स्पष्ट और निर्णायक शिकस्त मिली थी। यह सिर्फ एक सीरीज नहीं थी जो हाथ से निकली, बल्कि भारतीय टेस्ट क्रिकेट की वर्षों से बनी अजेयता की भावना को गहरी चोट पहुंची। यह हार प्रतीकात्मक थी, मानो यह इशारा कर रही हो कि जिन भरोसों और आदतों पर भारतीय टेस्ट क्रिकेट खड़ा रहा, वे अब धीरे-धीरे डगमगाने लगे हैं।

इसके बाद ऑस्ट्रेलिया दौरे ने इस बेचैनी को और गहरा कर दिया। पर्थ में मजबूत और आत्मविश्वास से भरी शुरुआत के बाद भारतीय टीम की लय धीरे-धीरे टूटती चली गई। जैसे-जैसे सीरीज आगे बढ़ी, मैदान पर भारत की पकड़ ढीली पड़ती गई और टीम बिखरती हुई नजर आई। इसी दौरे के बीच रविचंद्रन अश्विन का संन्यास एक तरह की अनिवार्यता जैसा महसूस हुआ, मानो समय खुद संकेत दे रहा हो कि एक युग अब समाप्ति की ओर है। सीरीज के अंत तक यह पूरी तरह स्पष्ट हो चुका था कि भारतीय टेस्ट क्रिकेट अब ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां सिर्फ पीछे देखने से समाधान नहीं मिलेगा।

मई में जब रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, तो यह औपचारिक रूप से पूरा हो गया। ये सिर्फ दो महान खिलाड़ी नहीं थे जो खेल से विदा हो रहे थे, बल्कि वे स्तंभ थे जिनके इर्द-गिर्द पिछले एक दशक से भी अधिक समय तक भारत की टेस्ट पहचान गढ़ी गई थी। उनकी मौजूदगी सिर्फ रनों और पारियों तक सीमित नहीं थी, बल्कि ड्रेसिंग रूम में नेतृत्व, भरोसा और प्रतिस्पर्धी मानसिकता की रीढ़ भी वही थे। उनकी विदाई से कोई तात्कालिक ढहाव नहीं आया, लेकिन एक ऐसी चुनौती जरूर सामने आ गई जिसे केवल प्रतिभा या नामों के भरोसे नहीं सुलझाया जा सकता।

इसके उलट, भारत का व्हाइट बॉल क्रिकेट इस समय कहीं अधिक स्वस्थ और स्थिर नजर आता है। वनडे और टी-20 टीमों में संतुलन दिखता है, विकल्पों की कोई कमी नहीं है और खिलाड़ियों की भूमिकाएं अपेक्षाकृत स्पष्ट हैं। चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप की जीत ने इस भरोसे को और मजबूत किया है कि सीमित ओवरों के क्रिकेट में भारत अब भी दुनिया की अग्रणी ताकतों में शामिल है। नेतृत्व स्थिर प्रतीत होता है, युवा खिलाड़ियों को धीरे-धीरे जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं और चोट या रोटेशन जैसी परिस्थितियां भी टीम की समग्र मजबूती को खास नुकसान नहीं पहुंचा पाती। नतीजों के लिहाज से देखें तो व्हाइट बॉल क्रिकेट फिलहाल राहत और सुकून का एहसास कराता है। लेकिन यही विरोधाभास 2026 को इतना निर्णायक बना देता है, क्योंकि व्हाइट बॉल की यह चमक कहीं न कहीं टेस्ट क्रिकेट की गिरती हालत को ढक भी सकती है। इंग्लैंड में खेली गई कड़ी टेस्ट सीरीज, जो ड्रॉ पर समाप्त हुई, ने कुछ समय के लिए यह उम्मीद जगाई थी कि भारतीय टीम में अब भी जुझारूपन और प्रतिस्पर्धा की आग बाकी है। मगर यह उम्मीद ज्यादा देर टिक नहीं सकी। विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका के भारत दौरे पर एक और घरेलू टेस्ट सीरीज हार। इस बार 2-0 से हार ने साफ कर दिया कि समस्या सतही नहीं, बल्कि संरचनात्मक है। एक ही साल में दो घरेलू टेस्ट सीरीज में इस तरह की पराजय अब महज एक खराब दौर कहकर टाली नहीं जा सकती।

यह कहना बिल्कुल गलत होगा कि भारत के पास टेस्ट क्रिकेट के लिए प्रतिभा की कमी है। घरेलू ढांचा आज भी विशाल है, रणजी ट्रॉफी और अन्य रेड बॉल टूर्नामेंट्स में गुणवत्ता और गहराई दोनों मौजूद हैं। समस्या टैलेंट की नहीं, दिशा की है। चयन को लेकर स्पष्टता का अभाव, खिलाड़ियों की भूमिकाओं को लेकर असमंजस और सबसे अहम टेस्ट क्रिकेट को लेकर प्राथमिकता की कमी। भारतीय क्रिकेट के सामने सबसे बड़ा और सबसे असहज सवाल यही खड़ा है: क्या टेस्ट क्रिकेट अब भी भारतीय क्रिकेट की पहचान का केंद्र है या वह धीरे-धीरे एक ऐसा प्रारूप बनता जा रहा है, जिसे बाकी फॉर्मेट्स के बीच किसी तरह समायोजित कर लिया जाए?

एक मजबूत टेस्ट टीम बनाना समय, धैर्य और निरंतरता मांगता है। इसके लिए सिर्फ सही खिलाड़ियों का चयन ही नहीं, बल्कि उन पर लंबे समय तक भरोसा भी जरूरी होता है। यह स्वीकार करना भी उतना ही अहम है कि संक्रमण के शुरुआती दौर में नतीजे असहज और अस्थिर हो सकते हैं। अगला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र किसी तात्कालिक समाधान या व्हाइट बॉल आत्मविश्वास के सहारे नहीं जीता जा सकता। इसके लिए एक स्पष्ट रूप से परिभाषित कोर टीम, घरेलू रेड बॉल प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में निरंतर निवेश और ऐसा शेड्यूल चाहिए, जो टेस्ट क्रिकेट की लय, तैयारी और मानसिक मांगों का सम्मान करे।

इसी दौरान, भारतीय महिला क्रिकेट ने यह दिखा दिया है कि दीर्घकालिक निवेश, स्पष्ट योजना और भरोसे का माहौल मिलकर क्या कर सकते हैं। पहली बार वनडे विश्व कप जीतना महज एक ट्रॉफी नहीं था, बल्कि वर्षों की निरंतर मेहनत, संरचनात्मक सुधार और धैर्यपूर्ण निर्माण का स्वाभाविक परिणाम था। इस सफलता का असर मैदान के बाहर भी साफ दिखाई देने लगा है। प्रायोजकों की दिलचस्पी बढ़ी है, मैचों की दृश्यता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और दर्शकों का जुड़ाव अब सिर्फ बड़े टूर्नामेंट्स तक सीमित नहीं रहा। महिला क्रिकेट अब धीरे-धीरे भारतीय क्रिकेट संस्कृति का एक स्थायी और सम्मानित हिस्सा बनता जा रहा है।

पुरुष टेस्ट टीम आज लगभग उसी तरह के चौराहे पर खड़ी है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे खिलाड़ियों के संन्यास ने उस अध्याय को बंद कर दिया है, जिसने पिछले डेढ़ दशक में आधुनिक भारतीय क्रिकेट को परिभाषित किया। उनकी अनुपस्थिति सिर्फ रन और विकेट की कमी नहीं लाएगी, बल्कि अनुभव, मैदान पर उपस्थिति और नेतृत्व के स्तर पर भी एक बड़ा शून्य छोड़ेगी। भारत ने पहले भी बदलाव के दौर देखे हैं और कई बार उनसे पहले से अधिक मजबूत बनकर निकला है। लेकिन इस बार चुनौती का पैमाना कहीं बड़ा है, क्योंकि यह सिर्फ खिलाड़ियों का नहीं, बल्कि पूरी टेस्ट पहचान के पुनर्निर्माण का दौर है।

अब जिम्मेदारी चयनकर्ताओं, प्रशासकों और अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों पर है कि वे इस खाली जगह को सिर्फ नामों से नहीं, बल्कि सोच और संस्कृति से भरें। सवाल यह नहीं है कि भारत अगला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीत पाएगा या नहीं। असली सवाल यह है कि क्या वह उस लक्ष्य के लिए जरूरी धैर्य और स्पष्टता दिखाने को तैयार है। भारतीय क्रिकेट के लिए 2026 संभावनाओं से भरा हुआ है। संसाधनों की कोई कमी नहीं है, प्रतिभा का भंडार मौजूद है और दर्शकों का समर्थन भी। जरूरत है तो सिर्फ एक साफ इरादे की शांत, धैर्यपूर्ण और अडिग टीम की। अगला अध्याय लिखा जाने के लिए तैयार है। यह अध्याय कैसे लिखा जाएगा, यही तय करेगा कि यह दौर एक अस्थायी गिरावट के रूप में याद किया जाएगा या एक नई मजबूत शुरुआत के रूप में।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



*भारत का व्हाइट बॉल क्रिकेट इस समय कहीं अधिक स्वस्थ और स्थिर नजर आता है। वनडे और टी-20 टीमों में संतुलन दिखता है, विकल्पों की कोई कमी नहीं है और खिलाड़ियों की भूमिकाएं अपेक्षाकृत स्पष्ट हैं। चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप की जीत ने इस भरोसे को और मजबूत किया है कि सीमित ओवरों के क्रिकेट में भारत अब भी दुनिया की अग्रणी ताकतों में शामिल है। नेतृत्व स्थिर प्रतीत होता है, युवा खिलाड़ियों को धीरे-धीरे जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं और चोट या रोटेशन जैसी परिस्थितियां भी टीम की समग्र मजबूती को खास नुकसान नहीं पहुंचा पाती।*

> *एक मजबूत टेस्ट टीम बनाना समय, धैर्य और निरंतरता मांगता है। इसके लिए सिर्फ सही खिलाड़ियों का चयन ही नहीं, बल्कि उन पर लंबे समय तक भरोसा भी जरूरी होता है। यह स्वीकार करना भी उतना ही अहम है कि संक्रमण के शुरुआती दौर में नतीजे असहज और अस्थिर हो सकते हैं। अगला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र किसी तात्कालिक समाधान या व्हाइट बॉल आत्मविश्वास के सहारे नहीं जीता जा सकता। इसके लिए एक स्पष्ट रूप से परिभाषित कोर टीम, घरेलू रेड बॉल प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में निरंतर निवेश और ऐसा शेड्यूल चाहिए, जो टेस्ट क्रिकेट की लय, तैयारी और मानसिक मांगों का सम्मान करे।*

## व्यंग्य

# अखिल भारतीय अवसरवादी पार्टी




पूरन सरमा
व्यंग्यकार


देश के वर्तमान हालात को देखकर 'भारतीय अवसरवादी पार्टी' नाम से एक राजनीतिक दल बनाए जाने की आवश्यकता है। वैसे तो हमारे यहां सभी दल अवसरवादी हैं, परंतु अब जो दल बने वह खुले रूप से ही अवसरवाद का नारा देकर सत्तारूढ़ हो, तो भारतीय जनता को किसी प्रकार का मुगालता भी नहीं रहेगा तथा अफसोस भी नहीं होगा। अवसरवाद का भारतीय राजनीति में सदैव ही बड़ा बोलबाला रहा है, इसलिए सामयिक आवश्यकता के रूप में अवसरवाद को राजनेताओं को खुले रूप में अपना लेना चाहिए। अब कथनी-करनी के फर्क का भी महत्त्व नहीं रहा है। 'कहो कुछ-करो कुछ' पर अब कोई पाबंदी नहीं है, और न ही कोई दबाव है। असंतोष तो जनता को केवल इतना-सा होता है कि उसके साथ धोखा क्यों किया। धोखा खाने को जनता तैयार है, परंतु कहकर धोखा खाना अब वह पसंद करने लगी है, इसलिए यदि कोई व्यक्ति इस समय 'अखिल भारतीय अवसरवादी पार्टी' का गठन कर ले, तो उसका सितारा चमक उठे तथा वही देश का कर्णधार भी बने। क्योंकि सत्य बोलने वाले पर हमारे देश की जनता फिदा है। अखिल भारतीय अवसरवादी पार्टी का औपचारिक संविधान बनाने की भी आवश्यकता नहीं है। क्योंकि अवसरवाद में किसी प्रकार के नियम-अधिनियम के निर्माण की जरूरत है ही नहीं। संविधान तो जो देश का है, वह उसी का पालन कर ले, यही बड़ी बात है।

अवसरवाद हमारी नियति है और हमें अवसरवाद से मुंह नहीं मोड़ना चाहिए। अवसरवाद समय की मांग है और मांग पूरी हो गई तो देश का कल्याण फिर संदिग्ध नहीं है। अब तक हो तो यह रहा है कि लोग बातें बड़ी-बड़ी करते रहे, परंतु करने के नाम पर हरिनाम और दगाबाजी। अवसरवादी पार्टी को दगाबाजी विरासत में मिलेगी तथा उसके मूलभूत सिद्धांतों में होगी, तो किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी। अवसरवाद हमारी रगों में खून बनकर बह रहा है, उसे अब भीतर नहीं रखना, अपितु बाहर लाना है। अवसरवाद की फसल लहलहाए, इससे बड़ी और फख्र की बात हमारे लिए क्या हो सकती है? अवसरवाद की जय-जयकार आजादी के बाद खूब हुई है। भारतीय अवसरवाद की मिसाल विश्व के दूसरे राष्ट्रों में भी देखने को नहीं मिलेगी।

हमारी टक्कर का अवसरवाद अन्यत्र दुर्लभ है। भारतीय राजनीति में जो उलटफेर हुआ है तथा नई पार्टी सत्ता में आई, तो जनविश्वास आश्वस्त हुआ था कि अब 'मोनोपोली' खत्म होगी तथा वास्तविक जनतंत्र बहाल होगा, परंतु हुआ वही ढाक के तीन पात। जिस दल को हटाकर नए दल को वोट देने की बात का बवेला मचा, वह बात मूल रूप में बेमानी सिद्ध हो गई।

नए सत्तारूढ़ लोग भी वही करने लगे, जो पहले वाले करते थे। पहले वालों पर आरोप थे, वही इन पर भी लगाए जा रहे हैं। वोट बटोरने तथा आरक्षित करने के वही घटिया पैंतरे, चाहे धार्मिक, जात-पांत अथवा बोली-भाषा से मिले, वही अपनाए जाने लगे। मंडल आयोग की सिफारिशें लागू करके सरकार ने अपने पक्ष में प्रबल जनसमर्थन का एक दिवास्वप्न देखा। अब चाहे देश सुलग उठा है, परंतु नियामकों को इससे क्या, उन्होंने तो वोट सिक्योर करने के लिए पासा फेंका था।

X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi

जय सोमनाथ!
वर्ष 2026 में आस्था की हमारी तीर्थस्थली सोमनाथ ज्योतिर्लिंग पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। बार-बार हुए हमलों के बावजूद हमारा सोमनाथ मंदिर आज भी अडिग खड़ा है! सोमनाथ दरअसल भारत माता की उन करोड़ों वीर संतानों के स्वाभिमान और अदम्य साहस की गाथा है, जिनके लिए अपनी संस्कृति और सभ्यता सदैव सर्वोपरि रही है।



**अमित शाह,** केंद्रीय गृह मंत्री
@AmitShah

प्रखर राष्ट्रवादी नेता श्रद्धेय कल्याण सिंह जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन। उत्तर प्रदेश में अपराध-मुक्त शासन के प्रतीक कल्याण सिंह जी ने देश की विरासत और सांस्कृतिक स्वाभिमान की रक्षा के सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया और अपने वैचारिक मूल्यों पर अडिग रहते हुए सत्ता का त्याग कर दिया। लोककल्याण और जनसेवा के प्रति उनके कार्य आज भी स्मरणीय हैं।



**नितिन गडकरी,** केंद्रीय मंत्री
@nitin_gadkari

समस्त भारतवर्ष की आस्था और श्रद्धा के केंद्र सोमनाथ ज्योतिर्लिंग पर हुए पहले आक्रमण को 1000 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। कई आक्रांताओं द्वारा बार-बार आक्रमण किए जाने के बावजूद, सोमनाथ मंदिर आज भी अडिग खड़ा है। यह भव्य और दिव्य मंदिर बस महज एक वास्तु नहीं है, बल्कि करोड़ों देशवासियों की आस्था और भारत की आत्मा है।

**लेखकों से आग्रह है...**
वे 'सच बेधड़क' में प्रकाशन के लिए अपने लेख, कविता, कहानी, व्यंग्य आदि रचनाएं हमें Editor@sachbedhadakdaily.com पर ई मेल करें। साथ में रचना के अप्रकाशित होने का स्वघोषणा पत्र भी भेजें।

## नॉलेज कॉर्नर: वैश्विक संघर्षों के दौर में शांति की संभावना और उसकी राह

# क्या दुनिया बिना युद्ध के रह सकती है?

विश्व में शांति का प्रश्न आज सबसे जटिल और बहस योग्य विषयों में से एक बन चुका है। युद्ध, संघर्ष और हिंसा की बढ़ती घटनाओं के बीच यह सवाल बार-बार उठता है कि क्या मानव सभ्यता कभी स्थायी शांति की ओर बढ़ पाएगी? युद्ध और शांति के अध्ययन से जुड़े विद्वानों का मानना है कि हाल के वर्षों में वैश्विक शांति की स्थिति लगातार कमजोर हुई है और वर्ष 2025 इस दृष्टि से विशेष रूप से निराशाजनक रहा। संयुक्त राष्ट्र द्वारा समर्थित स्वतंत्र निगरानी संस्थाओं और अंतरराष्ट्रीय शोध रिपोर्टों के अनुसार, बीते पांच वर्षों में वैश्विक सशस्त्र संघर्षों की संख्या लगभग दोगुनी हो चुकी है। केवल वर्ष 2025 में ही हिंसक संघर्षों में लगभग ढाई लाख लोगों की मृत्यु हुई। 'ग्लोबल पीस इंडेक्स' की रिपोर्ट बताती है कि दुनिया में शांति की स्थिति लगातार छठे वर्ष खराब हुई है, जो एक गंभीर चेतावनी है।

### शांति में गिरावट के प्रमुख कारण

शांति में आई इस गिरावट के पीछे कई संरचनात्मक और सामाजिक कारण हैं। वैश्विक व्यापार में ठहराव, विकासशील देशों पर बढ़ता ऋण बोझ, शांति निर्माण कार्यक्रमों में कटौती और युद्ध रोकने के प्रयासों की कमजोर होती प्रतिबद्धता, ये सभी कारक संघर्ष को बढ़ावा दे रहे हैं। विशेषज्ञ तीन बड़े कारणों की ओर संकेत करते हैं। पहला, उदार लोकतंत्रों का कमजोर होना और सत्तावादी शक्तियों का उभार। दूसरा, वैश्विक वित्तीय संकट और कोविड जैसी आपदाओं से उत्पन्न सामाजिक-आर्थिक अस्थिरता। तीसरा, वैश्वीकरण आधारित विकास मॉडल से पैदा हुई असमानता और सामाजिक विखंडन, जिसने समाजों को भीतर से कमजोर किया है।



### युद्ध अपरिहार्य नहीं

अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि युद्ध मानव स्वभाव का हिस्सा है और इसे रोका नहीं जा सकता। लेकिन आधुनिक शोध इस धारणा को खारिज करता है। मानव विज्ञान और जीव विज्ञान दोनों ही यह बताते हैं कि मनुष्य में युद्ध और शांति दोनों की प्रवृत्तियां मौजूद हैं। युद्ध कोई प्राकृतिक घटना नहीं, बल्कि एक सामाजिक और राजनीतिक प्रथा है, जो मानवीय निर्णयों से जन्म लेती है। इसका अर्थ यह है कि युद्ध मानव नियंत्रण से बाहर नहीं है। सामाजिक संरचनाएं, राजनीतिक विचारधाराएं और आर्थिक दबाव मानव निर्णयों को प्रभावित तो करते हैं, लेकिन वे उन्हें पूरी तरह तय नहीं करते। युद्ध एक विकल्प होता है, जिसे परिस्थितियों और प्राथमिकताओं के आधार पर चुना जाता है।

### शांति कैसे संभव है?

यह सच है कि सभी संघर्षों को तुरंत समाप्त नहीं किया जा सकता। लोगों और देशों के बीच ऐसे मतभेद होते हैं, जिनसे समझौता करना कठिन होता है। लेकिन सरकारें, समाज और अंतरराष्ट्रीय संगठन ऐसी परिस्थितियां जरूर बना सकते हैं, जिनसे युद्ध की संभावना कम हो और शांति के रास्ते मजबूत हों। शांति के आधारभूत तत्व स्पष्ट हैं, जवाबदेह और लोकतांत्रिक शासन, मानवाधिकारों का सम्मान, सक्षम संस्थाएं, सभी के लिए गरिमापूर्ण जीवन के अवसर और लैंगिक समानता पर आधारित समाज। हालांकि इन लक्ष्यों को हासिल करना आसान नहीं है और यह प्रत्येक समाज के लिए एक दीर्घकालिक राजनीतिक संघर्ष है।

### आगे की राह

विशेषज्ञों का मानना है कि शांति की दिशा में ठोस प्रगति के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीन प्राथमिक कदम उठाए जाने चाहिए। पहला, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मूल सिद्धांतों विशेषकर अहिंसा के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता को फिर से मजबूत करना। दूसरा, संयुक्त राष्ट्र और क्षेत्रीय शांति निर्माण अभियानों को पर्याप्त राजनीतिक और आर्थिक समर्थन देना। तीसरा, गाजा जैसे गंभीर और ज्वलंत संघर्षों के समाधान की दिशा में ईमानदार और निर्णायक प्रयास करना।

**युद्ध-शांति दोनों मानव निर्मित संस्थाएं**

*विश्व में शांति संभव है, क्योंकि युद्ध और शांति दोनों मानव निर्मित संस्थाएं हैं, न कि प्रकृति की अपरिवर्तनीय शक्तियां। यदि युद्ध मानवीय निर्णयों का परिणाम है, तो शांति भी उन्हीं निर्णयों से संभव हो सकती है। सवाल केवल इच्छाशक्ति, प्राथमिकताओं और सामूहिक जिम्मेदारी का है।* *-कंटेंट: रघुवीर जांगिड़*

## भाजपा नेता संगीत सोम को धमकी, एफआईआर दर्ज



**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले की सरधना सीट से पूर्व विधायक और भाजपा नेता संगीत सोम को कथित तौर पर बांग्लादेश से जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। इस संबंध में उन्होंने सरधना थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मणिपुर के बिष्णुपुर में विस्फोट, दो लोग घायल

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सोमवार सुबह हुए दो विस्फोटों में दो लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, पहला विस्फोट सुबह लगभग पौने छह बजे फौगाकचाओ थाना क्षेत्र के न्गाउकॉन इलाके में एक सुनसान मकान में हुआ। संदेह है कि इसमें 'संवर्धित विस्फोटक उपकरण शामिल था। पुलिस के मुताबिक, दूसरा विस्फोट सुबह करीब पौने नौ बजे इस मकान से लगभग 200 मीटर की दूरी पर हुआ, जहां स्थानीय लोग पहले विस्फोट की खबर सुनकर इकट्ठा हुए थे। इस विस्फोट में दो लोग घायल हो गए।

## असम में 5.1 तीव्रता का भूकंप, दो लोग घायल

**गुवाहाटी/मोरीगांव।** असम के मध्य भाग में सोमवार तड़के 5.1 तीव्रता का भूकंप आया और इससे जुड़ी घटनाओं में दो लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप मोरीगांव जिले में सुबह चार बजकर 17 मिनट पर 50 किलोमीटर की गहराई में दर्ज किया गया। भूकंप से मोरीगांव जिले में कुछ घरों को मामूली नुकसान पहुंचा। खबरों के अनुसार, मध्य-पूर्वी भूटान के साथ ही बांग्लादेश और चीन के कुछ हिस्सों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।

## आप के चार विधायक तीन दिन के लिए निलंबित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र के शेष तीन दिन के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के चार विधायकों को सोमवार को सदन से निलंबित कर दिया गया। उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण में बाधा डालने के लिए आप विधायकों संजीव झा, सोम दत्त, कुलदीप कुमार और जरनैल सिंह के खिलाफ कार्रवाई की गई। साल के पहले सत्र की शुरुआत सक्सेना के अभिभाषण से हुई। वायु प्रदूषण के मुद्दे पर आप विधायकों के प्रदर्शन के कारण उनके संबोधन में व्यवधान पैदा हुआ।

### अन्नाद्रमुक नेता वेलुमणि ने अमित शाह के साथ की विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा

# तमिलनाडु में पोंगल उत्सव में शामिल हुए गृह मंत्री अमित शाह

**एजेंसी** | तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से तमिलनाडु यात्रा के दौरान अन्नाद्रमुक नेता एस. पी. वेलुमणि ने मुलाकात की और राज्य में अगामी विधानसभा चुनाव में द्रमुक को हराने के लिए संभावित रणनीति पर चर्चा की।

वहीं, शाह ने सोमवार को यहां मन्नारपुरम में भाजपा के महिला मोर्चा द्वारा आयोजित भव्य पोंगल उत्सव में भी भाग लिया। चावल, दाल, गुड़ और घी से तैयार मीठा व्यंजन पोंगल 1,008 सजे बर्तनों में पकाया गया था, जिनके चारों ओर गन्ना रखा गया था। मन्नारपुरम पहुंचने पर शाह का स्वागत किया गया और फिर उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पोंगल बनाने में हिस्सा लिया।

भाजपा कार्यकर्ता मध्य जनवरी में मनाए जाने वाले इस उत्सव को 'नम्मा ऊरु मोदी पोंगल' नाम से आयोजित करते हैं, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदर्भ में जनता से जुड़ाव स्थापित करने का प्रयास है।

इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रमुख वानती श्रीनिवासन, भाजपा के तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन, केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई सहित अन्य नेता उपस्थित थे। इससे पहले, तमिलनाडु की अपनी दो दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन शाह ने तिरुवनैकवल स्थित प्राचीन श्री जंबुकेश्वर-अकिलन्देश्वरी मंदिर और श्रीरंगम में श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में दर्शन किए।



*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तमिलनाडु के त्रिची में 'नम्मा ऊरु मोदी पोंगल' उत्सव के दौरान भाजपा के तमिलनाडु चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन और अन्य लोगों के साथ।*

### द्रमुक को हराने पर मंत्रणा

अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेता वेलुमणि ने शाह से मुलाकात कर तमिलनाडु में मौजूदा राजनीतिक स्थिति और इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) को हराने के पार्टी के लक्ष्य को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। एक सूत्र ने सोमवार को बताया कि वेलुमणि ने रविवार रात यहां एक होटल में शाह के साथ संक्षिप्त चर्चा की थी। सूत्र ने बताया कि उन्होंने चुनावी मैदान में द्रमुक को हराने के लिए तैयार की जाने वाली रणनीतियों पर भी चर्चा की। ई. के. पलानीस्वामी के नेतृत्व वाली अन्नाद्रमुक तमिलनाडु में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का नेतृत्व करती है और शाह ने रविवार को कहा था कि यह गठबंधन इस वर्ष के विधानसभा चुनाव में राज्य में जीत दर्ज करेगा और सरकार बनाएगा।

### प्रदूषण नियंत्रण पोत समुद्र प्रताप ICG में शामिल, रक्षा मंत्री ने कहा-

# भारत रक्षा निर्माण में जटिल चुनौतियों से निपटने में सक्षम

**एजेंसी** | पणजी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के लिए देश में ही डिजाइन और निर्मित पहले प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' को सोमवार को यहां बल की सेवा में शामिल किया।

रक्षा मंत्री सिंह ने दक्षिण गोवा के वास्को स्थित जीएसएल में इस पोत को बल की सेवा में शामिल किया। उन्होंने कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत कदम है। 'मेक इन इंडिया' का असली मतलब ऐसी परियोजनाओं में दिखाई दे रहा है। इतने जटिल प्लेटफॉर्म के बावजूद हमने स्वदेशी सामग्री का यह स्तर हासिल किया है, जो दर्शाता है कि हमारा रक्षा औद्योगिक परिवेशी तंत्र अब काफी परिपक्व हो चुका है। सिंह ने कहा कि रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में भारत ने ऐसी क्षमताएं हासिल कर ली हैं कि आज वह इससे जुड़ी जटिल चुनौतियों से भी निपटने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि समुद्री संसाधन किसी एक देश की संपत्ति नहीं हैं, बल्कि मानवता की साझा विरासत हैं। जब विरासत साझा होती है, तो उसकी जिम्मेदारी भी साझा होती है।



*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गोवा में भारतीय तटरक्षक बल (ICG) के पहले स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित प्रदूषण नियंत्रण जहाज 'समुद्र प्रताप' को बल में शामिल करने के दौरान आईसीजी अधिकारियों के साथ।*

### इन कामों में होगी अहम भूमिका

यह पोत समुद्री प्रदूषण नियंत्रण नियमों को लागू करने, समुद्री कानून प्रवर्तन, खोज और बचाव अभियानों और भारत के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) की सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस पोत को औपचारिक रूप से दिसंबर में जीएसएल में तटरक्षक बल को सौंप दिया गया था।

### समुद्र प्रताप एक नजर में

- 114.5 मीटर लंबा है पोत
- 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का निर्माण में इस्तेमाल
- 4,200 टन वजनी है पोत है
- 22 नॉट से अधिक है गति
- 7,500 किलोवाट के दो डीजल इंजनों से संचालित है पोत
- 6,000 समुद्री मील तक है परिचालन क्षमता




### ICG का महिला सशक्तीकरण पर जोर

सिंह ने यह भी कहा कि तटरक्षक बल ने महिला सशक्तीकरण पर पूरा ध्यान दिया है। महिला अधिकारियों को पायलट, ऑब्जर्वर, एयर ट्रैफिक कंट्रोलर और लॉजिस्टिक्स ऑफिसर जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों पर नियुक्त किया गया है। इतना ही नहीं, उन्हें 'होवरक्राफ्ट' संचालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें अग्रिम मोर्चे के अभियानों में सक्रिय रूप से तैनात किया जा रहा है। आज महिलाएं न केवल सहायक भूमिकाओं में हैं, बल्कि अग्रिम पंक्ति की योद्धाओं के रूप में भी सेवा में हैं। इस पोत का निर्माण 'गोवा शिपयार्ड लिमिटेड' ने किया है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, केंद्रीय रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और आईसीजी के महानिदेशक परमेश शिवमणि भी समारोह में उपस्थित थे।

### केरल कांग्रेस ने किया विधानसभा चुनाव की रणनीति पर मंथन

# मैं कभी पार्टी लाइन से नहीं हटा: थरूर



**एजेंसी** | वायनाड (केरल)

कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य शशि थरूर ने सोमवार को कहा कि वह कभी भी पार्टी लाइन से अलग नहीं हुए हैं। ज्ञात रहे कि उनके हालिया बयानों और लेख ने पार्टी को रक्षात्मक मुद्रा में ला दिया था। थरूर केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सुल्तान बाथरी में आयोजित 'लक्ष्य 2026' नेतृत्व शिविर में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। शिविर का आयोजन राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति तैयार करने के लिए किया गया था।

थरूर ने कहा, मेरा सवाल यह है कि किसने कहा कि मैंने पार्टी की विचारधारा का उल्लंघन किया है? मैंने विभिन्न विषयों पर अपनी राय व्यक्त की है, लेकिन अधिकतर मामलों में पार्टी और मैं एक ही रुख पर कायम रहे हैं। थरूर ने कहा कि उन्होंने संसद में मंत्रियों के सामने जो सवाल उठाए थे, उनकी एक स्पष्ट दिशा थी और पार्टी को उनसे परेशान नहीं होना चाहिए। विवाद अक्सर तब उत्पन्न होते हैं, जब मीडिया की खबरें पूरी सामग्री पढ़े बिना केवल सुर्खियों पर आधारित होती हैं। उन्होंने कहा कि वह 17 साल से पार्टी में हैं और अपने सहयोगियों के साथ उनके अच्छे संबंध हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी का बचाव करने वाली उनकी टिप्पणी पर थरूर ने कहा कि यह आडवाणी के 98वें जन्मदिन पर शिष्टाचार का एक कार्य था। उन्होंने कहा, हमारी संस्कृति हमें बड़ों का सम्मान करना सिखाती है और मैंने वही किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा के रूप में देखे जाने वाले बयानों को लेकर एक अन्य विवाद का जिक्र करते हुए थरूर ने कहा कि उन्होंने केवल एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कही गई बातों को उद्धृत किया था।

### SIR के दौरान 'अमानवीय' आचरण, कई लोगों की मौत का आरोप

# कोर्ट में आज दाखिल करेंगे याचिका: ममता बनर्जी

**एजेंसी** | सागर द्वीप (पश्चिम बंगाल)

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि वह राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान किए गए अमानवीय आचरण के खिलाफ अदालत का रुख करेंगी।

ममता ने दक्षिण 24 परगना जिले के सागर द्वीप में एक जनसभा को संबोधित करते आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया से जुड़े भय, उत्पीड़न और प्रशासनिक मनमानी के कारण कई लोगों की मौत हुई है और कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। उन्होंने कहा, हम मंगलवार को अदालत में याचिका दायर करेंगे। यदि अनुमति मिली तो



मैं भी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर एक आम नागरिक के रूप में इस अमानवीय प्रक्रिया के खिलाफ आवाज उठाऊंगी। मैं एक प्रशिक्षित वकील भी हूं। हालांकि, बनर्जी ने यह स्पष्ट नहीं किया कि याचिका वह दायर करेंगी, राज्य सरकार द्वारा दायर की जाएगी या तृणमूल कांग्रेस द्वारा।

बनर्जी ने आरोप लगाया कि बिना वैध कारणों के मतदाता सूची से नामों को मनमाने ढंग से हटाया जा रहा है, जिससे विधानसभा चुनावों से पहले एक नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया डर पैदा करने वाली प्रक्रिया बन गई है। उन्होंने दावा किया कि गंभीर रोग से ग्रसित लोगों और बुजुर्ग नागरिकों को यह साबित करने के लिए लंबी कतारों में खड़े होने के लिए मजबूर किया जा रहा कि वे वैध मतदाता हैं। मुख्यमंत्री ने सवाल किया, अगर कोई भाजपा नेताओं के बूढ़े माता-पिता को पहचान साबित करने के लिए लाइन में खड़ा कर दे, तो उन्हें कैसा लगेगा? जब से एसआईआर शुरू हुआ है, डर से कई लोगों की मौत हो चुकी है और कई अन्य अस्पताल में भर्ती हैं।

### बांग्ला भाषी श्रमिकों के साथ भेदभाव बरतने का आरोप

बनर्जी ने भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी प्रवासी श्रमिकों के साथ कथित भेदभाव का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मैं उन्हें मुझे जान से मारने की चुनौती देती हूं, लेकिन मैं अपनी मातृभाषा बोलना बंद नहीं करूंगी। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव से पहले लोगों को प्रलोभन देती है और चुनाव जीतने के बाद दमनकारी कार्रवाई करती है। उन्होंने कहा, वे चुनाव से पहले 10,000 रुपए देते हैं और चुनाव खत्म होने के बाद बुलडोजर चला देते हैं।

### जनरल द्विवेदी ने की UAE के शीर्ष कमांडर से भेंट



**नई दिल्ली।** थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सैन्य कमांडर मेजर जनरल यूसुफ मायौफ सईद अल हलामी के साथ द्विपक्षीय सैन्य सहयोग बढ़ाने पर व्यापक वार्ता की। जनरल द्विवेदी दो देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण के तहत यूएई में हैं। पांच से छह जनवरी तक का यूएई दौरा समाप्त करने के बाद वह श्रीलंका जाएंगे। थलसेना प्रमुख की संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा खाड़ी क्षेत्र में बदल रहे घटनाक्रमों के बीच हो रही है, जिनमें यमन की स्थिति को लेकर यूएई और सऊदी अरब के बीच बढ़ता तनाव भी शामिल है।

### उपराष्ट्रपति ने एनसीसी कैडेटों को सराहा

# ऑपरेशन सिंदूर ने देश को गौरवान्वित किया: राधाकृष्णन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने सोमवार को कहा कि सशस्त्र बलों ने पिछले साल 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से भारत को गौरवान्वित किया। सैन्य बलों ने कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम देते हुए दुनिया के सामने देश के संकल्प और दृढ़ता का प्रदर्शन किया। राधाकृष्णन दिल्ली छावनी में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के गणतंत्र दिवस शिविर 2026 में कैडेट को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एनसीसी के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि लगभग 72,000 एनसीसी कैडेट नागरिक सुरक्षा उपायों के लिए स्वेच्छा से सेवाएं देकर 'एनसीसी योद्धा' बन गए। अधिकारियों के अनुसार, इन कैडेट ने आपातकालीन अभ्यास, रक्तदान शिविरों और नागरिक सुरक्षा से संबंधित अन्य गतिविधियों में सहायता की थी।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सशस्त्र बलों की राष्ट्र के सम्मान, संप्रभुता और उसके नागरिकों की रक्षा करने की अटूट प्रतिबद्धता का एक शक्तिशाली प्रतीक था।



*नई दिल्ली में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2026 के दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स के साथ।*

### एनसीसी कैडेट नए भारत के राजदूत

राधाकृष्णन ने अपने संबोधन में कैडेटों को नए भारत का राजदूत बताया, जो 2047 तक एक 'आत्मनिर्भर' और मजबूत भारत, एक विकसित भारत के निर्माण में योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि आज के तेजी से बदलते वैश्विक परिवेश में भारत को ऐसे युवाओं की आवश्यकता है, जो साहसी होने के साथ-साथ सहृदय भी हों, तकनीकी रूप से कुशल होने के साथ-साथ अच्छे मूल्यों में दृढ़ हों, चुनौतियों का सामना दृढ़ता से करें और अवसरों का आत्मविश्वास के साथ फायदा उठाएं।

### एनसीसी शिविर का किया उद्घाटन

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने सोमवार को एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया, जिसका समापन 28 जनवरी को प्रधानमंत्री की रैली के साथ होगा। देश भर से कुल 2,406 एनसीसी कैडेट, जिनमें 898 लड़कियां शामिल हैं, लगभग एक महीने तक चलने वाले इस शिविर में भाग ले रहे हैं। इससे पहले, शिविर में पहुंचने पर उपराष्ट्रपति को एनसीसी कैडेटों द्वारा 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया था। उपराष्ट्रपति ने 'एनसीसी हॉल ऑफ फेम' का भी दौरा किया।

### राज्य बार काउंसिल के चुनाव

# दिव्यांग वकीलों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा: SC

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह राज्य बार काउंसिल चुनावों में दिव्यांग अधिवक्ताओं का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी माना कि दिव्यांग वकीलों का बार काउंसिल में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए वैधानिक संशोधन की आवश्यकता हो सकती है। इस संबंध में, न्यायालय ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया से कहा कि वह दिव्यांग अधिवक्ताओं से आगामी चुनाव में नामांकन शुल्क के रूप में 15,000 रुपए ले, जो फिलहाल 1.25 लाख रुपए है। वकील पंकज सिन्हा की एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश जारी किया गया। पीठ में शामिल प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश जॉयमाल्या बागची ने बीसीआई के अध्यक्ष और वरिष्ठ वकील मनन कुमार मिश्रा से पूछा कि क्या मौजूदा वैधानिक ढांचे के तहत मुख्य काउंसिल में दिव्यांग अधिवक्ताओं के लिए कोई आरक्षण या समायोजन का प्रावधान नहीं है। उन्होंने अदालत को यह आश्वासन दिया कि बीसीआई राज्य बार काउंसिल की विभिन्न समितियों में प्रतिनिधित्व के माध्यम से दिव्यांग अधिवक्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित कर सकती है। प्रधान न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि अदालत की मुख्य चिंता दिव्यांग अधिवक्ताओं का उचित व प्रभावी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है।

## तमिलनाडु से 2500 किलोमीटर का सफर तय कर 45 दिन में पहुंचा बिहार के गोपालगंज... पूर्वी चंपारण जाना है

# रामायण मंदिर में स्थापित होगा 33 फीट ऊंचा, 210 टन वजनी शिवलिंग

■ **96 पहियों के ट्रक पर जारी है यात्रा, दर्शन के लिए उमड़ रहे हैं श्रद्धालु**

**एजेंसी** | गोपालगंज

बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में निर्माणाधीन विराट रामायण मंदिर में स्थापित किए जाने के लिए 33 फीट ऊंचा और 210 टन वजनी शिवलिंग सोमवार को पड़ोसी गोपालगंज जिले में पहुंचा। शिवलिंग के पहुंचते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए उमड़ पड़े। बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद (बीएसआरटीसी) के सदस्य सयान कुणाल ने बताया कि भगवान शिव का प्रतीक यह विशाल शिलाखंड तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश से होते हुए करीब 2,500 किलोमीटर की दूरी तय कर लगभग 45 दिनों में गोपालगंज पहुंचा है।

तमिलनाडु के महाबलीपुरम में निर्मित इस शिवलिंग को विशेष रूप से डिजाइन किए गए 96 पहियों वाले ट्रक पर लाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिवलिंग के 10 से 12 जनवरी के बीच मंदिर परिसर में पहुंचने की संभावना है, जबकि माघ कृष्ण चतुर्दशी के अवसर पर 17 जनवरी को इसकी औपचारिक स्थापना की जाएगी।

### कैसा होगा विराट रामायण मंदिर

- 270 फीट ऊंचा
- 18 शिखर होंगे परिसर में
- 22 मंदिर होंगे विभिन्न देवी देवताओं को समर्पित
- 2030 तक मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने की उम्मीद




### शिवलिंग को देखने के लिए लगी श्रद्धालुओं की लंबी कतारें

बिहार के मंत्री अशोक चौधरी और सयान कुणाल एवं अन्य लोगों ने शिवलिंग के समक्ष पूजा-अर्चना की। वाहन की गति जहां-जहां धीमी हुई या थोड़ी देर के लिए वह रुका, वहां श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। चौधरी ने पत्रकारों से कहा, यह केवल एक पत्थर की संरचना नहीं, बल्कि महान आध्यात्मिक संकल्प का प्रतीक है। बीएसआरटीसी के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत किशोर कुणाल ने ऐसे शिवलिंग की परिकल्पना की थी, जिसके दर्शन और पूजा से 1,008 शिवलिंगों की पूजा के बराबर पुण्य की प्राप्ति हो। आज उनका यह सपना साकार हो रहा है। किशोर कुणाल ने 20 जून, 2023 को पूर्वी चंपारण के कैथवलिया में विराट रामायण मंदिर की आधारशिला रखी थी।

### जर्मन चांसलर मर्ज 12 को भारत यात्रा पर आएंगे



**नई दिल्ली**। व्यापार, निवेश तथा रक्षा एवं सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने के लिए जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज अगले सप्ताह दो दिवसीय भारत यात्रा पर आएंगे। विदेश मंत्रालय ने मर्ज की भारत की पहली यात्रा की घोषणा करते हुए सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जनवरी को अहमदाबाद में जर्मन नेता का स्वागत करेंगे। जर्मन चांसलर बेंगलुरु की यात्रा भी करेंगे। यह यात्रा उच्च राजनीतिक स्तर पर नियमित बातचीत से उत्पन्न गति को और आगे बढ़ाएगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा भारत और जर्मनी के साझा दृष्टिकोण की पुष्टि करने का एक मूल्यवान अवसर प्रदान करेगी।

### भारतीयों को ईरान की गैर-जरूरी यात्रा न करने की सलाह

**नई दिल्ली**। भारत ने अपने नागरिकों से सोमवार को आग्रह किया है कि वे विरोध प्रदर्शनों से प्रभावित ईरान की गैर जरूरी यात्राओं से बचें। खस्ताहाल अर्थव्यवस्था को लेकर ईरान में विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं, जिससे देश बुरी तरह प्रभावित है। नई दिल्ली ने ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों को भी उचित सावधानी बरतने और विरोध प्रदर्शन या धरने वाले क्षेत्रों की यात्रा से बचने की सलाह दी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हाल के घटनाक्रम को देखते हुए भारतीय नागरिकों को अगली सूचना तक ईरान की गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। विदेश मंत्रालय ने ईरान में निवास वीजा पर रह रहे भारतीय नागरिकों को सलाह दी है कि अगर उन्होंने दूतावास में पहले से पंजीकरण नहीं करवाया है तो वे अब इस काम को पूरा कर लें।

## आंध्र प्रदेश: ऐहतियात के तौर पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा

# ONGC के कुएं में लगी भीषण आग, दो गांव खाली करवाए

**एजेंसी** | मोरी (आंध्र प्रदेश)

आंध्र प्रदेश के डॉ. बी. आर. अंबेडकर कोनासीमा जिले में तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) की उत्पादन इकाई दीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड के एक कुएं में गैस रिसाव के कारण सोमवार को भीषण आग लग जाने के बाद चार किलोमीटर के दायरे में स्थित दो गांवों को खाली कराना पड़ा। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ओएनजीसी के एक अधिकारी ने कहा कि फिलहाल घटनास्थल से किसी के भी घायल होने या मौत की कोई सूचना नहीं है।

अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, दीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा उत्पादन बढ़ाने के अभियान के तहत संचालित मोरी-5 कुएं में गैस पाइपलाइन में रिसाव के कारण यह आग लगी। पड़ोसी गांवों इरुसुमंडा और लक्कावरम के निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। गांवों से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए गए लोगों की संख्या फिलहाल पता नहीं चल सकी।

अग्निशमन विभाग के 10 वाहन आग बुझाने में जुटे हुए हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने आग की घटना के बारे में जानकारी ली और अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ आग बुझाने के निर्देश दिए।

गैस रिसाव के बाद, राजामुंद्री से ओएनजीसी के वरिष्ठ अधिकारी स्थिति का आकलन करने और आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए मलकीपुरम मंडल में स्थित कुआं मोरी-5 पर पहुंचे। कोनासीमा जिला प्रशासन भी घटनास्थल पर आग बुझाने तथा सुरक्षा उपायों का समन्वय कर रहा है। जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, उप कलेक्टर और ओएनजीसी के अधिकारी घटनास्थल से 100 मीटर दूर स्थित सचिवालय से स्थिति पर नजर रख रहे हैं।



*आंध्र प्रदेश के डॉ. बी. आर. अंबेडकर कोनासीमा जिले में सोमवार को ONGC की उत्पादक इकाई दीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड के एक कुएं में गैस पाइपलाइन लीक होने से लगी आग।*

### गैस का गुबार उठा और खेतों को ले लिया घेरे में

शुरुआत में गैस का एक घना सफेद गुबार उठा, जिसने आसपास के धान के खेतों और नारियल के बागों को घेर लिया। जिसके बाद आग लग गई और यह भीषण अग्निकांड गोदावरी नदी के डेल्टा के पार से देखा जा सकता था। 'पीटीआई वीडियो' के मुताबिक, वायरल हो रहे एक वीडियो में स्थानीय पुलिस और नारंगी, लाल तथा नीले रंग की वर्दी पहने श्रमिकों को इधर-उधर भागते देखा जा सकता है, जबकि पास में ही कुछ दमकल गाड़ियां भी देखी गईं।

### 600 मीटर के दायरे में नहीं है कोई रिहायशी इलाका, प्रभावित क्षेत्र सील

आग से प्रभावित कुआं एक दूरस्थ क्षेत्र में स्थित है, जिसके लगभग 600 मीटर के दायरे में कोई रिहायशी बस्ती नहीं है। ओएनजीसी ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र को सील कर दिया गया है, शीतलन अभियान शुरू कर दिए गए हैं और ओएनजीसी ने अपनी संकट प्रबंधन टीम (सीएमटी और आरसीएमटी) को सक्रिय कर दिया है।

## गेंदबाज रहमान को KKR से हटाने का विरोध

# बांग्लादेश ने IPL मैचों के प्रसारण पर लगाया प्रतिबंध





**एजेंसी** | ढाका

भारत और बांग्लादेश में क्रिकेट को लेकर भी तनाव बढ़ रहा है। बांग्लादेश ने तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बीसीसीआई के निर्देश पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से 'रिलीज' किए जाने के इस टी20 लीग के आगामी सत्र के मैचों के अपने देश में प्रसारण पर सोमवार को प्रतिबंध लगा दिया।

मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स को रहमान को 2026 की टीम से 'रिलीज' करने का निर्देश देते समय कोई तार्किक कारण नहीं बताया। इस फैसले से बांग्लादेश के लोग निराश और आहत हैं। आईपीएल के आगामी सत्र का आगाज 26 मार्च से होगा।

इससे पहले बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप के लिए भारत जाने से इनकार कर दिया था और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से टूर्नामेंट के सह-मेजबान श्रीलंका में अपने सभी लीग मैच स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था। टी20 विश्व कप के मूल कार्यक्रम के मुताबिक बांग्लादेश को कोलकाता में तीन और मुंबई में एक मैच खेलना है। ग्रुप सी में शामिल बांग्लादेश को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना पहला मैच खेलना है और उसके बाद पूर्व चैंपियन इंग्लैंड, इटली और नेपाल के खिलाफ खेलना है। अभी बांग्लादेश के अनुरोध पर उनके मैचों के कार्यक्रम में बदलाव नहीं किया गया है। ज्ञात रहे कि बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने रहमान को 'रिलीज' करने का निर्देश देते हुए केवल इतना कहा था कि यह 'मौजूदा घटनाक्रम' के कारण किया जा रहा है। उन्होंने हालांकि इसका कोई विशिष्ट कारण नहीं बताया था।

## 3 सप्ताह में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की पांचवीं घटना

# बांग्लादेश में फिर हिंदू युवक की हत्या

**एजेंसी** | ढाका

बांग्लादेश में सोमवार को एक और हिंदू कारोबारी युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह पिछले तीन हफ्ते में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की पांचवीं घटना है। यह घटना जाशोर जिले में हुई है। घटना को लेकर इलाके में तनाव है। घटना मोनिरामपुर उपजिला के कोपलिया बाजार स्थित वार्ड नंबर 7 में हुई। इससे पहले बांग्लादेश में सोमवार को ही एक हिंदू विधवा महिला के साथ बलात्कार की घटना भी सामने आई। इससे बांग्लादेश में चुनावों से पहले कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। वहां 12 फरवरी को आम चुनाव होने हैं। मृतक युवक की पहचान राणा प्रताप बैरागी के रूप में हुई है। वह केशवपुर उप जिला के अरुआ गांव का रहने वाला था। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस सूत्रों के मुताबिक जब राणा प्रताप बाजार में बैठा था, तभी कुछ अज्ञात हमलावरों ने उसके ऊपर गोलियां बरसा दीं। उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### गोली मारने के बाद गला रेता

स्थानीय मीडिया की खबरों में बताया गया है कि कारोबारी के सिर में तीन गोली मारने के बाद उनका गला रेत दिया गया। बांग्ला भाषा के दैनिक समाचार पत्र 'प्रथम आलो' के अनुसार बैरागी की मोनिरामपुर के कोपलिया बाजार में बर्फ बनाने की फैक्टरी थी। इसके अलावा वह नरैल से प्रकाशित होने वाले समाचार पत्र 'दैनिक बीडी खबर' का कार्यवाहक संपादक भी था। 'बीडीन्यूज24' समाचार पोर्टल के अनुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अबुल बासर ने बताया कि यह घटना सोमवार शाम लगभग 5:45 बजे कोपालिया बाजार में हुई। अखबार ने मोनिरामपुर पुलिस थाने के प्रभारी मोहम्मद राजिउल्लाह खान कहा कि हत्या का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

### अमेरिका में भारतीय महिला की हत्या, पूर्व प्रेमी पर संदेह

**लास वेगास/न्यूयॉर्क**। अमेरिका के मैरीलैंड राज्य से पिछले सप्ताह लापता हुई 27 वर्षीय भारतीय महिला मृत पाई गई है। पुलिस को संदेह है कि महिला के पूर्व प्रेमी ने उसकी हत्या की है और वह भारत फरार हो गया है। मैरीलैंड के एलिकॉट सिटी की रहने वाली निकिता गोडिशाला दो जनवरी को लापता हो गई थी। हॉवर्ड काउंटी पुलिस ने एक बयान में बताया कि निकिता का शव कोलंबिया स्थित उसके पूर्व प्रेमी अर्जुन शर्मा के अपार्टमेंट से बरामद हुआ है। शव पर चाकू के घाव थे। पुलिस ने अर्जुन शर्मा के खिलाफ हत्या के आरोपों में गिरफ्तारी वारंट हासिल कर लिया है।

### तमिलनाडु में किसानों से मिले शिवराज सिंह



*केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तमिलनाडु के इरोड में किसानों के साथ बातचीत के दौरान बैलगाड़ी पर सवारी करते हुए।*

## दिल्ली दंगा मामले में सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

# उमर-शरजील को जमानत नहीं, पांच को सशर्त मिली

**बेधड़क** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली दंगा मामले में आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार कर दिया है। शीर्ष अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि दोनों आरोपी एक वर्ष तक इस मामले में दोबारा जमानत याचिका दाखिल नहीं कर सकेंगे।

हालांकि, इसी केस में पांच अन्य आरोपियों को 12 शर्तों के साथ जमानत प्रदान की गई है। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की पीठ ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि उमर खालिद और शरजील इमाम के खिलाफ प्रथम दृष्टया गंभीर आरोप बनते हैं और मौजूदा चरण में उन्हें जमानत पर रिहा करने का कोई आधार नहीं है। गौरतलब है कि उमर खालिद, शरजील इमाम समेत अन्य आरोपी फरवरी 2020 में हुए दिल्ली दंगों से जुड़े मामले में UAPA के तहत करीब पांच साल से अधिक समय से तिहाड़ जेल में बंद हैं। इन दंगों में 53 लोगों की मौत हुई थी और सैकड़ों लोग घायल हुए थे।



उमर खालिद



शरजील इमाम

### साजिश रचने व रणनीतिक निर्देश देने में थे शामिल

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों से पता चलता है कि उमर खालिद और शरजील इमाम वर्ष 2020 के दिल्ली दंगों की 'साजिश रचने, लामबंदी करने और रणनीतिक दिशा-निर्देश देने' में शामिल थे। सुप्रीम कोर्ट ने यूएपीए की धारा 43डी (5) का हवाला दिया, जिसके अनुसार यदि किसी मामले की डायरी या आरोप पत्र की पड़ताल करने पर न्यायालय को यह विश्वास करने के लिए उचित आधार मिलता हैकि किसी व्यक्ति के खिलाफ आरोप प्रथम दृष्टया सही है तो न्यायालय को जमानत देने से इनकार करना होगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि जब अभियोजन सामग्री प्रथम दृष्टया अपराध को उजागर करती है, तो वैधानिक प्रतिबंध प्रभावी होने चाहिए और यदि ऐसा नहीं है तो स्वतंत्रता प्रभावी होनी चाहिए।

### दिल्ली पुलिस ने यह कहा था अदालत में

दिल्ली पुलिस ने शीर्ष अदालत को बताया था कि खालिद, इमाम और अन्य लोगों ने शांतिपूर्ण विरोध की आड़ में सत्ता परिवर्तन अभियान चलाकर देश की संप्रभुता और अखंडता पर हमला करने की साजिश रची थी। पुलिस ने कहा था कि उसने आरोपियों के खिलाफ प्रत्यक्ष, दस्तावेजी और तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए हैं जो सांप्रदायिक आधार पर राष्ट्रव्यापी दंगों को भड़काने में उनकी अंतर्निहित, गहरी और प्रबल संलिप्तता को दर्शाते हैं। दिल्ली पुलिस ने दावा किया कि दंगे स्वत: नहीं हुए थे बल्कि ये सुनियोजित, पूर्व-नियोजित और सुव्यवस्थित हमला थे।

## राजद्रोह के मामले की सुनवाई

# शेख हसीना के खिलाफ 21 को तय होंगे आरोप

**एजेंसी** | ढाका



बांग्लादेश की एक अदालत ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और 285 अन्य लोगों के खिलाफ राजद्रोह के मामले में आरोप तय करने की तारीख 21 जनवरी निर्धारित की। समाचार पोर्टल 'टीबीएस न्यूज' के अनुसार यह मामला उन आरोपों से संबंधित है कि हसीना और अवामी लीग के सैकड़ों सदस्यों ने दिसंबर 2024 में 'जॉय बांग्ला ब्रिगेड' नामक एक समूह की ऑनलाइन बैठक में भाग लिया था। आरोप है कि बैठक के दौरान उन्होंने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को उखाड़ फेंकने की कथित तौर पर साजिश रची थी। यह समूह अवामी लीग और हसीना के पिता शेख मुजीबुर रहमान की विरासत का प्रबल समर्थक है। सुनवाई के बाद, विशेष न्यायाधीश अब्दस सलाम ने हसीना और 285 अन्य लोगों के खिलाफ आरोप तय करने के लिए 21 जनवरी की तारीख निर्धारित की। छात्रों के हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद पांच अगस्त, 2024 को हसीना बांग्लादेश छोड़कर भारत चली गईं।

# स्पोर्ट्स बेधड़क

**आज के मुकाबले**

| ऑस्ट्रेलिया v/s इंग्लैंड | श्रीलंका v/s पाकिस्तान |
|---|---|
| समय: सुबह 5.00 बजे से | समय: शाम 7.00 बजे से |
| सिडनी | दाबूला |

## खेल हलचल

### वैभव की आतिशी फिफ्टी से भारत जीता

**बेनोनी (साउथ अफ्रीका)।** वैभव सूर्यवंशी के शानदार आतिशी 64 रनों की बदौलत भारत अंडर-19 टीम ने दक्षिण अफ्रीका की अंडर-19 टीम को 25 रनों से हराया। वैभव ने पहले 19 बॉल पर अर्द्धशतक पूरा किया, फिर 24 गेंदों पर 68 रन बनाए। उन्होंने पारी में 10 छक्के और एक चौका भी जमाया। इस तरह उन्होंने 68 में से 64 रन बाउंड्री से बनाए। वैभव ने छक्के से खाता खोला। फिर फिफ्टी पूरी होते-होते 8 छक्के लगा दिए। 246 के टारगेट का पीछा करते हुए टीम इंडिया ने 12.5 ओवर में 2 विकेट खोकर 115 रन बना लिए। तभी खराब रोशनी के कारण खेल रोका गया। फिर 27 ओवर में 174 रन का रिवाइज्ड टारगेट मिला। भारत ने 23.3 ओवर में मैच जीत लिया। 245 रन का टारगेट चेज करने उतरी भारतीय टीम ने वैभव की फिफ्टी के सहारे तेज शुरुआत की। टीम ने 10 ओवर के पावरप्ले-1 में 2 विकेट पर 103 रन बना डाले थे। वैभव ने पहले ओवर में दो छक्के लगाए थे। टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी अफ्रीकी टीम 49.3 ओवर में 245 रन पर ऑलआउट हो गई। जानसन रोवल्स ने 113 बॉल पर 114 रनों की पारी खेली। इस पारी में 7 चौके और 3 छक्के शामिल रहे।



### मीत का शतक, कोडाई क्रिकेट अकादमी जीती

**जयपुर।** नेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर अंडर-19 वीर तेजा कप में कोडाई क्रिकेट अकादमी ने संस्कार क्रिकेट अकादमी को 81 रन से हराया। कोडाई क्रिकेट अकादमी ने 40 ओवर में 259/5 रन बनाए। मीत राहुल पारीक ने 104, वशिष्ठ ने 62 व उत्कर्ष सैनी ने 50 रन की पारी खेली। आदित्य वाधवा ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी संस्कार क्रिकेट अकादमी 37.3 ओवर में 178 रन पर ऑल आउट हो गई। दर्श पारीक व आरव कुमार ने 42-42 रन और आर्यमन शर्मा ने 38 रनों का योगदान दिया। जतिन सांवरिया ने तीन विकेट और नयन माली व गुणवंश निरवान ने दो-दो विकेट लिए।



### विश्व बिलियर्ड्स विजेता कोठारी का निधन

**कोलकाता।** पूर्व विश्व बिलियर्ड्स चैंपियन मनोज कोठारी का सोमवार को तमिलनाडु के तिरुनेलवेली स्थित एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। यह जानकारी उनके परिवार के एक सदस्य ने को दी। वह 67 वर्ष के थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी और पुत्र सौरव कोठारी (पूर्व विश्व चैंपियन) और बेटी श्रेया कोठारी हैं। राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच कोठारी का तिरुनेलवेली के एक अस्पताल में एक सप्ताह से अधिक समय से इलाज चल रहा था। परिवार के सदस्य ने बताया कि सुबह करीब 7.30 बजे उन्हें दिल का दौरा पड़ा। उनका अंतिम संस्कार सोमवार शाम को तिरुनेलवेली के पास हुआ। पूर्व विश्व चैंपियन कोठारी तीन दशकों से अधिक समय तक भारतीय बिलियर्ड्स में एक प्रभावशाली व्यक्ति रहे थे। उनके बेटे सौरव ने भी 'क्यू खेलों (बिलियर्ड्स और स्नूकर)' में भारत के आधुनिक महान खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया है।



**विजय हजारे ट्रॉफी:** चोट के बाद मुंबई के कप्तान शार्दुल ठाकुर बाहर

# अब श्रेयस अय्यर को कमान

**एजेंसी** | मुंबई

भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को सोमवार को विजय हजारे ट्रॉफी के बाकी बचे मुकाबलों के लिए मुंबई का कप्तान नियुक्त किया गया है, क्योंकि नियमित कप्तान शार्दुल ठाकुर चोट के कारण बाहर हो गए हैं। अय्यर भी लंबे समय तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे हैं। पिछले साल अक्टूबर में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एक दिवसीय मैच के दौरान उन्हें स्प्लीन (तिल्ली) में चोट लगी थी और अंदरूनी रक्तस्राव हुआ था।

मुंबई के मुख्य चयनकर्ता संजय पाटिल ने सोमवार को बताया कि शार्दुल को चोट लगी है और उसे आराम की सलाह दी गई है। पाटिल ने बताया कि हमारे पास शिवम दुबे और सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ी उपलब्ध हैं और श्रेयस अय्यर को बाकी बचे मुकाबलों के लिए मुंबई का कप्तान नियुक्त किया गया है। एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए भारत के उप कप्तान अय्यर को न्यूजीलैंड के खिलाफ वडोदरा में 11 जनवरी से शुरू हो रही तीन मैच की शृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है, लेकिन उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर करेगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ दो अन्य एक दिवसीय राजकोट में 14 जनवरी और इंदौर में 18 जनवरी को खेले जाएंगे।

#### सूर्यकुमार की उपस्थिति, फिर भी अय्यर कप्तान

दिलचस्प बात यह है कि टीम में भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव भी शामिल हैं, जो हिमाचल प्रदेश और पंजाब के खिलाफ आगामी मैचों में खेलेंगे। इसके बावजूद चयनकर्ताओं ने अय्यर के अनुभव और उनके भारतीय वनडे टीम के उप कप्तान होने के नाते उन्हें कप्तानी सौंपने का फैसला किया। मुंबई फिलहाल एलीट ग्रुप सी में दूसरे स्थान पर है। नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने के लिए उसे अपने अगले दो मैचों में से कम से कम एक जीत दर्ज करनी होगी। टीम में सरफराज खान की वापसी और नए ऑफ स्पिनर शशांक अत्तार्डे के शामिल होने से टीम को मजबूती मिली है। श्रेयस के लिए यह मैच फिटनेस साबित करने का आखिरी मौका होगा, जिसके बाद वह न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम से जुड़ेंगे। अय्यर मंगलवार को हिमाचल के खिलाफ ग्रुप सी मैच और फिर आठ जनवरी को पंजाब के खिलाफ मैच में मुंबई की अगुवाई करेंगे।





### गिल ने एसएमएस एकेडमी में बहाया पसीना

सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित क्रिकेट एकेडमी में भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल ने जमकर पसीना बहाया। पहले तो उन्होंने नेट्स में जमकर बल्लेबाजी की। उसके बाद फिल्डिंग की और स्प्रिंट भी लगाई। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने उन्हें नेट्स में गेंदबाजी की। गिल विजय हजारे ट्रॉफी में मंगलवार को जयपुरिया मैदान पर अपना पहला मैच खेलेंगे और इसके बाद वे 8 जनवरी को भी खेलेंगे। वहीं दूसरी ओर मुंबई के कप्तान श्रेयस ने भी जयपुरिया में नेट्स में करीब 15 मिनट तक बल्लेबाजी का अभ्यास किया। इसके अलावा छत्तीसगढ़, सिक्किम की टीमों ने भी एकेडमी में जमकर अभ्यास किया। जबकि मुंबई टीम ने जयपुरिया में अभ्यास किया। सवाई मानसिंह स्टेडियम में सेना दिवस के कार्यक्रम की वजह से अब शेष मैचों को जयपुरिया के अलावा अनंतम, केएल सैनी और सोनी मैदान पर शिफ्ट किया।

### राजन कुमार डॉप जांच में पॉजिटिव के बाद निलंबित

**नई दिल्ली।** क्रिकेट से जुड़े एक दुर्लभ मामले में उत्तराखंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज राजन कुमार के डोप जांच में पॉजिटिव पाए जाने के बाद नाडा ने उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। इस 29 साल के क्रिकेटर के नमूने में 'एनाबॉलिक स्टेरॉयड' ड्रोस्टानोलोन और मेटेनोलोन के साथ-साथ क्लोमीफीन भी पाया गया, जिसका उपयोग आमतौर पर महिलाओं में बांझपन के इलाज के लिए किया जाता है। यह हालांकि पुरुषों में टेस्टोस्टेरोन के स्तर को बढ़ाने की क्षमता भी रखता है। उत्तराखंड के इस खिलाड़ी ने अपना पिछला मैच आठ दिसंबर को अहमदाबाद में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप डी के मैच में दिल्ली के खिलाफ खेला था। क्रिकेटरों के डोप जांच में विफल होने के मामले बहुत कम हैं। मध्य प्रदेश के ऑलराउंडर अंशुला राव 2020 में डोपिंग के लिए पकड़े गए थे, जबकि पृथ्वी साव 2019 में डोप जांच में पॉजिटिव पाये गये थे। नोंगमैथेम रतनबाला देवी भी डोप टेस्ट में विफल होने वाली दुर्लभ फुटबॉल खिलाड़ियों में से एक बन गईं।

**पांचवा एशेज टेस्ट:** इंग्लैंड 384 रन पर सिमटा, ऑस्ट्रेलिया के दो विकेट पर 166 रन

## ऑस्ट्रेलिया का पलटवार, हैड शतक के करीब

**एजेंसी** | सिडनी

जो रूट के मौजूदा एशेज शृंखला के दूसरे शतक से इंग्लैंड ने पांचवें टेस्ट मैच के दूसरे दिन बड़ा स्कोर बनाया, लेकिन ट्रेविस हेड की आक्रामक बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में शानदार शुरुआत की। रूट की 160 रन की पारी के बदौलत इंग्लैंड की पहली पारी चाय के विश्राम से पहले 384 रन पर सिमटी गई। यह ऑस्ट्रेलिया में रूट का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट स्कोर है। दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 166 रन बना लिए थे। ट्रेविस हैड 87 गेंद में 91 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। वह पांच मैचों की शृंखला में अपने तीसरे शतक से नौ रन दूर हैं। बेन स्टोक्स ने दिन के आखिरी सत्र में जैक वेदरल्ड (21) और शानदार बल्लेबाजी कर रहे मार्नस लाबुशेन (48) को आउट कर दो सफलता हासिल की। रूट ने 242 गेंद में 160 रन बनाए और वह माइकल नेसेर को रिटर्न कैच देकर लौटे। नेसेर ने 60 रन देकर चार विकेट चटकाए। रूट ने अपनी पारी में 15 चौके जड़े। उन्होंने अपनी पारी की 146वीं गेंद पर 41वां शतक पूरा करने के बाद उसी अंदाज में जश्न मनाया, जिस तरह उन्होंने इस दौरे के ब्रिसबेन टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर अपना पहला शतक पूरा करने के बाद मनाया था। दिन के खेल के बाद 163 टेस्ट के अनुभवी इस खिलाड़ी ने कहा, मुझे ऐसा लगा कि इस पूरी शृंखला में हमें जबरदस्त समर्थन मिला है और हम एक समूह के रूप में अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाए हैं, लेकिन यह समर्थन कभी कम नहीं हुआ।



ट्रेविस हैड।

## PGTI में बांग्लादेशी खिलाड़ियों की भागीदारी पर फैसला नहीं

**एजेंसी** | नई दिल्ली

क्रिकेटर और पीजीटीआई के अध्यक्ष कपिल देव ने कहा कि भारत के पीजीटीआई में बांग्लादेशी खिलाड़ियों की भागीदारी को लेकर अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा कारणों से और अपनी सरकार की सलाह के बाद भारत में अगले महीने टी20 विश्व कप के लिए टीम नहीं भेजने का फैसला लिया। पूर्व में आईपीएल टीम केकेआर ने बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम से अलग करने का फैसला किया था। पीजीटीआई टूर से बांग्लादेशी खिलाड़ियों को बाहर करने की संभावना के बारे में पूछने पर कपिल ने कहा कि हम इस पर बात करेंगे। अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है।



# बिजनेस बेधड़क



**शेयर बाजार**

| सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 85,439.62 | 26,250.30 |
| (-322.39) | (-78.25) |



**सर्राफा**

| सोना शुद्ध | जेवराती सोना | चांदी |
|---|---|---|
| 1,39,500 | 1,30,400 | 2,43,000 |
| (+2,000) | (+1,800) | (+4,200) |

## जरूरी खबर

### एयर इंडिया-एयर इंडिया एक्सप्रेस को प्रमुखों की तलाश

**मुंबई।** टाटा समूह ने एयर इंडिया और उसकी अनुषंगी एयर इंडिया एक्सप्रेस के लिए नए शीर्ष अधिकारियों की तलाश शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, एयर इंडिया के वर्तमान मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन का कार्यकाल 2027 में समाप्त होने वाला है और दोनों पक्ष उसके बाद अनुबंध नवीनीकरण के इच्छुक नहीं हैं।

इसी तरह, एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह का कार्यकाल भी 2027 में पूरा होगा, जिसके बाद उनके उत्तराधिकारी की नियुक्ति पर विचार किया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि नए प्रमुखों के चयन की प्रक्रिया में तीन से छह महीने का समय लग सकता है।

### देश के आठ शहरों में कार्यालय पट्टों की मांग 25% बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख शहरों में घरेलू और विदेशी कंपनियों की मजबूत मांग के चलते वर्ष 2025 में कार्यालय स्थान को पट्टे पर देने की मांग 25% बढ़कर 6.14 करोड़ वर्ग फुट हो गई। यह जानकारी रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी कुशमैन एंड वेकफील्ड ने दी। बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, दिल्ली-एनसीआर और चेन्नई में शुद्ध कार्यालय पट्टा मांग में वृद्धि दर्ज की गई। कुशमैन एंड वेकफील्ड के सीईओ अंशुल जैन ने कहा कि भारत में वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के विस्तार की बढ़ती गतिविधियों के कारण 2026 में भी मांग मजबूत बने रहने की उम्मीद है।

**वैश्विक तनाव के बीच शेयर बाजार फिसला, निफ्टी भी 78 अंक टूटा**

# ट्रंप की टैरिफ चेतावनी से शेयर बाजार ने गंवाई बढ़त, सेंसेक्स 322 अंक गिरा


**एजेंसी** | मुंबई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय उत्पादों पर शुल्क और बढ़ाने की ताजा चेतावनी ने सोमवार को घरेलू शेयर बाजार को सतर्क कर दिया। दिनभर के उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद बीएसई सेंसेक्स 322.39 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 85,439.62 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 78.25 अंक यानी 0.30 प्रतिशत टूटकर 26,250.30 अंक पर आ गया।

कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 446.68 अंक फिसलकर 85,315.33 के निचले स्तर तक पहुंच गया था। निफ्टी ने सत्र की शुरुआत में 26,373.20 अंक का रिकॉर्ड स्तर छुआ, लेकिन बाद में मुनाफावसूली और वैश्विक संकेतों के दबाव में अपनी बढ़त गंवा बैठा। विशेषज्ञों के अनुसार, रिकॉर्ड ऊंचाई के बाद निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया और मुनाफावसूली हावी हो गई। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका द्वारा वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई और इसके बाद ट्रंप की भारत पर सीमा शुल्क बढ़ाने की टिप्पणियों से वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक तनाव बढ़ा है। इसका असर बैंकिंग, आईटी और ऊर्जा क्षेत्र के दिग्गज शेयरों पर पड़ा और बाजार पर दबाव बना रहा।

बीएसई पर कुल 2,545 शेयर गिरावट में बंद हुए, जबकि 1,723 शेयरों में तेजी रही और 203 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। सेंसेक्स की गिरावट में एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से शामिल रहे। वहीं भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा स्टील और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में खरीदारी देखने को मिली। क्षेत्रवार सूचकांकों में आईटी खंड सर्वाधिक 1.37 प्रतिशत गिरा। तेल एवं गैस, फोकस आईटी और ऊर्जा खंड में भी करीब एक प्रतिशत या उससे अधिक की गिरावट दर्ज की गई। हालांकि रियल्टी खंड 2.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। व्यापक बाजार में बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.07 प्रतिशत और मिडकैप सूचकांक 0.05 प्रतिशत गिरकर बंद हुए।

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट सूचकांक मजबूती के साथ बंद हुए, जबकि हांगकांग का हैंग सेंग मामूली बढ़त के साथ रहा। यूरोपीय बाजारों में भी कारोबार के दौरान तेजी देखी गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 0.13 प्रतिशत गिरकर 60.67 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।





#### गिरावट वाले प्रमुख शेयर

- एचडीएफसी बैंक
- रिलायंस इंडस्ट्रीज
- इन्फोसिस
- टीसीएस
- बजाज फाइनेंस

#### तेजी में

- भारत इलेक्ट्रॉनिक्स
- हिंदुस्तान यूनिलीवर
- टाटा स्टील
- अल्ट्राटेक सीमेंट

## बाजार हलचल

### चांदी के दामों में इजाफा, 4,200 रुपए बढ़ी

**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में एक बार फिर तेज उछाल देखने को मिला। जयपुर सर्राफा ट्रेडर्स के अनुसार चांदी के दाम एक ही दिन में 4,200 रुपए बढ़कर 2,43,000 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गए। लगातार बढ़ती मांग के चलते चांदी की कीमतों में तेजी दर्ज की गई है। वहीं, सोने की कीमतों में भी मजबूती रही। 24 कैरेट सोना 2,000 रुपए महंगा होकर 1,39,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। व्यापारियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की मांग में तेजी, डॉलर के मुकाबले रुपए में कमजोरी और औद्योगिक उपयोग बढ़ने से कीमतों पर दबाव बना हुआ है। जानकारों के अनुसार, यदि वैश्विक बाजारों से सकारात्मक संकेत मिलते रहे तो आने वाले दिनों में चांदी के दामों में मजबूती बनी रह सकती है।

### एएचपीआई ने स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के लिए 'सिबिल' जैसी रेटिंग की मांग की

**नई दिल्ली।** एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) की पश्चिम उत्तर प्रदेश इकाई ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए बीमा कंपनियों और थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेटर (टीपीए) के लिए 'सिबिल' जैसी रेटिंग प्रणाली लागू करने की मांग की है। एएचपीआई का कहना है कि बैंकिंग क्षेत्र में सिबिल स्कोर जैसी व्यवस्था से पारदर्शिता आती है और उसी तर्ज पर स्वास्थ्य बीमा कंपनियों की भी साख व जोखिम स्तर का आकलन होना चाहिए। इकाई के अध्यक्ष डॉ. अनुराग मेहरोत्रा ने कहा कि मौजूदा बीमा और टीपीए प्रक्रियाएं काफी हद तक अपारदर्शी हैं, जिससे अस्पतालों और मरीजों दोनों को परेशानी होती है।

### टाटा पावर सोलररूफ: 345% की वृद्धि

**नई दिल्ली।** टाटा पावर की इकाई टाटा पावर सोलररूफ ने चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान एक गीगावाट की रूफटॉप सौर क्षमता स्थापित कर ली है। कंपनी ने बताया कि इस अवधि में 1.7 लाख से अधिक नए रूफटॉप सौर संयंत्र लगाए गए, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 345 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

**हंड्रेड मिलियन जॉब्स मिशन की शुरुआत**

# उद्योग जगत देगा 10 साल में 10 करोड़ को रोजगार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश में रोजगार सृजन को नई गति देने के लिए उद्योग जगत के दिग्गजों के एक समूह ने 'हंड्रेड मिलियन जॉब्स' नामक राष्ट्रीय पहल की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य आगामी दस वर्षों में भारत में 10 करोड़ नए रोजगार अवसर पैदा करना है। तेज आर्थिक वृद्धि के बावजूद रोजगार की धीमी रफ्तार को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। इस मुहिम की घोषणा नैसकॉम के सह-संस्थापक हरीश मेहता, वैश्विक उद्यमी नेटवर्क 'द इंडस एंटरप्रेन्योर्स' (टीआईई) के संस्थापक ए. जे. पटेल और सेंटर फॉर इनोवेशन इन पब्लिक पॉलिसी (सीआईपीपी) के संस्थापक के यतीश राजावत ने की। आयोजकों के अनुसार, भारत में कार्यशील आयु की जनसंख्या हर साल करीब 1.2 करोड़ की दर से बढ़ रही है, जबकि पारंपरिक क्षेत्रों में रोजगार सृजन की गति अपेक्षाकृत धीमी बनी हुई है। विशेषज्ञों का कहना है कि नए कार्यबल को समायोजित करने और जनसांख्यिकीय लाभांश का पूरा लाभ उठाने के लिए देश को हर साल 80 से 90 लाख नई नौकरियां सृजित करनी होंगी। हालांकि, स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल से कई क्षेत्रों में शुरुआती स्तर के रोजगार घट रहे हैं, जिससे रोजगार और आर्थिक वृद्धि के बीच असंतुलन की चिंता बढ़ी है। 'हंड्रेड मिलियन जॉब्स' पहल के तहत उद्यमिता, कौशल विकास और श्रम-प्रधान उद्योगों को रोजगार रणनीति के केंद्र में रखा जाएगा। इसका लक्ष्य रोजगार सृजन को आर्थिक प्रगति का प्रमुख मानक बनाना है और विभिन्न क्षेत्रों में विकेंद्रीकृत आजीविका के अवसरों को मजबूत करना है।

हरीश मेहता ने कहा कि यह मिशन उद्यमियों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों और नियोक्ताओं को सशक्त बनाने का प्रयास है, जिससे अगली पीढ़ी के लिए स्थायी रोजगार उपलब्ध हो सकें। पटेल ने कहा कि स्टार्टअप और लघु उद्योगों का विस्तार महानगरों से बाहर भी जरूरी है, ताकि रोजगार का लाभ छोटे शहरों तक पहुंचे।





#### यह हैं प्रमुख बिंदू

- अगले 10 साल में 10 करोड़ रोजगार का सृजन।
- उद्यमिता और एमएसएमई को बढ़ावा।
- कौशल विकास और श्रम-प्रधान उद्योगों पर फोकस।
- हर साल 1.2 करोड़ लोग कार्यबल में जुड़ रहे हैं।
- रोजगार वृद्धि आर्थिक विस्तार से पीछे।
- एआई और स्वचालन से शुरुआती नौकरियों पर असर।

### अवांसे फाइनेंशियल सर्विसेज ने 1200 करोड़ रुपए जुटाए

**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) अवांसे फाइनेंशियल सर्विसेज ने राइट्स इश्यू के माध्यम से 1200 करोड़ रुपए की पूंजी जुटाई है। यह राशि कंपनी के मौजूदा शेयरधारकों वारबर्ग पिंकस, केदारा कैपिटल और अल्फा इन्वेस्टमेंट कंपनी एलएलसी से प्राप्त हुई है। यह कदम शेयरधारकों के मजबूत भरोसे और विविध वित्तपोषण आधार को दर्शाता है। अवांसे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय शिक्षा क्षेत्र में जोखिम प्रबंधन की सुदृढ़ प्रणाली तथा प्रभावी निष्पादन क्षमताओं के सहारे सतत विकास कर रही है।

## केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव रहे मुख्य अतिथि, भिवाड़ी में औद्योगिक विकास की चुनौतियों और अवसरों पर की चर्चा

# इंफ्रा एंड इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव में विशेषज्ञों ने रखे विचार




पैनल-1 चर्चा के दौरान बातचीत करते (बाएं से दाएं) अश्विनी यादव, सुरेंद्र सिंह चौहान, जसबीर सिंह राणा, अशोक कुमार जैन, नितिन गोयल और संजीव कुमार गर्ग।

**बेधड़क** | जयपुर

फर्स्ट इंडिया न्यूज की ओर से रविवार को भिवाड़ी के आशियाना विलेज स्थित ट्री हाउस होटल में इंफ्रा एंड इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव-2026: अवसर, चुनौतियां और अवाड्र्स का आयोजन किया गया। कॉन्क्लेव में नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत के विशेषज्ञों और राजनीतिक हस्तियों ने राजस्थान के एनसीआर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास और औद्योगिक विकास पर विचार-विमर्श किया। केंद्रीय पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। उनके साथ विशिष्ट अतिथियों में वन मंत्री संजय शर्मा, तिजारा विधायक महंत बालकनाथ योगी व जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर उपस्थित रहे।

कॉन्क्लेव के दौरान फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीएमडी डॉ. जगदीश चंद्र ने कहा कि भूपेंद्र यादव के नेतृत्व में भिवाड़ी 'स्वर्णिम युग' में प्रवेश कर रहा है। वहीं, फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीईओ एंड मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा ने डिजिटल माध्यम से सभी अतिथियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में दो पैनल चर्चाएं हुईं, जिसमें पहला पैनल 'भिवाड़ी में औद्योगिक विकास की चुनौतियां और अवसर' व दूसरा 'राजस्थान एनसीआर औद्योगिक विकास-बाधाएं और भविष्य की रूपरेखा' विषय पर केंद्रित रहा। इस अवसर पर सीनियर एडिटर जिनेंद्र सिंह शेखावत के साथ विशाल माथुर, इमरान खान और अश्विनी यादव उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम संचालन श्वेता मिश्रा अवस्थी ने किया। कार्यक्रम के तहत सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। इसके बाद संगीतमय संध्या में गायक दिनेश गोपी ने प्रस्तुति से अतिथियों का मनोरंजन किया। **'सच बेधड़क'** लेकर आया है कॉन्क्लेव की झलकियां।


कॉन्क्लेव को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव।


केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का गर्मजोशी से स्वागत करते डॉ. जगदीश चंद्र।


संबोधित करते डॉ. जगदीश चंद्र।


भूपेंद्र यादव और महंत बालकनाथ द्वारा अभिषेक तनेजा का सम्मान।


भूपेंद्र यादव और विधायक महंत बालकनाथ की ओर से मोनिका यादव व सुदेश यादव का सम्मान।


भूपेंद्र यादव और महंत बालकनाथ द्वारा मनीष गुप्ता का सम्मान।


भूपेंद्र यादव और महंत बालकनाथ द्वारा साहिल झालानी का सम्मान।


भूपेंद्र यादव और महंत बालकनाथ ने आर.के. मलिक को सम्मानित किया।


भूपेंद्र यादव और महंत बालकनाथ द्वारा शील जैन का सम्मान।


डॉ. जगदीश चंद्र और भूपेंद्र यादव के साथ (बाएं से दाएं) श्वेता मिश्रा अवस्थी, जिनेंद्र सिंह शेखावत, बलबीर छिल्लर, अश्विनी यादव, विधायक महंत बालकनाथ, वन मंत्री संजय शर्मा, विशाल माथुर और इमरान खान।


कार्यक्रम का संचालन करतीं श्वेता मिश्रा अवस्थी।


जिनेंद्र सिंह शेखावत को पौधा भेंट करते इमरान खान।


वन मंत्री संजय शर्मा का सम्मान करते विशाल माथुर।


पैनल-2 चर्चा के दौरान कृष्ण कुमार, एस.के. सिंघल, सरजीत यादव, प्रदीप दायमा और मनोज चाचाण के साथ बातचीत करते अश्विनी यादव।


भूपेंद्र यादव और महंत बालकनाथ ने संतोष यादव को सम्मानित किया।

## नेशनल वुमन फोक आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप

# लोक कला व समाज की भूमिका पर संवाद, विद्यार्थियों ने दिखाई जिज्ञासा

### संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र में विशेषज्ञों ने रखे विचार

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान यूनिवर्सिटी स्थित संविधान पार्क में आयोजित नेशनल वुमन फोक आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप के चौथे दिन जीवंत वातावरण देखने को मिला। टॉक शो और संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भागीदारी करते हुए अपने विचार रखे और विशेषज्ञों से सीधे संवाद किया, जिससे पूरा सत्र ज्ञानवर्धक बन गया। गौरतलब है कि वर्कशॉप का आयोजन फर्स्ट इंडिया न्यूज और राजस्थान सरकार के कला व संस्कृति विभाग की ओर से राजस्थान विश्वविद्यालय के सहयोग से किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन राज्यपाल हरिभाऊ किसानराव बागडे ने किया था। उनके साथ विशिष्ट अतिथियों में फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीईओ व मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा और राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा उपस्थित रहीं थीं। सुहास दत्ता ने बताया कि 'लोक कलाएं व समाज की भूमिका' विषय पर टॉक शो आयोजित किया गया, जिसका संचालन स्वाति वशिष्ठ ने किया। पैनल चर्चा में डॉ. अंशु वर्मा, अमित कल्ला, डॉ. नमिता सोनी और डॉ. अमिता राज शामिल रहे। प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रश्न पूछने के लिए मानव, अंजलि और वैभव को 500-500 रुपए के नकद पुरस्कार दिए गए।



(बाएं से दाएं) डॉ. अंशु वर्मा, अमित कल्ला, मॉडरेटर स्वाति वशिष्ठ, डॉ. नमिता सोनी और डॉ. अमिता राज।


पश्चिम बंगाल की छऊ मास्क कार्यशाला का एक दृश्य।


छऊ मास्क कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी।

### छऊ मुखौटा निर्माण की सीखी बारीकियां

नेशनल वुमन फोक आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप के चौथे दिन विद्यार्थियों के लिए सीख और संस्कृति का सुंदर संगम देखने को मिला। पश्चिम बंगाल की पारंपरिक छऊ मुखौटा निर्माण कार्यशाला में भाग लेते हुए स्टूडेंट्स ने न सिर्फ इस लोक कला की बारीकियों को समझा, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों से आए अनुभवी कारीगरों के अनुभवों से भी रूबरू हुए। हाथों से आकार लेते मुखौटों के बीच कला, परंपरा और विरासत की जीवंत झलक दिखाई दी।

## बच्चों ने अरावली के महत्व को समझाया



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुराइट्स ने विशेष नाट्य प्रस्तुति 'ज्योग्राफी का जलवा' का आनंद लिया और रोमांचित हो उठे। मौका था मालवीय नगर स्थित मालवीय कॉन्वेंट स्कूल के ऑडिटोरियम में मंचित नाटक का। भूगोल पर आधारित इस सरल और रोचक प्रस्तुति में बच्चों ने अपने सशक्त अभिनय के माध्यम से प्रकृति और अरावली पर्वत के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि प्रकृति हमारे जीवन के लिए कितनी आवश्यक है और अरावली पर्वत श्रृंखला पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में किस तरह अहम भूमिका निभाती है। कलाकारों ने मंच से यह भी बताया कि पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। यह प्रस्तुति क्यूरियो के फर्स्ट विंटर फॉलो अप प्रोग्राम के तहत 25 दिसंबर से 4 जनवरी के बीच तैयार की गई। इसमें बच्चों को अभिनय, रंगमंच के विभिन्न एलिमेंट्स, टीम भावना और जियोग्राफी के फंडामेंटल्स से परिचित कराया गया। मंच पर त्रिजल, धृति, ऐश्वर्या, तविश, लक्षित, वरालिका, नमन, मिधान्श, अथर्व, मृत्युंजय, समर्थ और गगन ने अपने अभिनय की बारीकियां दिखाकर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी।

## हरियाली की मिसाल बनी टीम-10 ट्री एंबुलेंस




**बेधड़क, जयपुर।** पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय टीम-10 ट्री एंबुलेंस ने सेवा के साढ़े ग्यारह वर्ष पूरे कर लिए। इस अवसर पर टीम सदस्यों ने एक-दूसरे को बधाई दी और सामूहिक श्रमदान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान टीम के सदस्यों में खासा उत्साह देखने को मिला। बीते साढ़े ग्यारह वर्षों में टीम-10 ट्री एंबुलेंस ने विशेष रूप से विद्याधर नगर क्षेत्र में करीब एक लाख 65 हजार पौधे लगाकर हरियाली बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उल्लेखनीय है कि इस लंबे कार्यकाल में टीम ने एक भी दिन अवकाश नहीं लिया। रोजाना करीब 30 सदस्यों की टीम सुबह 10 बजे तक पौधारोपण, पौधों की देखभाल और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों में जुटी रहती है। टीम-10 ट्री एंबुलेंस हर महीने पांच लाख रुपए से अधिक का खर्च अपने संसाधनों से वहन करती है और अब तक किसी भी प्रकार की सरकारी सहायता नहीं मिली है। टीम-10 ट्री एंबुलेंस के संस्थापक सुशील अग्रवाल ने आमजन से मुहिम से जुड़ने और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग की अपील की है।

## जूनियर्स ने वार्षिक खेल दिवस में दिखाया हुनर





**बेधड़क, जयपुर।** शांति जूनियर्स जयपुर की गांधी पथ, श्याम नगर, मालवीय नगर, पत्रकार कॉलोनी, प्रतापनगर, अम्बाबाड़ी, मानसरोवर और डीसीएम शाखा के बालक-बालिकाओं ने वार्षिक खेल दिवस के अवसर पर उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद खेल और आनंद से भरा माहौल नजर आया। नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए मैंगो रेस, रैबिट रेस, काउ रेस और बलून रेस जैसे आकर्षक खेल आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। इसके साथ ही बच्चों द्वारा पी.टी., मशाल रन और जुम्बा का शानदार प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। खेल दिवस के दौरान अभिभावकों ने भी पूरे उत्साह के साथ बच्चों का हौसला बढ़ाया और उनकी उपलब्धियों पर तालियां बजाईं। कार्यक्रम के समापन पर विकास अग्रवाल ने सभी अभिभावकों और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ब्रायन ग्रुप ऑफ स्कूल्स का वार्षिकोत्सव संपन्न



**बेधड़क, जयपुर।** ब्रायन ग्रुप ऑफ स्कूल्स का 15वां वार्षिक उत्सव बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य और सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत ब्रायन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन भागीरथ प्रसाद जैमन और निदेशक कुलदीप जैमन ने साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर किया। वार्षिक उत्सव के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रमों में देशभक्ति से ओत-प्रोत नृत्य, भारत के विभिन्न प्रांतों के लोकगीत और लोकनृत्य शामिल रहे, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। इस आयोजन में ब्रायन चिल्ड्रेन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्रह्मपुरी, ब्रायन चिल्ड्रेन एकेडमी ब्रह्मपुरी और ब्रायन इंटरनेशनल सीनियर स्कूल जयसिंहपुरा खोर, जयपुर के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

# City इवेंट्स

## ब्लड व कैंसर डे केयर सेंटर का लोकार्पण




**बेधड़क, जयपुर।** नवलगढ़ के राजकीय जिला अस्पताल परिसर में सोमवार को ब्लड सेंटर, दवा वितरण केंद्र और कैंसर डे केयर सेंटर का लोकार्पण किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल रहे। उन्होंने कहा कि स्व. रामेश्वर सैनी और उनकी पत्नी की ओर से जिला अस्पताल के लिए भूमि दान की गई थी, जिस पर आज यह अस्पताल आमजन की सेवा कर रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के साथ-साथ नवलगढ़ में भी विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। भाजपा सरकार ने जिला अस्पताल में रिक्त पदों को भरने का कार्य किया है और शीघ्र ही ट्रॉमा सेंटर भवन का निर्माण शुरू होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका चेयरमैन राजकुमार सैनी ने की। इस अवसर पर पीएमओ डॉ. महेंद्र कुमार सबलानिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि व चिकित्सक उपस्थित रहे। समारोह के दौरान जिला अस्पताल की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में 228 लोगों ने रक्तदान किया।

## शूटर राहुल और अभिषेक का किया स्वागत



**बेधड़क, जयपुर।** चौमूं के अमन टावर स्थित एलीट शूटिंग एकेडमी के शूटरों ने सीनियर (सिविलियन) वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। एकेडमी के शूटर राहुल शेरावत ने व्यक्तिगत स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की, जबकि अभिषेक चौधरी ने राजस्थान टीम की ओर से सीनियर (सिविलियन) कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। कोच सचिन यादव ने बताया कि एकेडमी ने कम समय में नेशनल स्तर के टूर्नामेंट के लिए ऑल इंडिया लेवल के शूटर तैयार किए हैं। चौमूं पहुंचने पर एकेडमी प्रबंधक सुरेश यादव ने दोनों शूटर्स का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## स्नेह मिलन में डॉ. तेजश्री परवाल सम्मानित



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर के बापू नगर नागरिक परिषद सत्संग भवन राधा-कृष्ण मंदिर में स्नेह मिलन और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में करीब 900 लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर कमेटी उपाध्यक्ष डॉ. तेजश्री परवाल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामचरण बोहरा रहे व अतिथि पूर्व विधायक मोहन लाल गुप्ता ने प्रोत्साहित किया। डॉ. परवाल ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान निशुल्क सेवा के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को मानसिक तनाव से मुक्ति दिलाने और स्वस्थ जीवन के लिए परामर्श प्रदान किया गया।

## रवींद्र मंच पर हास्य नाटक की रंगीन प्रस्तुति

# ठहाकों की हेरा-फेरी ने किया लोटपोट खुद की चाल में ही उलझे चालबाज

### व्यापारी और शातिर नौकर की अनोखी ठगी

**बेधड़क** | जयपुर

धूर्त संपत्ति व्यापारी, उसका उतना ही शातिर नौकर और ठगी के अनोखे हथकंडे- इन सबका दिलचस्प और हास्यपूर्ण चित्रण जयपुर के रंगमंच पर देखने को मिला। सरकारी मकानों को अवैध रूप से किराए पर चढ़ाने और भोले-भाले किराएदारों से पैसे ऐंठने की कहानी को कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय से ऐसा रचा कि दर्शक ठहाकों के साथ कहानी में डूबते चले गए। रस रंग मंच संस्था के बैनर तले जयवर्धन लिखित हास्य नाटक 'हेरा-फेरी' का मंचन रवींद्र मंच पर किया गया। नाटक 45 दिवसीय नाट्य कार्यशाला में तैयार हुआ, जिसमें सभी नवागंतुक कलाकारों ने भाग लिया। इसकी परिकल्पना और निर्देशन हिमांशु झांकल ने किया।



### नई किराएदार गीता ने पलटी बाजी

कहानी तब और रंग पकड़ती है, जब दोनों ठग नकली पुलिस अधिकारी बनकर आपात स्थितियों का नाटक करते हुए किराएदारों के बिजली के तार तक काट देते हैं। मगर उनकी चालाकी को कड़ी टक्कर मिलती है नई किराएदार गीता से। तेज तर्रार गीता उनकी साजिश को भांप लेती है और पलटवार करती है। इसके बाद ठगों की योजनाएं उलझनों और गलतियों के जाल में फंसती चली जाती हैं, जिससे एक बेहद मजेदार और चौंकाने वाला क्लाइमेक्स सामने आता है।

### इन्होंने निभाई भूमिका

नाटक में सज्जन के किरदार में उमेश शर्मा, नौकर गुल्लु की भूमिका में हितेंद्र जोशी, नटवर के रूप में देवांग सैनी और गीता के रूप में वीना उधवानी ने प्रभावी अभिनय किया। गुप्ता की भूमिका सचिदानंद मेहरा, कृष्ण कुमार की नरेंद्र जानी, भास्कर की दुष्यंत राजपूत और किन्नर की भूमिका सरोज कलवाड़िया ने निभाई। वस्त्र विन्यास रति महर्षि, कार्यक्रम संयोजन मुकेश वर्मा और रूप सज्जा वर्षा भाटी की रही। दर्शकों ने नाटक की चुस्त पटकथा और कलाकारों के सजीव अभिनय को खूब सराहा।

## एयू जयपुर मैराथन का इवेंट कैलेंडर लॉन्च



**बेधड़क, जयपुर।** एयू जयपुर मैराथन के 17वें संस्करण का इवेंट कैलेंडर होटल संडे इन में लॉन्च किया गया। गौरतलब है कि मैराथन वर्ल्ड ट्रेड पार्क और संस्कृति युवा संस्था की ओर से एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग से आयोजित की जाएगी। आयोजन को राजस्थान पर्यटन विभाग, राजस्थान खेल परिषद और राजस्थान युवा बोर्ड का समर्थन भी मिला है। कैलेंडर लॉन्च के अवसर पर राजस्थान राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा, एयू जयपुर मैराथन सीईओ व इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट निदेशक मुकेश मिश्रा, एयू स्मॉल फाइनेंस से धर्मेंद्र सिंह शेखावत, प्रवीन तिजारिया, रवि गोयनका, ब्रजेश कुमार, अनिल बगड़िया, रवि सिंघल और दीपक शर्मा उपस्थित रहे। चतुर्वेदी ने कहा कि हर कोई एयू जयपुर मैराथन का इंतजार करता है, यही कारण है कि जयपुर स्वास्थ्य और वेलनेस के लिए आगे बढ़ता है। पं. सुरेश मिश्रा ने कहा कि हमारी सोच मैराथन को केवल खेल आयोजन तक सीमित रखने की नहीं है, बल्कि जयपुर की जीवनशैली का हिस्सा बनाना है। मुकेश मिश्रा ने कहा कि मैराथन 2026 अब केवल दौड़ नहीं रही। समग्र फिटनेस आंदोलन के रूप में विकसित हो चुकी है।

## वीजीयू में एजुकेटर्स राउंडटेबल आयोजित



**बेधड़क, जयपुर।** TiE ग्लोबल समिट के अंतर्गत विवेकानंदा ग्लोबल यूनिवर्सिटी (वीजीयू), जयपुर में यूएस–इंडिया एजुकेटर्स राउंडटेबल का आयोजन किया गया। इस सत्र में अमेरिका और भारत के विभिन्न राज्यों से आए 34 प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, अकादमिक लीडर्स और संस्थागत प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। राउंडटेबल का उद्देश्य वैश्विक शिक्षा परिदृश्य में उद्यमिता आधारित सीख, सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में अमिटी यूनिवर्सिटी पंजाब, स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, ग्रामोथान, जागृति यात्रा, वीजीयू, कनोड़िया कॉलेज जयपुर, आईआईएस जयपुर, ह्यूस्टन कम्युनिटी कॉलेज (यूएसए), वॉलनट स्कूल्स, TiE टैम्पा, TiE अटलांटा और TiE U ग्लोबल को-लीड जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की भागीदारी रही। वीजीयू के अध्यक्ष प्रो. एन.डी. माथुर ने सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया। सत्र की अध्यक्षता TiE अटलांटा से डॉ. पॉल लोपेज ने की। इस अवसर पर वीजीयू के क्रेडिट आधारित हैकाथॉन और आइडियाथॉन मॉडल को श्रेष्ठ अभ्यास के रूप में प्रस्तुत किया गया। सत्र को प्रो-प्रेसिडेंट प्रो. डी.वी.एस. भंगवनुलु और फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट की निदेशक मालविका दूड़ी बगड़िया के विचारों ने और सशक्त बनाया।

वर्ष नई पन्ना बदलता है, तो क्षितिज पर आशा का प्रकाश फैलता है।
**डॉ. जगदीश चंद्र,** सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ



**भिवाड़ी में फर्स्ट इंडिया न्यूज का 'इंफ्रा एंड इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव-2026'... विकास के विजन पर मंथन**

# भिवाड़ी विकास के विजनरी प्लान के लिए CM भजनलाल का तहे दिल से आभार: भूपेंद्र यादव

## राजस्थान में भूपेंद्र यादव-भजन लाल शर्मा की जोड़ी अद्भुत, यह कॉम्बिनेशन अलवर के विकास को नई गति देगा: डॉ. जगदीश चंद्र

**बेधड़क** | भिवाड़ी

फर्स्ट इंडिया न्यूज की ओर से रविवार को भिवाड़ी स्थित ट्री हाउस होटल, अशियाना विलेज में इंफ्रा एंड इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव-2026: अवसर, चुनौतियां और अवार्ड्स का आयोजन किया गया। इस कॉन्क्लेव में राजस्थान के एनसीआर क्षेत्र में आधारभूत ढांचे और औद्योगिक विकास से जुड़े मुद्दों पर नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और विषय विशेषज्ञों ने गहन विचार-विमर्श किया।

कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं, राजस्थान सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री संजय शर्मा, तिजारा (अलवर) विधायक महंत बालकनाथ योगी और जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर मौजूद रहे। कॉन्क्लेव का आयोजन फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीएमडी एवं एडिटर-इन-चीफ डॉ. जगदीश चंद्र तथा फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीईओ एवं मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थानों को सम्मानित भी किया गया। इससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई।



*मंच पर आसीन केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव। साथ में फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीएमडी एवं एडिटर-इन-चीफ डॉ. जगदीश चंद्र, वन मंत्री संजय शर्मा, तिजारा विधायक महंत बालकनाथ योगी।*

### भिवाड़ी केवल औद्योगिक नहीं, आध्यात्मिक नगरी भी

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि भिवाड़ी केवल एक औद्योगिक नगरी नहीं है, बल्कि यह बाबा मोहन राम की आध्यात्मिक नगरी भी है। उन्होंने कहा, 'मैं अपने हर कार्य की शुरुआत यहीं से करता हूं। हमारा मानना है कि भिवाड़ी का विकास तभी सार्थक होगा, जब यहां पर्यावरण और प्रकृति का संतुलन बना रहेगा। अरावली की इस धरती पर अनेक संतों ने तपस्या की है, इसलिए विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण हमारी प्राथमिकता है।' उन्होंने बताया कि सांसद के रूप में कार्यभार संभालने के दौरान प्रशासनिक स्तर पर रीको और बिडा के बीच समन्वय की समस्याएं सामने आती थीं। यादव ने कहा कि भिवाड़ी अब केवल एक औद्योगिक शहर नहीं रहा, बल्कि दिल्ली के पास एक शांत, सुविधाजनक और पसंदीदा आवासीय क्षेत्र के रूप में भी उभर चुका है।

### धरातल पर उतरेंगे विकास कार्य

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि भिवाड़ी में रीको, बिडा, हाउसिंग बोर्ड, नगर परिषद, जिला परिषद और केबीएआर जैसी अनेक संस्थाएं कार्यरत हैं, ऐसे में समन्वित विकास के लिए भिवाड़ी डेवलपमेंट अथॉरिटी का गठन आवश्यक था। 'मुझे खुशी है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस विजनरी सुझाव को स्वीकार किया। मैं तहे दिल से मुख्यमंत्री भजन लाल जी का उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण और हमें दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं।' भूपेंद्र यादव ने विश्वास जताया कि बजट घोषणाओं के बाद आने वाले सत्रों में बिडा से जुड़े विकास कार्य धरातल पर तेजी से उतरते हुए नजर आएंगे।




*कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीएमडी एवं एडिटर-इन-चीफ डॉ. जगदीश चंद्र। मंच पर आसीन केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, वन मंत्री संजय शर्मा, तिजारा विधायक महंत बालकनाथ योगी, जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर और सीनियर एडिटर जिनेंद्र सिंह शेखावत।*

### इंफ्रा, स्वास्थ्य व शिक्षा में बड़े बदलाव

अपने संबोधन में भूपेंद्र यादव ने भिवाड़ी और अलवर क्षेत्र में चल रही प्रमुख विकास परियोजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि करहनी क्षेत्र में इंटरनेशनल बायोलॉजिकल पार्क, बाबा मोहन राम नगरवन, आधुनिक गवर्नमेंट हॉस्पिटल, 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक, स्टेडियम का फेज-वन, खैरथल-तिजारा में पॉलिटेक्निक कॉलेज और कन्या महाविद्यालय जैसी परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इसके अलावा एनिकट कार्य, नया बाईपास और भिवाड़ी-नीमराना लिंक रोड क्षेत्र की कनेक्टिविटी को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा भविष्य में नीमराना और बहरोड़ को मिलाकर एक संयुक्त यूआईटी बनाने की सैद्धांतिक स्वीकृति दी जा चुकी है, जिससे पूरे क्षेत्र के संतुलित और सुनियोजित विकास को नई दिशा मिलेगी। कॉन्क्लेव के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश गया कि भिवाड़ी और अलवर क्षेत्र आने वाले वर्षों में औद्योगिक, आवासीय और पर्यावरणीय विकास का नया मॉडल बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### रणनीति से राजनीति करते हैं भूपेंद्र यादव: डॉ. जगदीश चंद्र

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. जगदीश चंद्र ने कहा कि भूपेंद्र यादव भाजपा के उन चुनिंदा नेताओं में हैं, जो रणनीति के साथ राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा, 'सरकार और संगठन दोनों में भूपेंद्र यादव एक भरोसेमंद चेहरा हैं। चुनावी जीत की स्ट्राइक रेट के मामले में पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के बाद उनका नाम प्रमुखता से लिया जाता है।' डॉ. जगदीश चंद्र ने कहा कि भिवाड़ी और अलवर के लिए यह स्वर्णिम काल है। 'आज राजस्थान में भूपेंद्र यादव और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की जोड़ी है। यह कॉम्बिनेशन अद्भुत है। इसका फायदा यह है कि विकास से जुड़ा कोई भी काम सचिवालय में रुकता नहीं है।' डॉ. जगदीश चंद्र ने कहा कि डेढ़ साल में 1400 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्य हुए हैं। ईआरसीपी का पानी, सड़क और रेलवे कनेक्टिविटी, सिक्स लेन सड़कें, रेलवे स्टेशन अपग्रेडेशन और नीमराना-भिवाड़ी में यूआईटी गठन जैसी योजनाएं क्षेत्र का स्वरूप बदल रही हैं।

**बेधड़क FIRST**

### आत्मविश्वास से लबरेज दिखे प्रदेश महामंत्री

बीजेपी के एक प्रदेश महामंत्री उत्साहित और आत्मविश्वास से लबरेज दिखे। उन्हें बीएल संतोष को विदा करने का खास अवसर मिला। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के साथ एयरपोर्ट तक एक वाहन में गए। रास्ते भर महामंत्री ने राष्ट्रीय महामंत्री को अपना परिचय दिया। बीएल संतोष को सम्मानपूर्वक विदा करने के बाद से महामंत्री के हौसले बुलंद, चपल और हाजिरजवाब बने।

### खान विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी पर उठने लगे सवाल

खनन लीजों का नॉन डाइस पीरियड बढ़ाने को लेकर खान विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी पर सवाल उठने लगे हैं। पिछले डेढ़ वर्ष में कई मामलों में निदेशालय स्तर पर नॉन डाइस पीरियड मंजूर किया गया, जबकि इसे राज्य सरकार की मंजूरी से तीन वर्ष तक ही बढ़ाया जा सकता है। नियम उल्लंघन से लीजधारकों ने मुनाफा कमाया, जबकि सरकार को राजस्व का नुकसान हुआ। मामले की जांच के बाद अधिकारियों पर जल्द कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की संभावना है।

### शहरों में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता की होगी जांच

शहरों में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता की व्यापक जांच होगी। स्वायत्त शासन विभाग ने संभाग मुख्यालयों के वरिष्ठ अभियंताओं को आदेश दिए हैं कि 1 जनवरी से 31 मार्च तक सतत निरीक्षण और मैटेरियल सैंपल लेकर रिपोर्ट विभाग को भेजें। प्रत्येक शुक्रवार शाम 5 बजे तक साप्ताहिक रिपोर्ट भेजना अनिवार्य होगा। इसमें केन्द्र की अमृत योजना, स्वच्छ भारत मिशन और 50 लाख से अधिक लागत के विकास कार्य शामिल हैं।

### 2.74 अरब की राजस्व हानि प्रकरण में खनिज अभियंता बर्खास्त

अवैध खनन प्रकरण में राज्य को 2.74 अरब की हानि पहुंचाने के आरोप में तत्कालीन खनिज अभियंता अनिल खिमेसरा को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। सीकर के दो खनन पट्टों में गंभीर अनियमितताएं जांच में प्रमाणित हुईं। नोटिस के बावजूद मांग निर्धारण और पट्टा खंडन नहीं किया गया। राज्यपाल के आदेश और RPSC की सहमति से बर्खास्तगी हुई। सवाल उठता है कि समान आरोपों वाले अन्य अधिकारी अब भी पदों पर क्यों हैं।

### मुख्य न्यायाधीश ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट



*बेधड़क, जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से सोमवार को लोकभवन में राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (कार्यवाहक) संजीव प्रकाश शर्मा ने शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने राज्यपाल से विभिन्न विषयों पर संवाद किया। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।*

**ब्रिटेन के सांसद ने देवनानी से की मुलाकात**

## भारत-ब्रिटेन संसदीय संबंधों को मिला नया आयाम

**बेधड़क** | जयपुर

ब्रिटेन की कंजर्वेटिव पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद बॉब ब्लैकमैन ने सोमवार को राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से विधानसभा परिसर में शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात भारत-ब्रिटेन के बीच संसदीय संवाद और लोकतांत्रिक सहयोग को नई दिशा देने वाली मानी जा रही है। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने ब्रिटिश सांसद का स्वागत करते हुए राजस्थान विधानसभा की कार्यप्रणाली, परंपराओं और नवाचारों की जानकारी दी। ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन ने भारतीय लोकतंत्र और संसदीय परंपराओं की सराहना करते हुए भारत को विश्व का सबसे बड़ा और सशक्त लोकतंत्र बताया।



**CS ने ली PM कुसुम योजना की समीक्षा बैठक**

## कुसुम योजना में राजस्थान अव्वल 1.75 लाख किसान लाभान्वित

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सचिवालय में पीएम कुसुम योजना की समीक्षा बैठक ली। बैठक में योजना के विभिन्न कंपोनेंट्स पर विस्तार से चर्चा हुई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्य सचिव ने मार्च 2026 तक 3000 मेगावाट की कमीशनिंग पूरी करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही, 10 गीगावाट के पावर परचेज एग्रीमेंट (PPA) का लक्ष्य अक्टूबर 2026 तक हासिल करने को कहा। कंपोनेंट सी के लिए केंद्र से वित्तीय सहायता मिलने की जानकारी दी गई। इसके लिए 908 करोड़ रुपए के लंबित क्लेम को समय पर जमा करने के निर्देश जारी किए गए। बैठक में राजस्थान की प्रगति की सराहना की गई। पीएम कुसुम योजना के समग्र कंपोनेंट में राजस्थान ने देश में पहला स्थान हासिल किया है, जबकि कंपोनेंट सी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस योजना से अब तक 1.75 लाख किसान लाभान्वित हो चुके हैं। योजना के तहत 40 हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त निवेश आकर्षित हुआ है। आगे प्रति माह 35 हजार कृषि कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है।



*मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास।*

### कलेक्टर्स से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का नया नियम

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने प्रशासनिक सुधार विभाग के माध्यम से नया आदेश जारी किया है। अब अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अधिकारी कलेक्टर्स के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (VC) केवल बुधवार को ही कर सकेंगे। वीसी का समय शाम 4 से 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। यह आदेश पूर्व मुख्य सचिव सुधांश पंत के 30 सितंबर 2024 के निर्देश में संशोधन है, जिसमें मंगलवार सुबह 10 से 12 बजे तक वीसी की व्यवस्था थी।

## हम्पी स्मारकों का केंद्रीय मंत्री ने किया निरीक्षण

**बेधड़क** | नई दिल्ली

केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को कर्नाटक में हम्पी स्मारकों का दौरा किया और बेहतर संरक्षण, बेहतर सुविधाओं और विश्व स्तरीय आगंतुक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए विरासत स्थल और इसके पर्यटन ढांचे की समीक्षा की। 'एक्स' पर एक पोस्ट में मंत्री ने यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल हम्पी में कुछ स्मारकों की अपनी यात्रा की तस्वीरें साझा कीं और कहा, 'स्मारकों और पर्यटन के बुनियादी ढांचे की गहन समीक्षा के साथ हम्पी की दो दिवसीय यात्रा शुरू की।' शेखावत ने कहा कि उन्होंने रानी के स्नानघर, शाही बाड़े, महानवमी डिब्बा, हजारा राम मंदिर, हाथी अस्तबल और लोटस महल सहित प्रमुख स्मारकों का दौरा किया और उनकी वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। हम्पी का भव्य स्थल विजयनगर के अंतिम महान हिंदू साम्राज्य की अंतिम राजधानी था। साम्राज्य के राजकुमारों ने द्रविड़ मंदिरों और महलों का निर्माण किया, जिसे 14वीं और 16वीं शताब्दी के बीच यात्रियों की प्रशंसा मिली।




**राजस्थान संपर्क पोर्टल बना सरकार-जनसंवाद का भरोसेमंद मंच**

# CM के नेतृत्व में नागरिक समस्याओं का त्वरित समाधान

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेशवासियों की समस्याओं का संवेदनशील और त्वरित समाधान कर रही है।

राजस्थान संपर्क पोर्टल की हेल्पलाइन 181 आमजन और सरकार के बीच संवाद और समाधान का प्रमुख माध्यम बन गई है। यह प्रणाली एक ही प्लेटफार्म पर सरल, पारदर्शी और समयबद्ध राहत का जरिया बनकर उभर रही है। सीएम भजनलाल खुद समय-समय पर कॉल सेंटर पर पहुंचकर आमजन की समस्याओं को सुनते हैं और अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश देते हैं। हेल्पलाइन शिकायतों को संबंधित विभागों तक ऑनलाइन पहुंचाती है और नागरिकों को निरंतर अपडेट व फीडबैक देती है।



### कृषि और जल आपूर्ति में प्रभावी कार्रवाई

भीलवाड़ा जिले के जहाजपुर निवासी श्यामलाल के खेत की बिजली समस्या 26 नवंबर को दर्ज हुई और 28 नवंबर को बिजली आपूर्ति सुचारु हुई। सलूम्बर के बामनिया निवासी महेश कुमार के क्षेत्र में पाइपलाइन टूटने की समस्या 5 दिसंबर को दर्ज हुई और 7 दिसंबर को ठीक करवाई गई। सवाईमाधोपुर के बोली क्षेत्र में 12 अक्टूबर की हैंडपंप समस्या 13 अक्टूबर को हल की गई।

### सफाई और जल आपूर्ति में त्वरित राहत

बीकानेर निवासी गोविंद सिंह की 11 दिसंबर की सफाई शिकायत पर नगरपालिका ने तुरंत कार्रवाई की। अंता, बारां निवासी रवि की नाले की समस्या 2 दिसंबर को दर्ज हुई और उसी दिन निस्तारित हुई।

### आवश्यक दस्तावेज संबंधी समाधान

हनुमानगढ़ निवासी प्रभुराम के जाति प्रमाण पत्र में विलंब की शिकायत 11 अक्टूबर को दर्ज हुई। राजस्व विभाग ने 13 अक्टूबर को प्रमाण पत्र जारी कर समस्या का समाधान किया। कोटा निवासी शिवानी रजत के जनआधार में आय प्रमाण पत्र अपडेट न होने की समस्या 25 नवंबर को दर्ज की गई और 28 नवंबर को आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा समाधान किया गया।

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्र, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।